

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कन्या सैनिक स्कूल का उद्घाटन किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 02 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

**फास्ट न्यूज**

## कोरोना के मामलों में नहीं आ रही कमी, तीन की मौत

**नई दिल्ली:** देश में कोरोना के मामलों में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, आज फिर भारत में 636 नए कोरोना के मामले सामने आए हैं।
**एक्टिव केस बढ़े:** बता दें कि बीते दिन कोरोना के 841 मामले सामने आए थे, लेकिन एक्टिव केस में बढ़ोतरी जारी है। एक्टिव केस अब बढ़कर 4,394 हो गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटों में तीन मौतें दर्ज की गई है। दो केरल में और एक तमिलनाडु में ये मौतें दर्ज की गई।

## बढ़ सकता है चार फीसदी डीए

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार में आठवें वेतन आयोग को लेकर विभिन्न कर्मचारी संगठन, आंदोलन की राह पर जा सकते हैं। पिछले साल की दूसरी छमाही में केंद्र सरकार ने अपने कर्मियों के महंगाई भत्ते में चार फीसदी की बढ़ोतरी की थी। उसके बाद महंगाई भत्ता यानी 'डीए' की दर 42 से बढ़कर 46 फीसदी हो गई थी। अब पहली जनवरी 2024 से सरकारी कर्मियों के महंगाई भत्ते में 4 से 5 फीसदी बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है। स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद (जेसीएम) के सदस्य और अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ (एआईडीईएफ) के महासचिव सी. श्रीकुमार का कहना है, कर्मियों के डीए की मौजूदा दर 46 फीसदी है। जनवरी 2024 से जब इस दर में चार या पांच फीसदी की बढ़ोतरी होगी, तो वह आंकड़ा 50 फीसदी या उसके पार हो जाएगा। तब केंद्र सरकार के समक्ष, दमदार तरीके से 8वें वेतन आयोग के गठन का प्रस्ताव रखा जाएगा। इसके लिए कर्मचारी संगठन, हल्लाबोल करने से गुरेज नहीं करेंगे।

## फॉग की लेयर में लिपटा उत्तर भारत

**नई दिल्ली:** दिसंबर का महीना खत्म हो चुका है और नए साल की शुरूआत हो चुकी है। जनवरी के पहले दिन ही मौसम विभाग की ओर से सैटेलाइट तस्वीर जारी गई है। पूरे उत्तर भारत पर कोहरे के परत नजर आ रही है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिन में लोगों को भीषण ठंड और घने कोहरे का सामना करना पड़ सकता है।


# पीएम मोदी ने जनता से मांगा फीडबैक

### अपने कार्यकाल के पिछले 10 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में भारत द्वारा हासिल की गई प्रगति पर लोगों की प्रतिक्रिया मांगी

**सर्वे**

**8 नमो ऐप पर जन मन सर्वेक्षण के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया सीधे मेरे साथ साझा करें!**






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश में जल्द** ही लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने वाला है। ऐसे में राजनीतिक गलियारों में सरगर्मियां तेज हो गई हैं। जहां विपक्षी दल भाजपा का पत्ता काटने के लिए एकजुट हुआ है, वहीं, भाजपा हैट्रिक मारने की तैयारी कर रही है। इसी बीच, जनता के मन का हाल जानने के लिए एक सर्वे शुरू किया था। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अपने कार्यकाल के पिछले 10 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में भारत द्वारा हासिल की गई प्रगति पर लोगों की प्रतिक्रिया मांगी है।
**नमो ऐप पर चल रहा सर्वे:** लोकसभा चुनाव से कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'नमो' ऐप पर एक सर्वे शुरू किया था। इसमें उनकी सरकार और सांसदों के प्रदर्शन के बारे में लोगों की राय भी शामिल थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा, "पिछले 10 सालों में विभिन्न क्षेत्रों में भारत द्वारा हासिल की गई प्रगति के बारे में आप क्या सोचते हैं? नमो ऐप पर जन मन सर्वेक्षण के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया सीधे मेरे साथ साझा करें!" पीएम मोदी ने सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए लिंक भी शेयर किया है।
**सांसद और कार्यों के बारे में दे सकते हैं राय:** 'जन मन सर्वेक्षण' में शासन और नेतृत्व के विभिन्न पहलुओं पर लोगों की प्रतिक्रिया मांगी जा रही है और इसके सवालों में केंद्रीय स्तर के विकास और निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित विशिष्टताएं शामिल हैं।

## भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति या संगठन को तुरंत विफल कर दिया जाएगा: गृह मंत्री अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की अगुआई और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में आतंकवाद से मुक्त भारत के निर्माण के लिए जोर-शोर से काम किया जा रहा है। मोदी और शाह की सफल जोड़ी ने जहाँ धारा 370 को हटाकर हमेशा के लिए जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा बना दिया और पूरे भारत में एक विधान, एक निशान तथा एक प्रधान का सपना साकार कर दिया, वहीं कुछ संगठन हैं जो जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने और इस्लामिक शासन स्थापित करने की गतिविधियों में शामिल हैं। गृह मंत्री अमित शाह की नीतियों के तहत 31 दिसंबर, 2023 को गृह



मंत्रालत द्वारा कश्मीरी अलगाववादी पार्टी 'तहरीक-ए-हुर्रियत' को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया गया है। 'तहरीक-ए-हुर्रियत' को यूएपीए के तहत एक 'गैरकानूनी संगठन' घोषित किया गया है। यह संगठन आतंकवादी गतिविधियों के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए भारत विरोधी प्रचार फैलाने का काम कर रहा था। अलगाववाद को बढ़ावा देने तथा इस्लामिक शासन को स्थापित करने की कोशिश करने वाला वाला 'तहरीक-ए-हुर्रियत' आतंकी गतिविधियों में शामिल था और उसका मकसद जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करना था। दरअसल, सुरक्षित और समृद्ध भारत के निर्माण में जुटे अमित शाह के जरिए 'तहरीक-ए-हुर्रियत' पर ऐसे समय में कार्रवाई की गई है, जब कुछ दिनों पहले ही घाटी के एक और संगठन को बैन किया गया था।

## जे & के: शाह करेंगे उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक

**जम्मू:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में मंगलवार को जम्मू-कश्मीर पर उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर सकते हैं, जिसमें कानून व्यवस्था की स्थिति और सुरक्षा ग्रिड और जीरो टेरर (शून्य आतंक) योजना जैसे मुद्दों पर मंथन होगा।
बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्य सचिव अटल डुल्लू और पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन मौजूद रहेंगे। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला मौजूद रहेंगे। , इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और सीमा सुरक्षा बल के पुलिस महानिदेशकों के अलावा गृह मंत्रालय और जम्मू के संबंधित अधिकारी भी शामिल होंगे। केंद्र ने औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 28,400 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 2021 में जम्मू और कश्मीर के औद्योगिक विकास के लिए एक नई केंद्रीय क्षेत्र योजना अधिसूचित की थी।

# लंदन: उच्चायोगों पर हमलों को लेकर एनआईए की कार्रवाई





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने इस वर्ष ओटावा और लंदन में भारतीय उच्चायोगों और सैन फ्रांसिस्को में महावाणिज्य दूतावास पर हमलों के पीछे संदिग्धों की पहचान करने के लिए कई छापेमारी कीं। एजेंसी ने जांच के कई नवीन तरीकों का उपयोग करते हुए इन हमलों के पीछे 43 संदिग्धों की पहचान की। एनआईए ने इस वर्ष आतंकी नेटवर्क के विरुद्ध अपनी कार्रवाई के दौरान 68 मामले दर्ज करने के बाद एक हजार से अधिक छापे मारे और 625 आरोपितों को गिरफ्तार किया। एजेंसी ने 74 आरोपितों को सजा दिलवाकर 94.70 प्रतिशत की सजा दर भी हासिल की।
एनआईए प्रवक्ता ने बताया, ओटावा व लंदन में भारत के उच्चायोगों के साथ-साथ सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास पर हमले भी वर्ष के दौरान विदेश में भारतीय हितों के विरुद्ध अपराधों में एनआईए की कार्रवाइयों का


**पहचान**

**8 एजेंसी ने जांच के कई नवीन तरीकों का उपयोग करते हुए इन हमलों के पीछे 43 संदिग्धों की पहचान की**

केंद्र बिंदु बने रहे। विदेश में भारतीय मिशनों पर हमलों के पीछे की साजिश को उजागर करने के एजेंसी के प्रयासों के तहत 50 से अधिक छापे और तलाशी की कार्रवाई की गईं।
**80 से अधिक लोगों से हुई पूछताछ:** उन्होंने कहा कि एनआईए ने साजिश का हिस्सा होने के संदेह में भारत में 80 से अधिक लोगों से पूछताछ की। अधिकारी ने कहा कि अर्श डाला और रिंदा सहित भारत के पांच मोस्ट वांटेड को आतंकियों के रूप में सूचीबद्ध करने के अलावा एनआईए के प्रस्ताव पर केंद्र सरकार ने 2023 में चार आतंकी संगठनों पर प्रतिबंध लगाया।

# इसरो ने एक्सपो सैटेलाइट की लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इसरो ने अं**तरिक्ष में एक बार फिर नया इतिहास रचा। इसरो ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। इस सैटेलाइट के लॉन्च से भारत को अंतरिक्ष की कई अहम जानकारियां मिलने वाली हैं।
ये है इस मिशन की खासियत
इस मिशन की खासियत ये है कि ढङ्ग सैटेलाइट से इसरो अंतरिक्ष से आने वाले एक्स-रे स्त्रोत का पता लगा सकेगा। ये एक्स रे किस आकाशीय पिंड से आ रही है, इसके बारे में भी जानकारी



मिलेगी। इसी के साथ 'ब्लैक होल' की रहस्यमयी दुनिया का अध्ययन करने में मदद करेगा। वहीं, न्यूट्रॉन सितारे (तारे में विस्फोट के बाद के बचे हिस्से), आकाशगंगा में मौजूद नाभिक को समझने में मदद मिलेगी।
**अमेरिका के बाद दूसरा देश बना भारत:** एक्स रे रहस्यों का पता लगाने के साथ ब्लैक होल

**सफलतापूर्वक**

**8 ये ब्लैक होल की रहस्यमयी दुनिया का अध्ययन करने में मदद करेगा, भारत को अंतरिक्ष की कई जानकारियां मिलीं**

की जानकारी इकट्ठा करने के लिए इसरो ने एक्सपो सैटेलाइट को लॉन्च किया है। यह मिशन पांच साल का होगा। इससे पहले अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा ये काम कर चुकी है। दिसंबर 2021 में नासा ने ये अध्ययन किया था।

## बिहार में भी आएगा राम राज्य...'

**पटना।** बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि वंशवादी भ्रष्टाचारी लोग दीपावली तब मनाएंगे, जब उन्हें फिर से देश का खजाना लूटने का मौका मिलेगा... बिहार में भी रामराज्य आएगा। ये लोग अब बाहर नहीं अंदर रहेंगे। बता दें कि बिहार सरकार में मंत्री तेज प्रताप यादव ने सोमवार को कहा था कि जब केंद्र में आईएनडीआई महागठबंधन का झंडा लहराएगा तभी राम घर आएंगे। वह 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दीपोत्सव मनाने का आह्वान करने के सवाल पर प्रतिक्रिया दे रहे थे।

# गैंगस्टर गोल्डी बराड़ को गृह मंत्रालय ने घोषित किया आतंकी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली। केंद्र** सरकार ने सोमवार को गैंगस्टर गोल्डी बराड़ को कड़े गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत आतंकवादी घोषित कर दिया है।
केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में बताया कि गोल्डी बरार प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा है, जो भारत विरोधी गतिविधियों के लिए जाना जाता है।



**सिद्धू मूसेवाला की हत्या का था मुख्य आरोपी:** कनाडा स्थित आतंकवादी ने 2022 में पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या की भी जिम्मेदारी ली थी। मूसेवाला की मई 2022 में पंजाब के मनसा जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाद में, पुलिस ने बराड़ को हत्या के पीछे का मास्टरमाइंड बताया।
**गृह मंत्रालय ने दी जानकारी:** गृह मंत्रालय ने कहा कि गोल्डी बराड़ सीमा पार से ड्रोन के माध्यम से उच्च श्रेणी के हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री की तस्करी करने और हत्याओं को अंजाम देने के लिए शार्प शूटरों को आपूर्ति करने में शामिल था।

# भारत और पाक ने एक दूसरे को बताए अपने परमाणु ठिकाने

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** और पाकिस्तान ने एक दूसरे को अपने परमाणु ठिकानों की सूचना साझा की है। दरअसल, दोनों देशों ने तीन दशक से अधिक समय से जारी अभ्यास को जारी रखा है।
**दोनों में हो रखा समझौता:**
भारत और पाकिस्तान ने सोमवार को एक द्विपक्षीय समझौते के तहत अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया। दोनों देशों के बीच हुआ यह समझौता एक-दूसरे के परमाणु हथियारों पर हमला करने से रोकता है।
विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि सूची का आदान-प्रदान परमाणु प्रतिष्ठानों और



सुविधाओं के खिलाफ हमला रोकने के एक समझौते के प्रावधानों के तहत हुआ।
**विदेश मंत्रालय का आया बयान:** विदेश मंत्रालय ने कहा कि ये नई दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक चैनलों के माध्यम से एक साथ ये सूचना साझा की गई। भारत और पाकिस्तान ने आज राजनयिक चैनलों के माध्यम से नई दिल्ली और इस्लामाबाद में एक साथ परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं की सूची का आदान-प्रदान किया, जो भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं के खिलाफ हमले को रोकने के लिए हुए समझौते के तहत हुआ।

# जापान में आया 7.5 तीव्रता का भूकंप, टकराई सुनामी की लहरें

**टीम एक्शन इंडिया/टोक्यो**
**नए** साल पर जापान से एक चिंता करने वाली खबर सामने आ रही है। यहां 7.5 तीव्रता का एक शक्तिशाली भूकंप आया, जिसके बाद कई झटके महसूस किए गए। इससे देश के पश्चिमी तट के एक बड़े हिस्से में सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। हालांकि, यह भी जानकारी सामने आई है कि इशिकावा प्रांत के वाजिमा शहर में 1.2 मीटर की सुनामी की लहर टकरा गई है। फिलहाल, किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन अधिकारियों को

## लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने के लिए कहा गया

**कोस्टल** एरिया में रहने वाले लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने के लिए कहा गया है। हवाई स्थित प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा है कि जापान तट पर भूकंप के केंद्र के 300 किलोमीटर के दायरे में खतरनाक सुनामी लहरें उठने की आशंका है। शाम चार



बजकर 10 मिनट पर 7.6 तीव्रता का भूकंप, चार बजकर 18 मिनट पर 6.1 तीव्रता का भूकंप, चार बजकर 23 मिनट पर 4.5 तीव्रता का भूकंप, चार बजकर 29 मिनट पर 4.6 तीव्रता का भूकंप और चार बजकर 32 मिनट पर 4.8 तीव्रता का भूकंप आया।

तत्काल लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के आदेश दिए गए हैं। इस बीच, जापान ने इशिकावा, निगाता और तोयामा, नागानो प्रान्तों के लिए एक और भूकंप की चेतावनी जारी की है। वहीं, सोशल मीडिया पर तोयामा शहर में आई सुनामी का वीडियो वायरल हो रहा है। हालांकि अभी यह नहीं कहा जा सकता है कि यह वीडियो अभी की है या पहले कभी की। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, इशिकावा प्रांत के वाजिमा बंदरगाह पर 1.2 मीटर की ऊंचाई तक ऊंची लहरें देखी गईं। एक रिपोर्ट के अनुसार, सुनामी की चेतावनी के बाद लोगों से इशिकावा, निगाता, तोयामा और यामागाता प्रान्तों के तटीय क्षेत्रों को जल्द से जल्द छोड़ने का आग्रह किया गया है। कहा जा रहा है कि पांच मीटर (16 फीट) ऊंची लहरें उठ सकती हैं।

## '...आस्था का भोंडा प्रदर्शन'

**पटना:** लालू यादव के आवास के सामने मंदिर को लेकर विवादित पोस्टर के बाद बिहार की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। इस बीच राजद से राज्यसभा सांसद मनोज झा ने राम मदिंर और आस्था से जुडे.विषय पर राजद का स्टैंड क्या है, यह साफ किया है। राजद का पक्ष एकदम स्पष्ट है, सर्वधर्म समभाव सबके बीच में समन्वय, लेकिन मेरी आस्था मेरी निजी चीज है। इसका सार्वजनिक और भोंडा प्रदर्शन भगवान को भी परेशान करेगा।

**नववर्ष पर जश्न** रिकॉर्ड श्रद्धालु पहुंचे वैष्णो देवी, उत्तराखंड के सभी पर्यटक स्थल पैक

# लाल चौक से मनाली तक पर्यटकों से पटे पहाड़...

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नए** साल के स्वागत में पहाड़ पर्यटकों से पट गए हैं। जम्मू-कश्मीर में देशभर से पर्यटकों से लेकर मां वैष्णो देवी का आशीर्वाद लेने श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक पर नए साल का जश्न मनाने के लिए पहली बार आम लोगों से लेकर पर्यटकों की भारी भीड़ रही।
उत्तराखंड के मसूरी, धनोल्टी, कौसानी, औली, लैंसडोन, काणाताल, अल्मोड़ा और रानीखेत में बड़ी संख्या में सैलानी नए साल का जश्न मनाने के लिए पहुंच चुके हैं। हालांकि नैनीताल में उम्मीद के



मुताबिक पर्यटक नहीं पहुंचे हैं। वहीं, हिमाचल प्रदेश के पर्यटनस्थलों में पिछले दो दिन में 3.75 लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे।
**रिकार्ड श्रद्धालु पहुंचे वैष्णो देवी:** नववर्ष पर मां वैष्णो देवी का आशीर्वाद लेने के लिए कटड़ा से मां वैष्णो देवी का दरबार श्रद्धालुओं से

**जश्न**

**8 कश्मरी के इतिहास में यह पहली बार जब लाल चौक पर में नववर्ष के अवसर पर विशाल समारोह हुआ**

गुलजार है। शाम साढ़े सात बजे तक 42 हजार श्रद्धालु पंजीकरण करवा भवन की ओर रवाना हो चुके थे। इसके बावजूद पंजीकरण काउंटरों पर लंबी लाइन लगी रही। भीड़ को देखते हुए श्राइन बोर्ड प्रशासन द्वारा शाम साढ़े सात बजे पंजीकरण केंद्र बंद कर दिए गए। कटड़ा में 20 से 25 हजार श्रद्धालु यात्रा पंजीकरण केंद्र खुलने का इंतजार कर रहे हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष एक लाख 94 हजार से अधिक श्रद्धालु हाजिरी लगा चुके हैं। पिछले वर्ष 93,23,647 श्रद्धालु मां के दरबार में पहुंचे थे। वहीं, इस वर्ष 95 लाख 20 हजार श्रद्धालु मां के दरबार पहुंचे।
**लाल चौक पर पहली बार नववर्ष का जश्न :** कश्मरी के इतिहास में यह पहली बार है कि जब लाल चौक जैसे सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील इलाके में नववर्ष के अवसर पर विशाल समारोह हुआ।

# असम के लोगों को सुरक्षित करने के लिए बनाया गया यूएपीए समझौता: सरमा

**टीम एक्शन इंडिया/गुवाहाटी।**
**असम के** मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को कहा कि उल्फा समझौता असम के लोगों को सुरक्षित करने के लिए बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इस समझौते के माध्यम से राज्य में लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। गुवाहाटी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, 'मैं इसके लिए पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद देता हूं। हमने असम के लोगों को सुरक्षित करने के लिए इस समझौते का साधन



बनाया। मैं राज्य के स्वदेशी लोगों के राजनीतिक अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए उल्फा के वार्ता समर्थक गुट को धन्यवाद देता हूं।'
**आतंकवाद को खत्म करने के लिए उठाए कड़े कदम:** असम के मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि उनके कार्यकाल में उनकी सरकार ने राज्य में आतंकवाद को कम करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। 2023 में कुल दो शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

**समझौता**

**8 हमने असम के लोगों को सुरक्षित करने के लिए इस समझौते का साधन बनाया: मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा**

# मेट्रो स्टेशन पर जान देने वाले युवक की हैरान करने वाली दास्तां

**वारदात**

8 दोनों जिलों की पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है

**टीम एक्शन इंडिया/ गाजियाबाद।** गाजियाबाद के कौशांबी मेट्रो स्टेशन से कूदकर एक युवक ने जान दे दी। इसके पहले आरोपी ने गुरुग्राम में अपनी पत्नी की ब्लेड से ताबड़तोड़ वारकर हत्या कर दी थी। वारदात के बाद आरोपी पति वहां से फरार होकर गाजियाबाद आ गया था। दोनों जिलों की पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। गुरुग्राम पुलिस के अनुसार, जिले के डीएलएफ फेस तीन थाना क्षेत्र में ब्लेड से वारकर महिला की हत्या की गई। आरोपी पति पर हत्या का आरोप लगा है। पुलिस ने बताया कि महिला आगरा की रहने वाली है। वह अपने परिवार के साथ छह महीने पहले ही डीएलएफ फेस तीन के एस ब्लॉक में रहने आई थी।




**महिला के शरीर पर ब्लेड के निशान**

महिला के शरीर पर ब्लेड से काटने के निशान पाए गए। उसके मोबाइल फोन को टॉयलेट सीट में डाल दिया गया है। महिला की पहचान 23 वर्षीय लक्ष्मी के रूप में हुई है। थाना पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि फरार चल रहे पति ने भी गाजियाबाद के कौशांबी में आत्महत्या कर ली। पुलिस को आशंका है कि महिला की हत्या किसी धारदार हथियार से की गई है। उसका पति, जिस पर उसकी हत्या करने का संदेह है, वह फरार है। अधिकारी ने बताया कि जब दरवाजा तोड़ा गया तो देखा कि महिला खून से लथपथ थी और उसका बच्चा उसके शव के पास बैठा रो रहा था। हत्या के पीछे का कारण जल्द ही स्पष्ट हो जाएगा।

**गाजियाबाद में की आत्महत्या**

आरोपी पति गौरव ने गाजियाबाद के कौशांबी थाना क्षेत्र के कौशांबी मेट्रो स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से सोमवार सुबह करीब 11 बजे नीचे कूदकर आत्महत्या कर ली। आरोपी भी आगरा का रहने वाला था। सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही हैं।

# सीमा हैदर के घर आने वाला है नन्हा मेहमान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली। नेपाल के रास्ते** पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर 2023 में खूब चर्चा में रहीं। सीमा हैदर के साथ-साथ भारत में उसके पति सचिन मीना और उसके परिवारवाले भी चर्चा में बने रहे। अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने पर सीमा हैदर और सचिन मीना के घरवालों से सुरक्षा एजेंसियों ने कई बार पूछताछ की।

**फिर सुर्खियों में आईं सीमा हैदर:** अब 2024 के पहले ही दिन प्रेग्नेंसी को लेकर सीमा हैदर फिर से चर्चा में आ गईं हैं। फिलहाल वह अभी पति



सचिन मीना के साथ ग्रेटर नोएडा में रह रहीं हैं। जानकारी सामने आ रही है कि सीमा हैदर जल्द ही पति सचिन मीना के बच्चे की मां बनने वाली हैं। यह जानकारी खुद सीमा हैदर ने दी है।

**मिठाई भी खिलाएंगे- सीमा:** पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर ने एक न्यूज चैनल से बातचीत में बताया कि वह 2024 में खुशखबरी देने वाली हैं। खुशखबरी के सवाल पर सीमा ने कहा कि बिल्कुल खुशियां आएंगी, मिठाई भी आपको खिलाएंगे। आगे उन्होंने कहा कि 2024 में इनका (सचिन) जन्मदिन भी है। अच्छा रहेगा कि किसी और का भी जन्म हो जाए।

**साथ लेकर आई थी 4 बच्चे:** इसके बाद खुशखबरी के समय पर सीमा ने कहा कि बहुत जल्द मिलेगी।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **सुषमा बिष्ट**, पुत्री आनंद बिष्ट, निवासी फ्लैट नं. 357, पॉकेट 5, सेक्टर 2, रोहिणी, दिल्ली, ने **एफआईआर नंबर 879/2015, धारा 420/467/471/201/506/120बी आईपीसी, पुलिस थाना दक्षिण रोहिणी, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुषमा बिष्ट**, मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **सुषमा बिष्ट**, फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है की उक्त अभियुक्त **सुषमा बिष्ट**, केस **एफआईआर नंबर 879/2015, धारा 420/467/471/201/506/120बी आईपीसी, पुलिस थाना दक्षिण रोहिणी, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.02.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**रितिका कंसल,**
महानगर दण्डाधिकारी,
कमरा नं. 208,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15200/RD/202
(Court Matter)



## गुमशुदा की तलाश



नीता

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **नीता, पुत्री सरवन**, पता मकान सं. एल–372, गली नं 4, सुंदर नगरी, दिल्ली जो दिनांक 14.12.2023 सुबह 11.30 बजे से अपने घर से लापता है। इस संदर्भ में **डीडी सं. 79ए दिनांक 15.12.2023** थाना नन्द नगरी, दिल्ली में गुमशुदगी दर्ज है।

गुमशुदा लड़की का ब्यौरा इस प्रकार है :

**नाम** : नीता, **पिता का नाम** : सरवन, **उम्र** : 23 साल, **कद** : 5 फुट, **रंग** : गेंहुआ, **चेहरा** : गोल, **शरीर** : पतला, **पहनावा** : आसमानी व सफेद रंग का सूट, लाल–नीला दुपट्टा, गाजरी रंग की जर्सी व पैरों में लाल रंग का प्लास्टिक चप्पल पहने हुए है।

अगर किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाइट : http://cbi.nic.in
ई–मेल : cic@cbi.gov.in
फैक्स : 011-24368639
फोन : 011-24368638, 24368641
एक्सटेंशन : 2101

थानाध्यक्ष
थाना : नन्द नगरी, दिल्ली
फोन: 011-22137761
8750870730

DP/14992/NE/2023



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr. P.C देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त व्यक्ति **अनीश शेख** पुत्र मो. अंसार शेख निवासी मकान नं. ए–233, टीसी कैम्प, बिहारी कैम्प, आनंद पर्वत, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 267/2020 धारा 188 भा.द.सं.** थाना पटेल नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अनीश शेख** मिल नहीं रहा है और समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अनीश शेख** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा करते हुए अभियुक्त **अनीश शेख** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या (मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 03.02.2024** को या उसके पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री रूबी नीरज कुमार,**
अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट, पश्चिम
कमरा नं 145, प्रथम तल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/15100/CD/2023
(Court Notice)



## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



आशा देवी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम **आशा देवी पत्नी श्री हरीराम** निवासी बी–83 जे. के पॉकेट दिलशाद गार्डन दिल्ली जो अपने घर से **दिनांक 10.12.2023** से लापता/अपहृत है। इस बाबत **DD No. 30A दिनांक 13.12.2023 थाना: नन्द नगरी, दिल्ली** में दर्ज है। इस महिला का शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है।

**उम्र**- 60 वर्ष, **रंग**- गोरा, **कद**- 5'5", **चेहरा**: लम्बा, **पहनावा**- ब्लू रंग की सूट सलवार पहने है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस महिला का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी व्यक्ति को इस महिला के बारे में कोई जानकारी मिले तो **थाना: नन्द नगरी, दिल्ली** निम्नलिखित ई-मेल: cic@cbi.gov.in और वेबसाइट http://cbi.nic.in पर सूचित करें।

फोन : 011-24368638, 24368641
फैक्स नं.: 011-24368639
DP/14428/NE/2023

हस्ता/- थानाध्यक्ष
नन्द नगरी, दिल्ली
फोन :011-22583307


# समोसा खाते ही अस्पताल पहुंचे डिग्री कॉलेज के 40 शिक्षक, फूड पॉइजनिंग का हुए शिकार

**स्वास्थ्य केंद्र**

8 अपना उपचार करने के लिए सभी लोग कस्बा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचे

**टीम एक्शन इंडिया/ दनकौर।** दनकौर कस्बे में नववर्ष पर समोसा पार्टी कर रहे डिग्री कॉलेज के करीब 40 अध्यापक फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए हैं। अपना उपचार करने के लिए सभी लोग कस्बा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचे, जहां से उन्हें जिम्स हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया गया है। कॉलेज के प्राचार्य द्वारा आरोपित हलवाई के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं खाद्य विभाग असिस्टेंट कमिश्नर अर्चना सिंह का कहना है की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है। कस्बा स्थित श्री गुरु द्रोणाचार्य डिग्री कॉलेज के प्राचार्य गिरीश कुमार वत्स ने बताया कि सोमवार को नववर्ष के उपलक्ष में कॉलेज में समोसा पार्टी का आयोजन किया गया था।

**समोसे में जहरीले जीव निकलने का आरोप**

कस्बा स्थित एक दुकान से 40 समोसे समेत अन्य सामान मंगाया गया था। आरोप है कि समोसा खाने के बाद कॉलेज के करीब 40 अध्यापक फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए हैं। उन्होंने बताया कि समोसे में जहरीले जीव निकलने के कारण ही सभी लोग बीमार हुए हैं। प्राथमिक उपचार के लिए सभी अध्यापकों को कस्बा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें जिम्स अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। वहीं खाद्य विभाग की असिस्टेंट कमिश्नर अर्चना सिंह का कहना है कि मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है। दुकान से सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा जाएगा।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

ए–15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली– 33
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली में ठंड से राहत के साथ हुई नए साल की शुरूआत

## तेज हवा के असर से आईजीआई एयरपोर्ट पर सुबह सात बजे दृश्यता का स्तर 1100 मीटर तक दर्ज किया गया

**तापमान**

**8 दिल्ली का न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम 10.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
नए साल के पहले दिन सोमवार को दिल्ली में सुबह का तापमान बढ़ा तो दृश्यता के स्तर में भी सुधार देखने को मिला। दूसरी तरफ मौसम विभाग ने कोल्ड डे रहने की संभावना जताई है। सोमवार सुबह दिल्ली का न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम 10.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

**1100 मीटर दर्ज किया गया विजिबिलिटी का स्तर:** वहीं तेज हवा के असर से आईजीआई एयरपोर्ट पर सुबह सात बजे दृश्यता का स्तर 1100 मीटर तक दर्ज किया गया। इसके बाद इसमें लगातार सुधार होता गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, बीच बीच में धूप भी खिली रहेगी, लेकिन हवाओं के असर से कोल्ड डे के हालात बने रहेंगे।

**हवा की गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में बरकरार:** अधिकतम तापमान 16 डिग्री रह सकता है। उधर नए साल के पहले दिन भी दिल्ली वासियों को प्रदूषित हवा से निजात नहीं मिली।





### कंझावला जैसी घटना रोकने के लिए दिल्ली में सुरक्षा-व्यवस्था रही मुस्तैद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**साल के** जश्न के बीच राजधानी दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर दिल्ली पुलिस के साथ-साथ पैरा मिलिट्री फोर्सेस जगह-जगह तैनात की गई थी। इस दौरान दिल्ली पुलिस ने कनॉट प्लेस में फ्लैग मार्च भी किया। कंझावला रोड पर चप्पे चप्पे पर पुलिस को तैनात किया गया है। इसी रोड पर पिछले साल अंजलि को कार से घसीटकर आरोपी ले गए थे, जिसमें उसकी मौत हो गई थी। नई दिल्ली जिले के एडिशनल डीसीपी रविकांत कुमार ने कहा- कनॉट प्लेस के भीड़भाड़ वाले इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। फोर्स को स्थिति से निपटने के बारे में जानकारी दी गई है। किसी अनहोनी से बचने के लिए इनर और आउटर सर्कल में फोर्स तैनात की गई है। इन जगहों पर वाहनों की जांच की जा रही है और हम एल्कोमीटर का भी उपयोग कर रहे हैं। नोएडा-ग्रेटर नोएडा में धारा 144 लागू एनसीआर में भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे। नोएडा-ग्रेटर नोएडा में धारा 144 लागू की गई है। रेस्तरां के साथ ही धार्मिक स्थलों मंदिरों, गुरुद्वारों और चर्च आदि स्थलों पर नववर्ष के हिसाब से तैयारी की गई।

### सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठंड, कोहरे से राहत

**सुबह नौ** बजे दिल्ली का एक्यूआई 356 दर्ज किया गया जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। दिल्ली से सटे फरीदाबाद में सोमवार सुबह वातावरण में कोहरे से राहत देखने को मिली। वहीं सर्द हवाओं ने ठंड का अहसास कराया। यह ठंड गेहूं की फसल के लिए काफी अच्छी है। फसल में फुटाव देना शुरू कर दिया है। किसान यूरिया खाद डालकर सिंचाई करने में व्यस्त हैं।

अगले 15 दिन यदि ऐसी ही ठंड रही तो रबी की फसल काफी अच्छी हो जाएगी। कोहरा न होने के कारण सरसों पैदा करने वाले किसान भी खासे प्रसन्न हैं। क्योंकि सरसों में फूल और फली चल रही है।

# दिल्ली के बड़े हिस्से में पानी की सप्लाई बाधित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**यमुना में अमोनिया** की मात्रा बढ़ने से दिल्ली के कई हिस्से में जल आपूर्ति बाधित है। पिछले लगभग एक पखवाड़े से यह समस्या है। बीच-बीच में स्थिति ठीक हो रही है, लेकिन शनिवार से परेशानी ज्यादा बढ़ गई है। यमुना के वजीराबाद जलाशय में अमोनिया का स्तर 3.2 पीपीएम (पार्टस प्रति मिलियन) से अधिक हो गया है।

**बड़े हिस्से में नहीं पहुंच रहा पानी:** इस कारण वजीराबाद व चंद्रावल जल शोधन संयंत्रों (डब्ल्यूटीपी) से 30 से 50 प्रतिशत कम शोधित पानी उपलब्ध हो रहा है जिससे राजधानी के बड़े हिस्से में या तो पानी नहीं पहुंच रहा या दबाव कम है। अधिकारियों का कहना है कि दिल्ली ड्रेन (डीडी-8) के माध्यम से अमोनिया यमुना नदी में और उसके बाद वजीराबाद जलाशय में पहुंच रहा है। समस्या के समाधान के लिए वजीराबाद जलाशय में अमोनिया शोधन संयंत्र बनाने का प्रस्ताव है। इसके काम में देरी होने के कारण जल मंत्री आतिशी ने नाराजगी जताते हुए मुख्य सचिव से इसकी रिपोर्ट मांगी है। अधिकारियों का कहना है कि हरियाणा की तरफ से अमोनिया दिल्ली पहुंच रहा है, इसे रोकने के लिए हरियाणा सरकार को पत्र लिखा गया है।



**इन क्षेत्रों में जल आपूर्ति बाधित रहेगा**
सिविल लाइंस
हिंदू राव अस्पताल व इसके आसपास के क्षेत्र
कमला नगर
शक्ति नगर व इसके साथ के क्षेत्र
करोलबाग
पहाड़गंज व एनडीएमसी क्षेत्र
ओल्ड एंड न्यू राजेंद्र नगर
ईस्ट एंड वेस्ट पटेल नगर
बलजीत नगर

# उभरते गतिशील भारत के लिए बच्चे सबसे मूल्यवानः हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
एक गुमशुदा बच्चे के पिता की याचिका पर अहम टिप्पणी करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। हाई कोर्ट ने कहा कि अपहरण व मानव तस्करी के शिकार होने वाले बच्चों को जल्द तलाशने के सर्वोच्च प्राथमिकता पर सभी एजेंसियों व जांच अधिकारियों को संयुक्त रूप से कार्य करने की जरूरत है।

**पुलिस ने समय पर नहीं किया दिशा-निर्देशों का पालनः** अदालत ने कहा कि इस तरह के प्रयास किए जाने की जरूरत है कि न सिर्फ बच्चों को जल्द से जल्द तलाश किया जाए बल्कि अपराधियों को सजा भी दिलाई जा सके। अदालत ने कहा कि निश्चित तौर पर याचिकाकर्ता पिता को उसकी बेटी सौभाग्य से वापस मिल गई, लेकिन इसके लिए उन्हें कठिनाइयों और तनाव का सामना करना पड़ा, क्योंकि दिल्ली पुलिस की ओर से मामले में समय पर जारी दिशा-निर्देश का पालन नहीं किया गया।




**टिप्पणी**

**8 जांच अधिकारियों को बच्चों की गुमशुदगी से जुड़े ऐसे मामलों की जांच करते समय कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है**

**सामूहिक दुष्कर्म जैसे मामले में साक्ष्य न मिलने से खत्म हो जाएगी न्याय की उम्मीद- दिल्ली हाईकोर्ट**
अदालत ने पाया कि जांच अधिकारियों को बच्चों की गुमशुदगी से जुड़े ऐसे मामलों की जांच करते समय कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में इस संबंध में जरूरी मानक दिशानिर्देश जाते हैं।

### नए साल के जश्न में डूबी दिल्ली

**नई दिल्ली।** नववर्ष के स्वागत के लिए दिल्लीवासियों ने जमकर जश्न मनाया। राजधानी की सड़कों पर इस दौरान खूब भीड़ देखी गई। पार्क, होटल, पब और पर्यटल स्थलों पर लोग खुशियां मनाते देखे गए। इस दौरान सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई थी।

हुड़दंगियों से निपटने के लिए पुलिस के साथ-साथ अर्द्धसैनिक बलों के जवान जगह-जगह तैनात रहे। कई कपल कनॉट प्लेस पर जश्न मनाते देखे गए।

# धार्मिक स्थलों से मीट की दुकान खोलने की घटाई जाएगी दूरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अक्टूबर** माह में जिस आप सरकार ने एकीकृत निगम की मीट पॉलिसी को पारित किया था अब फिर से उसमें बदलाव करने की तैयारी शुरू हो गई है। मीट विक्रेताओं के विरोध और उनकी परेशानी को देखते हुए आप सरकार मीट पालिसी में बदलाव करना चाहती है। इसमें धार्मिक स्थलों से मांस की दुकान खोलने और मांस की दुकान सील होने पर उस पर लगने का शुल्क के साथ ही मांस की दुकान खोलने के लिए, न्यूनतम क्षेत्रफल जैसी शर्तों में बदलाव की प्रक्रिया को आप पार्षदों ने शुरू किया है। 28



दिसंबर को प्रस्ताव आप पार्षद सुल्ताना आबाद और आमिन मलिक प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया था। जिसे आप सरकार ने पारित कर दिया है।

**50 वर्गमीटर की संपत्ति पर दुकान खोली जा सकेगी:** पारित प्रस्ताव के तहत धार्मिक स्थल से मीट की दुकान खोलने की दूरी 100 मीटर करने की बात कही गई है। जबकि अक्टूबर माह में जो प्रस्ताव पारित हुआ था उसमें 70 से 100 मीटर को बढ़ाकर 150 मीटर किया गया था। इसके साथ ही नए लाइसेंस शुल्क और नियमों के उल्लंघन पर लगने वाले जुर्मानें को भी कम करने का प्रस्ताव पारित किया गया है। अक्टूबर माह में जो नीति पारित हुई थी उसमें नई दुकान और लाइसेंस के नवीनीकरण का शुल्क सात हजार रुपये कर दिया था। इसे पांच हजार रुपये करने का प्रस्ताव पारित किया गया है।

# मोबाइल चोरी करने वाले तीन आरोपी पकड़े, 18 मोबाइल बरामद




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नारकोटिक्स** स्क्वाड ने दो शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों से चोरी के दो वाहन, 18 मोबाइल बरामद किए हैं। उसके बाद चोरी के मोबाइल खरीदने वाले आरोपित को भी गिरफ्तार करने में सफलता मिली।

यह तीनों आरोपित चोरी के मोबाइल पश्चिम बंगाल में बेचने की योजना बना रहे थे और इनके खिलाफ बीस से अधिक मुकदमे दर्ज है। आरोपितों से पूछताछ के बाद पुलिस ने 19 मामलों का निस्तारण कर दिया।

**बसों में चढ़ते समय जेब से करते थे मोबाइल चोरी:** दक्षिणी दिल्ली जिला उपायुक्त चंदन चौधरी ने बताया कि बस स्टैंड पर पहुंचकर बसों में चढ़ते समय जेब से मोबाइल चोरी करने वाले दो

**सफलता**

**8 पुलिस को चोरी के मोबाइल खरीदने वाले आरोपित को भी गिरफ्तार करने में सफलता मिली**

आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान राजा उर्फ बाबू व नरेंद्र उर्फ नागी संगम विहार नई दिल्ली के रूप में हुई है। उनकी निशानदेही पर मो. मनिरुल शेख निवासी शनि बाजार देवली नई दिल्ली को गिरफ्तार किया है, जो उनसे मोबाइल खरीदकर अपने रिश्तेदारों की मदद से पश्चिम बंगाल में मोबाइल बेचने की तैयारी कर रहा था।

# आम आदमी पार्टी द्वारा संचालित एमसीडी ने चुनावी वादों पर निराश किया: बीजेपी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा संचालित दिल्ली नगर निगम ने 2022 एमसीडी चुनावों से पहले किए गए सभी चुनावी वादों से न केवल दिल्लीवासियों को निराश किया है, बल्कि आज पूरी तरह से धोखा देने पर आमादा है। एल.एस.सी. दुकानदारों सहित दिल्ली के छोटे व्यापारी को परेशान कर रही है। सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मंत्री आतिशी, मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय और आप के एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक मिलकर झूठे आश्वासनों से दिल्ली की जनता को बेवकूफ बना रहे हैं, जबकि एमसीडी की विफलता से एक साल से दिल्ली की सफाई सेवा बदहाल है, व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। एमसीडी में विपक्ष के नेता सरदार राजा इकबाल सिंह और दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित थे और उन्होंने बताया कि कैसे आम आदमी पार्टी के नए एमसीडी पार्षदों ने समानांतर प्रशासन चलाकर एमसीडी को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है और एमसीडी कर्मचारियों को परेशान कर रहे हैं। दिल्ली भाजपा मंत्री हरीश खुराना एवं मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल भी मंचासीन थे।



**एमसीडी स्थानीय शॉपिंग कॉम्प्लेक्स व्यापारियों को धोखा दे रही है :** पिछले महीने भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने वर्षों के विवादों के बाद, जिस दौरान केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने हमेशा एल.एस.सी. के मुद्दे का समर्थन किया था उस मामले में फैसला देते हुए व्यापारियों की एल.एस.सी. में सील पड़ी दुकानों और परिसरों को डी-सील करने का आदेश दिया। एक महीने से अधिक समय बीत चुका है पर एमसीडी ने अभी तक डीसीलिंग की कवायद शुरू नहीं की है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तुरंत बाद दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और कोर्ट के आदेश का श्रेय लिया और कुछ दिनों के भीतर डी-सीलिंग का आश्वासन दिया, हालांकि जमीन पर ऐसा कुछ भी नहीं किया गया है जिससे यह संकेत मिले कि वह दुकानों को डी-सील करना चाहती हैं। सचदेवा ने कहा कि जब हमने पूछताछ की तो मामले की सच्चाई सामने आ गयी।

**साधा निशाना**

**8 एल.एस.सी. दुकानदारों सहित दिल्ली के छोटे व्यापारियों को धोखा दिया है और उन्हें परेशान करने पर आमादा है**

# कोहरे से थमे ट्रेनों के पहिए, कई घंटों की देरी से चल रही ट्रेनें

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली-एनसीआर** सहित देशभर में वातावरण में धुंध और कोहरे की चादर छाई हुई है। घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम हो गई है। इससे ट्रेनों के पहिए भी थम गए हैं। लंबी दूरी की ट्रेनें कई घंटों की देरी से चल रही हैं। भारतीय रेलवे के हवाले से बताया कि आज राजधानी दिल्ली से करीब 21 ट्रेनें घंटों की देरी से चल रही हैं।

**तापमान में गिरावट जारी, सर्दी में ठिठुरे लोग:** पिछले कई दिन से तापमान में गिरावट के साथ सर्दी बढ़ रही है। रविवार को सुबह से ही कोहरा छा गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिन लगातार तापमान गिरने के साथ सर्दी ज्यादा महसूस हो सकती है। सोमवार को तापमान स्थित रहा। बीते तीन दिन से लगातार सुबह शाम कोहरा बना हुआ है। दिन में धूप नहीं निकलने की वजह से सर्दी से राहत नहीं मिल पा रही है। सुबह शाम कोहरे की वजह से दृश्यता भी काफी कम रही थी। दिन में भी धूप नहीं निकली। रविवार को भी सुबह से ही कोहरा रहा था, लेकिन दृश्यता पहले दो दिन के मुकाबले ठीक रही। दृश्यता पांच से 15 मीटर तक रही। न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा अधिकतम छह किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली। वातावरण में आर्द्रता 89 प्रतिशत दर्ज की गई।

**यात्रीगण परेशान**

**8 दिन में धूप नहीं निकलने की वजह से सर्दी से राहत नहीं मिल पा रही है। सुबह शाम कोहरे की वजह से दृश्यता भी काफी कम रही थी।**

# नशे में गाड़ी चलाने पर 495 लोगों पर केस



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नए साल की** पूर्व संध्या पर दिल्ली में उपद्रव करने वालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा सुनिश्त करने के उद्देश्य से देर रात ऑपरेशन में सैकड़ों लोगों को पकड़ा है। पुलिस की कार्रवाई में 495 लोगों के खिलाफ शराब पीकर गाड़ी चलाने के आरोप में दर्ज किया गया है।

**347 लाइसेंस जब्त किए गए:** इसके अलावा 132 लोगों पर सड़क पर गलत साइड पर वाहन चलाने पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने अभियान लापरवाही से गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। यातायात नियमों को अनदेखी करके और नियमों को बार-बार उल्लंघन करने वालों के 347 लाइसेंस जब्त किए गए।

**ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई:** अवैध टिंटेड ग्लास वाले 117 वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। अनुचित पार्किंग के 3452 मामलों में जुर्माना लगाया गया। ट्रैफिक में बाधा डालने या पार्किंग नियमों का उल्लंघन करने के लिए कुल 613 वाहनों को हटा दिया गया। पुलिस ने इन वाहनों के जिम्मेदार और सुरक्षित उपयोग को सुनिश्चित करते हुए विभिन्न उल्लंघनों के लिए 566 ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की।

**कार्रवाई**


**8 दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा सुनिश्त करने के उद्देश्य से देर रात ऑपरेशन में सैकड़ों लोगों को पकड़ा है**

**कंझावला कांड**

पूरे देश को झकझोर देने वाले कंझावला कांड को एक साल पूरा हो गया।

# साल का पहला दिन, कार से 26 किलोमीटर घसीटा और अंजलि की दर्दनाक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूरे देश को** झकझोर देने वाले कंझावला कांड को एक साल पूरा हो गया। पिछले साल 31 दिसंबर और एक जनवरी की रात के बीच हुए इस हादसे के बाद कई चौंकाने वाली जानकारी सामने आई। हादसे के काफी दिन बाद तक यही बताया जा रहा था कि कार में फंसी अंजलि को 12-13 किलोमीटर तक घसीटा गया, लेकिन पुलिस ने अपनी जांच में बताया है कि अंजलि को 12-13 नहीं, 26 किलोमीटर तक घसीटा गया था। पूरे दो घंटे अंजलि कार के नीचे फंसी रही। पुलिस ने अपनी जांच में बाकायदा यह भी बताया है कि आरोपित कार को कहां-कहां लेकर गए। करीब 200 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच के बाद पुलिस ने बताया कि आरोपित चालक घटनास्थल से जौंती तक सीधे नहीं गए थे, बल्कि कई रुट बदले। सीसीटीवी फुटेज से जांच अधिकारियों को पता चला कि अंजलि को टक्कर मारते ही कार कंझावला रोड पर आई। फिर दो किलोमीटर की दूरी पर अमन विहार पुलिस थाना रोड से सुल्तानपुरी-रोहिणी रोड पर पहुंची। फिर आरोपित कार लेकर वापस कंझावला रोड पर आ गए। यहां से बेगमपुर, कराला, कंझावला,जौंती होते हुए कटेवड़ा तक गए। वापस कंझावला चौक पर पहुंचे। यहां से फिर जौंती के पास आकर अंजलि को कार से निकाल फरार हो गए। इस दौरान 26 किलोमीटर तक आरोपित अंजलि को घसीटते रहे, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई।







**सिरहन**

**8 सीसीटीवी फुटेज से जांच अधिकारियों को पता चला कि अंजलि को टक्कर मारते ही कार कंझावला रोड पर आई**

**इसलिए दो घंटे तक कार में फंसी रही अंजलि:** कार कई गड्डों व उबड़-खाबड़ सड़कों से होकर गुजरी थी। फिर कार में फंसी अंजलि आखिर कार से अलग क्यों नहीं हुई। यह सवाल जांच टीम के साथ-साथ सभी को परेशान कर रही थी। इस गुत्थी को सुलझाने के लिए गुजरात से नेशनल फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी से 10 सदस्यीय टीम आई थी। इस टीम ने दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर क्राइम सीन रिक्रिएट किया।

# सरकारी कर्मचारियों व उनके आश्रितों को सौगात

## आयुष्मान चिरायु हरियाणा योजना के तहत कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ, हरियाणा के सभी नियमित कर्मचारी ले सकेंगे कैशलेस उपचार की सुविधा का लाभ, योजना के तहत सभी प्रकार के इनडोर उपचार/डे केयर प्रक्रियाएं की गई हैं शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

**हरियाणा** सरकार ने नववर्ष 2024 के अवसर पर सरकारी कर्मचारियों व उनके आश्रितों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का बड़ा तोहफा दिया है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज यहां आयुष्मान योजना के तहत कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी उपस्थित रहे। राज्य सरकार ने 1 नवंबर, 2023 को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए दो विभागों नामतः मत्सय व बागवानी के कर्मचारियों को शामिल करते हुए पायलट आधार पर योजना शुरू की थी, जिसे आज सभी नियमित सरकारी कर्मचारियों के लिए विस्तारित कर दिया गया है। इसके अलावा, इस योजना को पायलट आधार पर बागवानी और मत्स्य पालन विभाग, आईएएस, आईपीएस और आईएफओएस के कर्मचारियों और उनके आश्रितों तक भी बढ़ाया जा रहा है। यह योजना आयुष्मान भारत हरियाणा स्वास्थ्य संरक्षण प्राधिकरण (राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण) के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है।



राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज यहां आयोजित कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को सांकेतिक रूप से आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए।

सभी हितधारकों जैसे पैनलबद्ध अस्पतालों और लाभार्थियों को इस कैशलेस योजना से बहुत लाभ होगा क्योंकि इसके अंतर्गत सूचीबद्ध प्रक्रियाएं पूर्ण रूप से कैशलेस होंगी और अस्पताल को एक निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर एक ही प्लेटफॉर्म से उनके दावों को मंजूरी मिल जाएगी। यह योजना लाभार्थियों और अन्य हितधारकों को अधिक कुशल, निर्बाध, परेशानी मुक्त और समयबद्ध सेवाएं प्रदान करेगी। यह योजना मौजूदा प्रावधानों के अनुसार न केवल छः जीवन-घातक आपात बिमारियों यानी हृदय संबंधी आपात स्थिति, मस्तिष्क रक्तस्राव, कोमा, बिजली का झटका, थर्ड व फोर्थ स्टेज कैंसर रोगी, और किसी भी प्रकार की दुर्घटनाओं को कवर करती है, बल्कि यह लाभार्थियों की स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करते हुए सभी प्रकार के इनडोर उपचारों /डे केयर प्रक्रियाओं को कवर करती है। ये सेवाएं इस योजना के तहत डीजीएचएस के पैनल में शामिल सभी अस्पतालों में लाभार्थियों के लिए उपलब्ध होंगी। सूचीबद्ध अस्पतालों में योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए सभी लाभार्थियों को ई-कार्ड/सीसीएचएफ कार्ड जारी किया जाएगा। लाभार्थी पेयी कोड, आधार नंबर या पीपीपी नंबर का उपयोग करके लाभ उठा सकते हैं। योजना के तहत पूरा खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।



इस अवसर पर मुख्य सचिव संजीव कौशल, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती जी अनुपमा, पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण की चेयरपर्सन श्रीमती केशनी आनंद अरोड़ा, राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह और आयुषमान भारत के सीईओ राजनारायण कौशिक सहित कई वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

# फरीदाबाद, गुरुग्राम व सोनीपत से अयोध्या के लिए शुरू होगी सीधी बस सेवा: मूलचंद



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद हरियाणा के फरीदाबाद, गुरुग्राम व सोनीपत से अयोध्या के लिए सीधी बस सेवा शुरू की जाएगी। यही नहीं अन्य जिलों से मांग आने पर वहां से भी भविष्य में अयोध्या के लिए सीधी बस सेवा शुरू होगी। मूलचंद शर्मा आज फरीदाबाद के बल्लभगढ़ में एक करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 32 गलियों के शिलान्यास करने उपरांत आमजन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग अयोध्या दर्शन के लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि लोगों की आस्था को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

मूल चंद शर्मा ने कहा कि लोगों की मांग को देखते हुए बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र की गलियों व सडकों का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर करवाया जा रहा है। इसके साथ ही बल्लभगढ़ के सिटी पार्क व राजा नाहर सिंह पार्क को स्ट्रीट लाइटों की सौगात भी दी।

## न्यूज फ्लैश

### भूना खंड के गांव नहला एवं सिंथला पहुंची विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा सोमवार को जिला फतेहाबाद के गांव नहला एवं सिंथला पहुंची। कार्यक्रम में विधायक दुड़ाराम मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। विधायक दुड़ाराम ने जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य है कि प्रदेश के हर एक व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कार्यालयों में नहीं जा सकने के कारण सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। इसलिए सरकार अब घर द्वार पर ही लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दे रही है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है। पात्र व्यक्ति विभिन्न विभाग योजनाओं के लिए पंजीकरण भी करवा रहे हैं। दुड़ाराम ने कहा कि यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड़ने का कार्य करेगी। हरियाणा सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ देने का कार्य किया है। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान विधायक ने प्रदर्शनी स्टॉल्स का निरीक्षण कर अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम में विधायक ने प्रगतिशील किसानों, पशुपालकों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, विद्यार्थियों तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की अनेक योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलाई।

### संकल्प यात्रा में हो रहा है लोगों की समस्याओं का तुरंत समाधान

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का गरीब लोगों को खास फायदा मिल रहा है। गांव के जो लोग अपने कार्यों के लिए शहर स्थित कार्यालयों में नहीं जा पा रहे थे , अब इस यात्रा के माध्यम से उनके काम गांव , मौहल्ले में ही हो रहे हैं। हरियाणा में यात्रा को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यात्रा में प्रतिदिन लोगों का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ रहा है, इसलिए हर रोज इस यात्रा में लोगों की भागीदारी बढ़ती जा रही है। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह विकसित भारत संकल्प यात्रा अब तक राज्य के 3911 ग्राम पंचायत/वार्ड में पहुँच चुकी है। इसके अलावा , निरोगी हरियाणा योजना के तहत 3,24,607 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जा चुकी है। आयुष्मान चिरायु योजना के तहत आवेदन 94,396 लोगों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। यात्रा के दौरान लगाए जा रहे सेवा कैंप में 1,04,143 लोगों की काउंसलिंग की गई है और परिवार पहचान पत्र बनवाने के लिए 1,30,956 आवेदन किये गए है। किसानों द्वारा मेरी फसल मेरा ब्यौरा योजना के तहत 37,088 आवेदन भरे गए। इसी प्रकार , विकसित भारत संकल्प यात्रा में अब तक 25,306 स्वामित्व कार्ड वितरित किए जा चुके हैं और 12,194 स्वामित्व रजिस्ट्रियां वितरित की गई हैं। यात्रा में 12,194 लोगों को लोन और एडवांस वितरित किए गए तथा सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण विभाग द्वारा 7,256 लोगों को उनके द्वारा मांगी गई जानकारियां दी गई। उन्होंने आगे बताया कि यात्रा के दौरान 23,420 अन्य शिकायतें मिली हैं जिनका जल्द ही विभागों द्वारा समाधान किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार का ध्येय सरकारी योजनाओं को गरीब के घर तक पहुंचाना है।

### 18 आईएएस अधिकारियों के स्थानान्तरण एवं नियुक्ति आदेश

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने 18 आईएएस अधिकारियों के स्थानान्तरण एवं नियुक्ति की आदेश जारी किए है। डी सुरेश को मानव संसाधन विभाग का प्रधान सचिव लगाया गया है। विजय सिंह दहिया को आयुक्त करनाल डिवीजन लगाया गया है। अमित कुमार अग्रवाल को मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव, प्रोजेक्ट डायरेक्टर मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी कार्यक्रम और एमडी हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लगाया गया है।

# हम सबको मिलकर देश को विकसित राष्ट्र बनाना है : ओम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा आज महेंद्रगढ़ खंड के गांव दुलोठ अहीर व निम्बी, अटेली खंड के राता खुर्द व राता कलां, नारनौल खंड के भूषण खुर्द व शोभापुर तथा नांगल चौधरी खंड के अमरपुरा व बुढ़वाल गांव में पहुंची। ग्रामीणों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया । हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ओम प्रकाश यादव ने आज नारनौल के गांव भूषण खुर्द व शोभापुर में विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के दौरान मुख्य अतिथि शिरकत की। ओम प्रकाश यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अगले 25 वर्षों के दौरान हम सबको मिलकर इस देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा करना है। इसी उद्देश्य से सरकार हर गांव व हर व्यक्ति तक पहुंच कर आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने अपने लगभग साढ़े 9 साल के कार्यकाल में समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकारी सेवाएं प्रदान करने की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए समाज की मुख्यधारा से जोड़ा है।

# ग्राम दर्शन पोर्टल के माध्यम से सरकार को बताएं मन की बात

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

ग्रामीण अंचल के निवासी अब सरकार को विकास कार्यों संबंधी मांग, शिकायत और सुझाव सीधे ऑनलाइन माध्यम से दे सकते हैं। हरियाणा सरकार द्वारा इसके लिए ऑनलाइन / पोर्टल शुरू किया गया है। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम दर्शन पोर्टल सरकार की एक व्यापक, सहभागी, पारदर्शी और जवाबदेह पहल है। इसका उद्देश्य निर्वाचित प्रतिनिधियों, सरकार और ग्रामीण निवासियों के बीच संबंध स्थापित करना है। यह पोर्टल ग्रामीणों को अपनी मांग, शिकायत व सुझाव देने का एक सुविधाजनक एवं सरल माध्यम है। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल पर ग्रामीणों द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर भविष्य की विकास योजनाओं का खाका तैयार किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने विभाग से संबंधित कार्यों की प्राथमिकताएं तय करें।

**शिकायत-सुझाव सीधे ऑनलाइन**

**8 इस पोर्टल पर ग्रामीणों द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर भविष्य की विकास योजनाओं का खाका तैयार किया जाएगा।**

**8 अपने विभाग से संबंधित कार्यों की प्राथमिकताएं तय करें**

उन्होंने बताया कि सरकार की प्राथमिकता लोगों की शिकायतों का निवारण करना है। ग्राम दर्शन पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति केवल अपने स्थाई निवास के गांव (जो परिवार पहचान पत्र में दर्ज हो) के संबंध में शिकायत दर्ज कर सकेगा। ग्रामीणों द्वारा दिया गया सुझाव और मांग सीधे सरपंच/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद सदस्य/विधायक और सांसद को दिखाई देंगे। सभी जनप्रतिनिधियों को उनके अधिकार क्षेत्र के ही सुझाव डैशबोर्ड पर दिखाई देंगे, जिन्हें संबंधित जनप्रतिनिधि संस्तुति के साथ आगे बढ़ा सकेंगे। पोर्टल पर सुझाव/शिकायत दर्ज कराने के साथ ही एक आईडी जेनरेट होगी जो संबंधित आवेदक को एसएमएस के माध्यम से मिलेगी। इसके साथ ही आवेदक को समय समय पर सुझाव/शिकायत पर हुई कार्रवाई की अपडेट सूचना एसएमएस के मध्यम से मिलती रहेगी।



हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का मुख्यमंत्री मनोहर लाल चंडीगढ़ में हरियाणा आईएएस ऑफिर्सस एसोसिएशन द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष में आयोजित प्रतिभोज में स्वागत करते हुए। साथ में हैं विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता और मुख्य सचिव संजीव कौशल।

## 'आम जनता को अब सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' हरियाणा के करनाल जिले के गांव लाठरों एवं बरसालू पहुंची। विधायक धर्मपाल गोंदर और पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का जोरदार स्वागत किया। विधायक धर्मपाल गोंदर ने कहा कि विकसित भारत यात्रा लोगों तक सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बना है।

# 'अंत्योदय के सपने को साकार कर रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा'



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीबों के दर्द और पीड़ा को समझते और जानते हैं कि निदान कैसे होगा। आज लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर विश्वास रखते है। केंद्रीय भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और विधायक नरेंद्र गुप्ता आज सेक्टर-15 के सामुदायिक भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का गर्मजोशी से स्वागत कर प्रधानमन्त्री और मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त कर उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। कृष्णपाल गुर्जर ने आज फरीदाबाद में यात्रा के दौरान सर्वप्रथम शहरवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहाकि ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्ण की यह गारंटी वाली गाड़ी आगामी 25 जनवरी तक देश के हर शहर, गांव, कस्बे और बस्तियों में जाएगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मूल उद्देश्य आमजन के लिए बनाई गई जनकल्याणकारी योजनों का शत प्रतिशत लाभ पात्र व्यक्ति को मिले। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहाकि इस यात्रा के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाओं को जनता के समक्ष रखा जा रहा है। एलईडी वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने इस मौके पर सभी को भारत देश को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ दिलवाई।

# 'देश को विकसित बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़े युवा पीढ़ी'

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

हरियाणा के स्कूल शिक्षा, वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री कंवरपाल ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी अमृत काल की पीढ़ी है। युवा पीढ़ी देश को विकसित बनाने का संकल्प लेते हुए अपना योगदान दे।

श्री कंवरपाल जगाधरी क्षेत्र के गांव सहजादवाला, सिपियांवाला, चुहड़पुर मंगल सिंह, टीब्बी अराईयां व तुगलपुर में आयोजित विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवा पीढ़ी का आहवान किया कि वे



विकसित भारत का सपना देखते हुए संकल्प लें और उसे सिद्धि में बदलने की दिशा में कार्य करें।

केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही आयुष्मान भारत योजना, स्टार्टअप इंडिया, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला सहित अन्य योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज घरों तक गैस कब पहुंचती है किसी को पता नहीं चलता है।

यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितैषी नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की व्यवस्था परिवर्तन का परिणाम है कि सरकारी अधिकारी गांव-गांव जाकर पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दे रहे हैं।

श्री कंवरपाल ने कहा कि विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ ली कि ह्यभारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे।

# हरियाणा में घर-घर कांग्रेस अभियान चलाने का ऐलान

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

भारत जोड़ो यात्रा, विपक्ष आपके समक्ष, हाथ से हाथ जोड़ो अभियान,जनमिलन समारोह और जन आक्रोश रैलियों से जबरदस्त समर्थन मिलने का दावा करते हुए हरियाणा में कांग्रेस ने घर घर कांग्रेस अभियान छेड़ने का ऐलान किया है। नव वर्ष के पहले दिन पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने सोमवार को करनाल में हुई कार्यकताओं की बैठक के दौरान नए अभियान का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की रूपरेख को लेकर पत्र जल्द जारी कर दिया जाएगा। कार्यकताओं की मीटिंग के दौरान सभी ने अपने अपने सुझाव रखे। गठबन्धन सरकार को उखाडने का



संकल्प लिया है । हुड्डा और उदयभान ने सभी कार्यक्रताओं, प्रदेश व देशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई दी। साथ ही उन्होंने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि वो पार्टी की रीढ़ हैं। उन्होंने अब तक हुए पार्टी के तमाम कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए जी-तोड़ मेहनत की है और साथ मे कार्यकर्ताओ को जंगी फौज कहकर पुकारा तो जोश में कार्यकताओं ने हाथ उठाकर लड़ाई साथ लड़ने की हामी भरी।

चौधरी उदयभान ने कहा कि चुनावी वर्ष 2024 में कांग्रेस कार्यकर्ता बीजेपी-जेजेपी की नाकामियों, वादाखिलाफी और कांग्रेस की नीतियों को घर-घर और जन-जन तक पहुंचाएंगे। साथ ही सरकार का नाकामी उजागर करने व कांग्रेस की उपलब्धि बताएंगे इसके साथ ही 27 नवंबर को पार्टी द्वारा जारी किए गए पत्र पर कार्य करते हुए बीएलओ के जरिए नए युवाओं के वोट बनवाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और बोगस वोटों को कटवाने का काम करेंगे। कांग्रेसी बीजेपी-जेजेपी सरकार को हरियाणा से बेदखल करके ही दम लेंगे।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस के सभी कार्यक्रमों को जनता का ऐतिहासिक समर्थन मिल रहा है। अब ह्यघर-घर कांग्रेसह्ण अभियान शुरू होने जा रहा है, जिससे पार्टी को प्रदेश में और मजबूती मिलेगी। सभी नेता लगातार जनता के बीच में हैं। जब तक हरियाणा को बेरोजगारी, अपराध, नशे, कर्ज और जनता पर अत्याचार में नंबर वन बनाने वाली सरकार को उखाड़ कर नहीं फेंक देते, तब तक कांग्रेसी चैन की सांस नहीं लेंगे। प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर 500 रुपये में सस्ता गैस सिलेंडर देकर गृहणियों को महंगाई से, 2 लाख खाली पदों को भरके युवाओं को बेरोजगारी से और कानून व्यवस्था को मजबूत कर जनता को अपराध से मुक्ति देने का काम करेंगे। इसी तरह गरीबों को 100-100 गज के प्लॉट व मकान देने की योजना को फिर से शुरू किया जाएगा। साथ ही कर्मचारियों को ओपीएस, 300 यूनिट बिजली फ्री ,बुजुर्गों को 6000 रुपये पेंशन का लाभ देने के लिए भी कांग्रेस प्रतिबद्ध है।



हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष, ज्ञान चंद गुप्ता सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत अभयपुर सैक्टर 19 के राजकीय प्राईमरी स्कूल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।

## न्यूज फ्लैश

### हत्या मामले में साली की लव स्टोरी, यूपी के युवक से करती थी प्यार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**
**उत्तम नगर** निवासी सोनू की हत्या के तार अब साली की शादी से भी जुड़ रहे हैं। हालांकि मामले में कारणों का खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है। हत्यारोपी और सोनू की ऑडियो रिकॉर्डिंग में सोनू ने अपनी साली के मामले का जिक्र तो किया था, लेकिन खुलकर बात नहीं बताई थी।
जानकारी आ रही है कि सोनू की साली और उसका प्रेमी शादी करना चाहते थे, लेकिन सोनू को यह रिश्ता मंजूर नहीं था। ऐसे में कयास यह भी लगाए जा रहे है कि हत्या का यह प्रकरण साली के प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ हो सकता है। फिलहाल पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही। हालांकि हत्या आरोपी पकड़े जाने पर इसका खुलासा हो सकता है। पुलिस कुछ युवकों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है। सोनू और उसका परिवार 18 साल पहले उत्तर प्रदेश के बागपत जिला में ननौता गांव में रहा करता थाए लेकिन सोनू अपनी फैमिली के साथ करनाल के उत्तम नगर में आकर रहने लगा था, पहले वह किराए के मकान में रहता था। हाल ही में उन्होंने अपना मकान तैयार कर लिया था। सूत्रों की माने तो सोनू की साली ननौता गांव के किसी युवक से प्रेम करती थी। लव अफेयर काफी लंबे समय से चल रहा था। बात इतनी आगे बढ़ चुकी थी कि दोनों शादी करना चाहते थे, जिसको लेकर परिवार में भी बातचीत हुई थी। सोनू ने बीच में इंटरफेयर करते हुए शादी करवाने से मना कर दिया। अब अनुमान लगाया जा रहा है कि हो सकता है कि इसी प्रेम-प्रसंग के चलते सोनू की हत्या हुई हो। पुलिस ने ननौता और करनाल के युवकों को हिरासत में लिया है। हालांकि अभी तक इससे जुड़ा कोई खुलासा नहीं किया जा रहा। उल्लेखनीय है कि 35 वर्षीय सोनू की 29 दिसंबर उसके घर पर ही धारदार हथियारों से हत्या कर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए थे। शनिवार को सोनू के परिजनों ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार किया। छह-सात बाइक पर सवार करीब दस से पंद्रह लोगों ने वारदात को अंजाम दिया है। इस मामले में पीडित की शिकायत पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर आरोपियों की धर पकड़ शुरू की। सीआइए टू के इंचार्ज मोहनलाल ने बताया कि पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है। वारदात करने आए बदमाशों में कुछ की पहचान हो चुकी है। जल्द ही इस मामले में खुलासा कर दिया जाएगा।

### मोदी-मनोहर सरकार की गारंटी के साथ अंतिम छोर तक पहुंच रही सरकारी योजनाएं: अभिमन्यु सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**
**सोमवार को** विकसित भारत संकल्प यात्रा जिला के गांव चांद समंद और चौरपुरा में पहुंची। इस दौरान मुख्यमंत्री के निजी सचिव अभिमन्यु सिंह गांव चांद समंद में बतौर मुख्यतिथि व चौरपुरा में हरियाणा पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम की चेयरपर्सन निर्मल बैरागी ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचकर सर्वप्रथम उन्होंने सभी स्टॉल का अवलोकन किया और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए अभिमन्यु सिंह ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की सभी योजनाएं हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे इसी उद्देश्य से देश व प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे वास्तविक हकदार तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से जरूरतमंद नागरिकों पहुंचे, इसके लिए परिवार पहचान पत्र हरियाणा में योजनाओं के क्रियान्वयन का सशक्त माध्यम बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का असर अब धरातल पर दिखाई देने लगा है।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभिमन्यु सिंह ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार का ध्येय सरकारी योजनाओं को गरीब के घर द्वार तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं, जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य हर एक व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड ?ा है। उन्होंने कहा कि साढ़े नौ सालों में मोदी सरकार और 9 सालों में मनोहर सरकार की जो योजनाएं बनी हैं यदि कोई व्यक्ति उन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गया है तो उन्हें योजनाओं से जोडकर लाभान्वित किया जा रहा है।

# उपली पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

## सरकार बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रही है ताकि देश प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़े

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।**
**विकसित** भारत संकल्प यात्रा आज जिला के गांव उपली और नलवी कलां पहुंची। इस मौके पर मुख्य अतिथि घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि सरकार बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रही है ताकि देश प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़े। उन्होंने बताया कि हरियाणा में भाजपा राज में 14 फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही हैं जबकि पिछली सरकार के समय केवल दो फसल एमएसपी पर खरीदी जा रही थी। हरियाणा में जब भाजपा सरकार बनी तब विद्युत निगम 36 हजार करोड़ के घाटे में थे। यह घाटा राज्य सरकार ने वहन किया। आज लोगों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। उपली में आज 73 नए आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

उपली में सरपंच विनोद कुमार ने और नलवी कलां में सरपंच प्रतिनिधि शक्ति सिंह ने विधायक का स्वागत किया और उन द्वारा गांव में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी तथा कुछ प्रमुख मांगे रखीं। विधायक ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। गायक कलाकारों द्वारा विकासात्मक गीत प्रस्तुत किए गए। उपली में आरडी कल्याण और नलवी कलां में



जोगेंद्र राणा ने संकल्प शपथ दिलाई।

इस अवसर पर श्री कल्याण ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र में सुख शांति और सबके लिए मंगल कामना की। उन्होंने कहा कि कभी भारत समृद्ध देश था लेकिन पहले मुगलों ने और फिर अंग्रेजों ने इसे जमकर लूटा। यहां की समृद्ध संस्कृति को तहस-नहस किया। अब सरकार न केवल राष्ट्र को तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ा रही है बल्कि खोई हुई प्राचीन संस्कृति को बचाने के लिए भी अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि 2047 तक देश में कोई गरीब न रहे। इस सपने को साकार करने के लिए हर व्यक्ति का फर्ज है कि वह कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में बीपीएल सर्वे में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के चलते अनेक पात्र लोग सूची में शामिल होने से वंचित रह गए थे। इस गड़बड़ी को दूर करने और असली बीपीएल धारकों की पहचान करने के लिए ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पीपीपी योजना अमल में लाई। अब परिवार पहचान पत्र के माध्यम से प्रदेश में 19 लाख नए बीपीएल कार्ड बने हैं। आने वाले समय में इन सभी कार्ड धारकों को सरकार मकान उपलब्ध कराएगी। आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है। अकेले घरौंडा हलके में 27 हजार नए बीपीएल कार्ड बने हैं। सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता के चलते गरीबों के बच्चे आज अफसर बन रहे हैं। सरकार ने हर वर्ग के गरीबों की भलाई के लिए योजनाएं बनाई हैं।

विधायक ने कहा कि पिछली सरकारों के समय यमुना बेल्ट के डेढ दर्जन गांव विकास की दृष्टि से पूरी तरह उपेक्षित थे पर भाजपा सरकार ने इनमें विकास कार्य करा कायापलट की है। 14 स्कूलों का दर्जा है बढ़ाया गया है।

## नववर्ष पर अपना आशियाना में किया गया हवन-यज्ञ



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।**
**अपना** आशियाना आश्रम में नववर्ष 2024 के अवसर पर हवन यज्ञ कर देश, समाज और विश्व के सुख की कामना की गई। नववर्ष की शुभ बेला पर बहुत से लोग अपने-अपने ढंग से नववर्ष को हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं, लेकिन अपना आशियाना आश्रम जो कि बहुत ही पवित्र और पावन कार्य में समाज की सेवा में अग्रणीय होकर सेवा कार्य कर रहे हैं, जिन लोगों के चेहरे पर मुस्कान कभी नहीं आती थी और समाज से तिस्कृत किए हुए एक गुमनाम जिंदगी जीते थे, उन्हें जीवन की मुख्य समाज की मुख्यधारा के साथ जोडने.का कार्य अपना आशियाना आश्रम द्वारा किया गया। नववर्ष की शुभ बेला में हवन यज्ञ के अंदर आहुति डालकर एवं नाच गाना करके उनके चेहरे पर हंसी लानी का एक अभूतपूर्व कार्य किया गया। इस हवन यज्ञ के अवसर पर प्रमोद नागपाल, चरणजीत बाली, दीपक, शिव कुमार, जगमेर पाल, रेखा, राखी, कुसुम, अनुमदान, सीमा खुराना, सूरज, रमेश वर्मा, सुषमा वर्मा, राजेश आहूजा, शशि आर्य सभी ने मिलकर आहुति डाली।

## जनता को अपने कार्य करवाने के लिए सरकारी कार्यालयों के नहीं काटने पड़ते चक्कर: धर्मपाल

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।**
**नीलोखेड़ी** खंड के गांव लाठरों व बरसालू में विधायक धर्मपाल गोंदर व पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादइ कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया।

विधायक धर्मपाल गोंदर ने कहा कि विकसित भारत यात्रा लोगों तक सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बना है। इन कायक्रमों के माध्यम से लोग अपनी समस्याएं जन प्रतिनिधियों के समक्ष रख पा रहे हैं तथा उनका अधिकारियों व कर्मचारियों के सहयोग से समाधान भी किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि पूर्व की सरकारों में आम जनता को अपने कार्य करवाने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन अब मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में घर बैठे की लोगों को सरकारी



योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

पूर्व विधायक भगवानदास कबीर पंथी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारत को वर्ष 2047 तक 'आत्मनिर्भर और विकसितइ भारत बनाने का दूरदर्शी विजन है जिसके साकार होने से भारत वैश्विक स्तर पर एक मजबूत और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान कायम करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में बनी प्रदेश सरकार ने अपने साढे नौ वर्ष के शासनकाल में प्रशासन व शासन में फैले भ्रष्टाचार एवं भाई-भतीजावाद को समाप्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अच्छी एवं नेक सोच के चलते महिलाओं को पंचायती राज चुनावों में 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी प्रदान की है। उसके आधार पर यदि किसी योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की कोई कमी रह गई है तो उसे दूर किया जाएगा। विधायक धर्मपाल गोंदर व पूर्व विधायक भगवानदास कबीर पंथी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल्स का अवलोकन किया तथा मौजूद कर्मचारियों से योजनाओं के बारे में पूछा। इस दौरान पात्र लोगों की पेंशन बनाई गई तथा महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनैक्शन भी दिए गए। उन्होंने लोगों का आह्वान किया हम सभी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। केन्द्र व प्रदेश सरकार की नीतियों एवं योजनाओं को घर-घर पहुंचाकर पात्र व्यक्तियों को उनका लाभ दिलाना है।

## निगम ने करीब 13 करोड़ रुपये प्रॉपर्टी टैक्स की रिकवरी की: अभिषेक मीणा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** **नगर** निगम ने चालू वित्तीय वर्ष में अब तक करीब 13 करोड़ रुपये की सम्पत्ति कर के रूप में रिकवरी कर ली है। हरियाणा सरकार की ओर से दी गई ब्याजमाफी की छूट का अधिक से अधिक नागरिक लाभ उठा सकें, इसे देखते निगम कार्यालय की ओर से छुट्टद्दी के बावजूद बीते दो दिन शनिवार व रविवार को सम्पत्ति कर भरने के लिए नागरिक सुविधा केन्द्र (सी.एफ.सी.) की विंडो खोली गई थी। इन दो दिनो में लगभग 2 करोड़ रुपये नगर निगम के खजाने में जमा हुए। सोमवार को नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से दी जा रही छूट का हजारों नागरिकों विशेषकर बकायादारों ने फायदा उठाया है। शहरवासियों को पूरा ब्याज माफ होने के साथ-साथ एरियर व क्रंट बिल पर भी 15 प्रतिशत की छूट मिलने से बड़ा आर्थिक लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि फिलहाल छूट की अवधि समाप्त हो चुकी है, जिसका अब नागरिकों को लाभ नहीं मिलेगा।

राज्य सरकार के विभागों ने उठाया छूट का लाभ- निगमायुक्त ने



बताया कि सरकार की ओर से दी जा रही छूट का राज्य सरकार के 5 विभागों ने अच्छा-खासा लाभ उठाया है। उन्होंने बताया कि खेल एवं युवा मामले विभाग हरियाणा के करनाल कार्यालय ने 47 लाख रुपये सम्पत्ति कर जमा कराया है। इसके अतिरिक्त जिला परिषद कार्यालय ने 17 लाख रुपये, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग करनाल ने 6 लाख रुपये, हरियाणा रोजवेज करनाल ने 16 लाख रुपये तथा क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आर.टी.ओ.) ने करीब 57 हजार रुपये प्रॉपर्टी टैक्स, नगर निगम कार्यालय में जमा करवाया है। उन्होंने अन्य विभागों ने भी अपील कर कहा है कि वह भी अपना सम्पत्ति कर नगर निगम के खजाने में जमा करवाएं।

टैक्स डिफॉल्टरों को जारी होंगे नोटिस- निगमायुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि प्रॉपर्टी टैक्स डिफॉल्टरों से रिकवरी करने की पूरी तैयारी कर ली है। ऐसे 202 डिफॉल्टरों को नोटिस जल्द ही जारी होंगे, इसके लिए ड्यूटी भी लगा दी गई है।

उन्होंने सभी बकायादारों से पुनः अपील करते कहा है कि वह समय रहते अपना सम्पत्ति कर नगर निगम के कोष में जमा करवा दें, अन्यथा प्रॉपर्टी को सील करने के साथ-साथ अटैच भी किया जाएगा। इसके पश्चात सम्बंधित व्यक्ति की प्रॉपर्टी की नीलामी कर नगर निगम अपना सम्पत्ति कर वसूल करेगा।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत जल्द बनेगा विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति: योगेन्द्र राणा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** **भाजपा के** जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व में जर्मनी और जापान को पछाडकर भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति और अमृत काल के आगामी 25 वर्षों में वर्ष 2047 तक दुनिया का सिरमौर राष्ट्र बन जाएगा।
जिलाध्यक्ष सोमवार को चिड़ाव खंड के गांव बुढ ?पुर वीरान व ओंगद में विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामवासी देश को दुनिया का सिरमौर राष्ट्र बनाने का संकल्प लेकर जाएं और हर युवा अपनी महती भूमिका निभाएं। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र चौहान भी मौजूद रहे।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि युवा वर्ग बड़ी सोच और सपने के साथ लक्ष्य तय करें। हमने युवा व्यवस्था में सपना देखा था कि कश्मीर से धारा 370 हटे और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो। इसके लिए बड़े स्तर पर प्रयास हुए और आज हम अपने सपने साकार होते देख रहे हैं। केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार ने धारा 370 हटा दी, माननीय सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगा दी। अयोध्या में श्रीराम का भव्य राम मंदिर बनकर तैयार हो रहा है और 22 जनवरी 2024 को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होगी। यह देशवासियों के लिए गौरव के पल होंगे। आज की युवा पीढ़ी वर्ष 2047 तक देश को दुनिया का सिरमौर राष्ट्र बनाने का सपना देखे और इस कार्य में मोदी के साथ संकल्प लेकर जुट जाएं। आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से गांव-गांव में लोगों की समस्याओं का समाधान हो रहा है और जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर बैठे मिल रहा है।

## भजन कीर्तन कर मनाया नववर्ष

**सोनीपतः**
**सोनीपत** नगर निगम के कबीरपुर के नगर खेड़ा में कुलदीप सैनी द्वारा भजन कीर्तन कर नववर्ष का पहला दिन मनाया। इस अवसर पर कुलदीप सैनी ने कहा कि नया साल भारतवर्ष के हर नागरिक के घर खुशियां लाए। उन्होंने कहा कि नववर्ष पर हम सभी को झूठ बांधों की मदद करनी चाहिए जिससे हमारे देश में खुशहाली आ सके। कुलदीप सैनी द्वारा आयोजित भजन कीर्तन में आसपास के सैकड़ो महिलाओं ने भाग लिया। इस मौके पर सुरेश सैनी कृष्ण कमल नरेंद्र शिव कुमार आदि भी मौजूद रहे।



## किसान भवन में भाकियू ने धूमधाम से मनाया नववर्ष

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** **भारतीय** किसान यूनियन के तत्वाधान में आयोजित की गई जिला स्तरीय मासिक किसान पंचायत में धूमधाम से नव-वर्ष मनाया गया। किसान पंचायत का आयोजन अजुर्न नगर स्थित सर छोटूराम किसान भवन में किया गया। भाकियू जिलाध्यक्ष सरदार सुरेन्द्र सिंह घुम्मन ने किसान पंचायत की अध्यक्षता की। उपस्थित किसानों ने किसान मजदूर एकता जिंदाबाद के नारे लगाकर अपनी आवाज को बुलंद किया। इस मौके पर उपस्थित किसान



नेताओं व कार्यकताओं ने नव वर्ष 2024 के शुभ आगमन पर मिठाई बांट कर एक दूसरे को बधाई दी। इस पावन अवसर पर किसान आंदोलन को तेजधार देने के लिए किसानों ने संकल्प लिया। भाकियू के उतरी हरियाणा प्रभारी मेहताब सिंह कादियान, वरिष्ठ किसान नेता बाबूराम डाबरथला, प्रवक्ता सुरेन्द्र सिंह सागवान व किसान नेता अंग्रेज सिंह लाठर ने मासिक किसान पंचायत में अपने अपने विचार रखे। इस दौरान किसान भवन रसोई के प्रबंधक व किसान नेता कर्ण कालिया ने गत माह का लेखा जोखा पेश किया, जिसको उपस्थित भाकियू कार्यकताओं ने सर्वसम्मत से पारित कर दिया। भाकियू प्रवक्ता सुरेन्द्र सागवान ने भाकियू किसान पंचायत में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 1993 में चर्चित निसिंग गोली कांड में शहीद हुए दो किसानों का बलिदान दिवस आने वाली 7 जनवरी को हर वर्ष की भांति जिला कैथल के चूहड़ माजरा व पबनावा गांव में मनाया जाएगा, जिसमें करनाल जिला से भारी संख्या में किसान शामिल होंगे।

## 'सरकार आपके द्वार पहुंचकर कर रही समस्याओं का मौके पर निवारण'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** **विकसित** भारत संकल्प यात्रा आज जिला के गांव निसिंग ग्रामीण व डेरा रणजीत नगर पहुंची। गांव में पहुंचने पर ग्रामवासियों द्वारा यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लोगों की समस्याओं पर तुरंत एक्शन लें और उनका समाधान करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर कृष्ण सैन ने ग्रामीणों



को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भारत को 2047 तक के विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

स्वच्छ भारत मिशन के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश नई ऊंचाईयों को छू रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा ऐसे अनेक ऐतिहासिक फैसले लिए गए हैं जो पूर्व की सरकारों ने सोचे भी नहीं थे। उन्होंने कहा कि ये मोदी की गारंटी है कि देश का कोई भी नागरिक भूखा न सोए। इसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा अन्न योजना चलाई गई है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाना ऐसा काम है जिसकी पूरे देश को प्रतीक्षा थी। यह सब प्रधानमंत्री मोदी ही कर सकते थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऐसी मुहिम को मुख्यमंत्री मनोहर लाल आगे बढ़ा रहे हैं। मोदी-मनोहर की ये जोड़ी नये आयाम स्थापित कर रही है।

उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचना है। आज सरकार आपके द्वार पहुंची है। बुढ़ापा पेंशन, परिवार पहचान पत्र, आयुष्मान कार्ड बनवाने में यदि कोई समस्या आ रही है तो उसका मौके पर निवारण कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि करीब साढ़े नौ साल के अर्से में केंद्र और राज्य सरकार ने गरीबों पिछड़ों और समाज के अन्य वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं।

उन्होंने लोगों से केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की भी अपील की। हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लडकी के पैदा होने पर कुआं पूजन की रस्म चलाई गई है। इससे समाज में लडकी के प्रति लोगों का दृष्टिकोण बदला है।

## हरियाणा में कांग्रेस की सरकार आई तो सिलेंडर मिलेगा 500 रुपए में : भूपेंद्र सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** **पूर्व** मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने नए साल के पहले ही दिन करनाल में घोषणाओं का पिटारा खोला।
उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस की सरकार आती है तो सिलेंडर 500 रुपए में मिला करेगा और बुजुर्गों को छह हजार रुपए प्रति माह पेंशन मिलेगी। गरीब बच्चों को स्कॉलरशिप मिलेगी और 100 गज के प्लाट दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ओल्ड पेंशन स्कीम को भी लागू किया जाएगा। तीन सौ यूनिट तक बिजली फ्री करेंगे। सरकार आई तो डॉक्टरों की खाली पोस्टों को तुरंत भरा जाएगा। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि हर घर जाओ, हर दर जाओ और कांग्रेस को मजबूत बनाओ।
भूपेंद्र सिंह हुड्डा आज डा. मंगलसेन ऑडिटोरियम में पहुंचे थे। उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, विधानसभा के पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, पूर्व विधायक सुमिता सिंह, कांग्रेस के जिला संयोजक सरदार त्रिलोचन सिंह भी मौजूद रहे। हुड्डा ने एक-एक कार्यकर्ता से मुलाकात की और उनके हाथों में अपना हाथ थमा कर यह विश्वास लिया है कि विधानसभा चुनाव में जी जान से काम करेंगे और आने वाली सरकार कांग्रेस की होगी।
पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि वर्ष 2014 से पहले हरियाणा प्रति व्यक्ति आय में,
निवेश में, रोजगार में, कानून व्यवस्था में नंबर वन पर था, लेकिन आज बीजेपी के नौ साल के शासनकाल में हरियाणा पूरे देश में बेरोजगारी में, महंगाई में, नशे में, चरमराई कानून व्यवस्था में, क्राइम में और महिलाओं पर बढ़ते अपराध में नंबर वन हो चुका है।

# संपादकीय

## न्यायपूर्ण समाज का निर्माण हो नववर्ष का संकल्प

**दुनिया** भर में मान्य अंग्रेजी कैलेंडर का नया वर्ष फिर आ गया है। पश्चिम का यह कैलेंडर दुनिया भर में सर्वमान्य है और कुछ परम्पराएं लेकर आता है। इसे मनाने की परिपाटी में दो बातें साफ दिखाई देती हैं- पहला है सभी एक-दूसरे को 'आपको नया साल मंगलमय हो' कहते हैं; और दूसरे यह कि ज्यादातर लोग कोई नया संकल्प लेते हैं। इसे कुछ लोग निभाते हैं, कुछ निभाने की कोशिश करते हैं और ज्यादातर लोग या तो अगली सुबह ही भूल जाते हैं अथवा उसे एक साल बाद फिर दोहराते हैं। जो भी हो, पिछले कुछ समय से देश में चल रहे राष्ट्रवाद के झंझावात के बाद भी नववर्ष का आयोजन बदस्तूर जारी है। कुछ लोग व्यक्तिगत तौर पर या अपने संगठन के साथियों के साथ इसके खिलाफ हल्ला बोलते हैं। कथित विदेशी संस्कृति के खिलाफ उनकी मुहिम किसी शहर-राज्य में दिखती है तो कहीं उनको बिलकुल भाव नहीं मिलता। 14 फरवरी (वैलेंटाइन दिन), 25 दिसम्बर (क्रिसमस और 1 जनवरी को इनका विरोध उफान पर होता है लेकिन 31 दिसम्बर की रात से शुरू होने वाले आयोजन नये साल की पहली तारीख तक चलते हैं- कहीं छोटे तो कहीं बड़े स्वरूपों में। जो भी हो, नया साल लग ही गया है, तो मुबारकबाद देना तो बनता है। यह सबसे आसान काम है इसलिये सभी इसका निभाव कर लेते हैं। रही बात नये साल के संकल्प की, तो उसे निभाना थोड़ा कठिन होता है। व्यक्तिगत तौर पर कोई क्या संकल्प लेता है, उसे निभाता है या निभाने में नाकाम रह जाता हैः उस पर अभी से अमल करना शुरू करता है अथवा उसे अगले साल के लिये मुल्तवी कर देता है- इससे किसी का कोई सम्बन्ध नहीं होना चाहिये। पर हां, जहां तक देश के सन्दर्भ और परिप्रेक्ष्य में मंगलकामना की बात की जाये, तो यह कठिन है लेकिन अपरिहार्य भी है। चूंकि देश की खुशहाली के साथ खुद का भी मंगल सम्पृक्त है, इसलिये इस मद्देनजर नववर्ष का संकल्प तय करते समय कुछ बातों पर विचार करना जरूरी है। पहले तो यह देखें कि 2024 किस मायने में महत्वपूर्ण है। हालांकि किसी भी साल की महत्ता को कमतर करके नहीं आंका जा सकता। हर वर्ष का अपना महत्व होता है- कुछ का महत्व उसके बीतने के बाद ऐतिहासिक संदर्भों के कारण महसूस होता है, तो कुछ साल ऐसे भी होते हैं जिनके बारे में पहले से तय होता है कि यह अहम होने जा रहा है। भारत आज की तारीख में जिस मुकाम पर खड़ा है, साफ है कि 2024 कुछ ऐसे घटनाक्रम लेकर आ रहा है जिनका दूरगामी परिणाम पड़ना तयशुदा है। इस परिप्रेक्ष्य में कम से कम तीन भावी परिघटनाओं की शिनाख्त तो हो ही सकती है- 14 जनवरी से प्रारम्भ होने जा रही राहुल गांधी की 'भारत न्याय यात्रा', 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर का उद्घाटन और उसके बाद लोकसभा का चुनाव, जिसके बारे में कुछ लोगों का अनुमान है कि उसे राम मंदिर के उद्घाटन के तुरन्त बाद भी कराया जा सकता है। अगर आम चुनाव मध्यावधि न होकर अपने वक्त पर होता है तो अप्रैल के आसपास होगा। जब भी हो, उसका महत्व तो सर्वाधिक है; और पहले हो चुके रहेंगे दोनों आयोजनों का असर उस पर होगा- राममंदिर व न्याय यात्रा का। 2014 में जहां नरेन्द्र मोदी के चेहरे पर भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव जीता था, वहीं 2019 में उनकी अनेक असफलताओं के बावजूद बालाकोट व पुलवामा ने मोदी को दूसरी सफलता दिलाई थी।

# 108 व 786 अंकों का आध्यात्मिक आस्था, धार्मिक व तार्किक महत्व



सुनील कुमार महला

"वेद एवं पुराणों में ऋषि और मुनियों ने बताया है कि सौरमंडल में पृथ्वी के अलावा अन्य कितने ग्रह और तारे हैं। उनके बीच में दूरी कितनी है या उनके व्यास कितनी है इत्यादि। गणित में व्यास जिसे इंग्लिश में डायामीटर भी कहते है, एक चक्र में ऐसी रेखांश होती है जो चक्र के केंद्र से निकलता है और किसी भी अति बिंदु के चक्र पर स्थित होता है। आश्चर्य की बात यह है कि इस बात का आकलन सैकड़ों साल पहले ही ऋषि-मुनियों द्वारा कर लिया गया था। बता दें कि जितनी सूर्य से पृथ्वी की दूरी है वह सूर्य के व्यास से 108 गुना अधिक है। चंद्रमा की जितनी दूरी है, वह चंद्रमा के व्यास से 108 गुना अधिक है। इसके साथ यह भी बताया गया है कि सूर्य का कुल व्यास पृथ्वी के कुल व्यास से 108 गुना अधिक है। विज्ञान में बताया गया है कि सूर्य के कुल नौ ग्रह होते हैं, जिसमें पृथ्वी तीसरा ग्रह है"

**वैश्विक** स्तरपर सर्वविदित है कि दुनिया के करीब करीब सभी देशों में भारत ही एक ऐसा अकेला देश है जहां कई सदियों से या यू कहीं कि हजारों वर्षों से आध्यात्मिकता आस्था व तार्किक महत्व रहा है। उसमें भी 108 व 786 अंकों का विशेष महत्व रहा है जो हिंदू व मुस्लिम समुदाय की गहरी आस्था के प्रतीक है। वैसे तो हम पीढ़ियों से इन अंको को जानते हैं, परंतु आज 108 अंक की चर्चा पूरे विश्व में हो रही है क्योंकि आज दिनांक 31 दिसंबर 2023 वर्ष के अंतिम दिन माननीय पीएम के मन की बात की 108 वीं कड़ी के प्रसारण में उन्होंने धार्मिक आस्था के प्रतीक अंक 108 के बारे में कुछ बातें व चचाएं की और पूरी दुनियां का ध्यान इस अंक पर आ गया और फिर मीडिया में धार्मिक आस्था के प्रति अंकों 108 व 786 की चचाएं चल पड़ी। चूंकि भारत में खुशहाली के प्रति 108 व 786 अंकों का गणित हमको समझना है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे मानवीय गहरी धार्मिक आस्था के प्रति के विश्वसनीय अंकों 108 व 786 पर मानवीयगहरे विश्वास को रेखांकित करना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 31 दिसंबर 2023 को माननीय पीएम द्वारा मन की बात की 108वीं कड़ी में 108 के बारे में चर्चा करने की करें तो उन्होने कहा मन की बात यानें आपके साथ मिलने का एक शुभ अवसर, और अपने परिवारजनों के साथ जब मिलते हैं, तो वो, कितना सुखद होता है, कितनासंतोषदायी होता है। मन की बात के द्वारा आपसे मिलकर, मैं, यही अनुभुति करता हूँ, और आज तो, हमारी साझा यात्रा का ये 108 वाँ एपिसोड है। हमारे यहाँ 108 अंक का महत्व, उसकी पवित्रता, एक गहन अध्ययन का विषय है। माला में 108 मनके, 108 बार जप, 108 दिव्य क्षेत्र, मंदिरों में 108 सीढ़ियाँ, 108 घंटियाँ, 108 का ये अंक असीम आस्था से जुड़ा हुआ है। इसलिए मन की बात का 108वाँ एपिसोड मेरे लिए और खास हो गया है। इन 108 एपिसोड्स में हमने जनभागीदारी के कितने ही उदाहरण देखे हैं, उनसे प्रेरणा पाई है। अब इस पड़ाव पर पहुँचने के बाद, हमें नए सिरे से, नई ऊर्जा के साथ और तेजगति से, बढ़ने का, संकल्प लेना है। और ये कितना सुखद संयोग है कि कल का सूर्योदय, 2024 का, प्रथम सूर्योदय होगा - हम वर्ष 2024 में प्रवेश कर चुके होंगे। आप सभी को 2024 की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।




साथियों बात अगर हम अंक 108 के बारे में जानने की करें तो, विभिन्?न धर्मों में कुछ खास अंकों को शुभ या अशुभ माना गया है। इसके पीछे कारण भी दिए गए हैं। आज पीएम ने 108 वीं बार देश की जनता से अपने मन की बात की। हर महीने के आखिरी रविवार को पीएम मन की बात कार्यक्रम करते हैं और इस पर विभिन्?न मुद्दों पर चर्चा करते हैं। साल 2023 के आखिरी दिन मन की बात कार्यक्रम का 108 वां ऐपिसोड प्रसारित किया गया। इस मौके पर उन्होने 108 अंक पर भी चर्चा की और बताया कि 108 अंक का बड़ा महत्?व है. मंत्र जपने वाली माला में भी 108 मोती ही होते हैं। हिन्?दू धर्म में 108 एक ऐसा अंक है जो अत्?यंत महत्वपूर्ण स्?थान रखता है। रूद्राक्ष की माला में 108 मनके होते हैं, मंत्रों का जाप 108 बार किया जाता है, आखिर क्या कारण है कि 108 के अंक को हिन्दू धर्म में इतना महत्व हासिल है। 108 को शिव का अंक माना गया है। इसके पीछे वजह यह है कि मुख्?य शिवांगों की संख्या 108 होती है। सभी शैव संप्रदायों खासतौर से लिंगायत संप्रदाय में रुद्राक्ष की माला में कुल 108 मनके होते हैं, जिनका जाप किया जाता है। गौड़ीय वैष्णव धर्म के तहत वृंदावन में कुल 108 गोपियों का वर्णन आता है। अगर 108 मनकों के साथ गोपियों के नाम का जाप किया जाए तो इसे बहुत शुभ माना जाता है। श्रीवैष्णव धर्म के तहत भी विष्णु के 108 दिव्य क्षेत्रों का जिक्र मिलता है, जिसे 108 दिव्यदेशम कहते हैं।कम्बोडिया के प्रसिद्धअंगकोरवाट मंदिर की नक्काशी में भी समुद्र मंथन की घटना को दशार्या गया है।इस नक्काशी में दशार्या गया है कि क्षीर सागर पर मंदार पर्वत पर बंधे वासुकि नाग को 54 देव और 54 राक्षस (108) अपनी-अपनी ओर खींच रहे थे।ज्?योतिष में कुल 12 राशियां होती हैं जिनमें 9 ग्रह विचरण करते हैं, इन दोनों संख्?याओं को गुणा करेंगे तो आपको 108 अंक मिलेगा।हिंदू धर्म के अलावा और दूसरे कई धर्मों और संस्कृतियों में भी 108 अंक को महत्व हासिल है। जैसे बौद्ध धर्म की कई शाखाओं में यह माना गया है कि कि व्यक्ति के भीतर 108 प्रकार की भावनाएं जन्म लेती हैं। लंकावत्र सूत्र में भी एक खंड है, जिसमें बोधिसत्व महामती, बुद्ध से 108 सवाल पूछते हैं. एक दूसरे खंड में बौद्ध 108 निषेधों को भी बताते हैं। ऐसा भी देखा गया है कि बहुत से बौद्ध मंदिरों में सीढ़ियां भी 108 रखी गई हैं।वहीं जापानी संस्कृति में बौद्ध धर्म के अनुयायी बीतते साल को अलविदा कहने और नव वर्ष के आगमन के लिए मंदिर की घंटियों को 108 बार बजाते हैं। आखिर क्या कारण है कि 108 के अंक को हिन्दू धर्म में इतना महत्व हासिल है। 108 को शिव का अंक माना गया है. इसके पीछे वजह यह है कि मुख्?य शिवांगों की संख्या 108 होती है। 108 बेहद शुभ - हिंदू धर्म में 108 अंक को बेहद शुभ और पवित्र माना गया है। यही वजह है कि जब ईश्वर के नाम का या मंत्र का जप करना हो तो इसकी संख्?या 108 बार ही रखी जाती है। यही वजह है कि हिंदुओं की मंत्र जाप करने वाली माला में 108 मनके होते हैं. रुद्राक्ष की माला में भी 108 मनके ही होते हैं। बौद्ध मंदिर में भी 108 सीढ़ियां हैं - हिंदू धर्म के साथ साथ बौद्ध धर्म में भी 108 संख्या को विशेष शुभ माना जाता है। बौद्ध धर्म के अनुसार हर इंसान के मन में 108 प्रकार की भावनाएं होती हैं। यहां तक कि कई बौद्ध मंदिरों में चढ़ने के लिए बनाई गई सीढ़ियों की संख्या भी 108 होती है। भगवान कृष्?ण की 108 गोपियां- पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान कृष्?ण की गोपियों की संख्?या हजारों में थी, इनमें से भगवान श्रीकृष्ण को 108 गोपियां ही अत्यंत प्रिय थीं। ये 108 गोपियां भगवान श्रीकृष्ण की परम सखी मानी जाती हैं।भगवान शिव के तांडव में 108 मुद्राएं - भगवान शिव का भी 108 अंक से महत्?वपूर्ण कनेक्?शन है, जब भगवान शंकर क्रोधित होकर तांडव नृत्य करते हैं तो उसमें 108 मुद्राएं होती हैं।ज्योतिष शास्त्र में 108 अंक का महत्?व - ज्योतिष शास्त्र में भी 108 अंक का बड़ा महत्?व है, ज्?योतिष में 12 राशियां होती हैं और 9 ग्रह इनमें विचरण करते रहते हैं. 12 और 9 अंक का एक-दूसरे से गुना करने पर 108 आता है संपूर्ण ब्रह्मांड का स्वरूप है 108, वैदिक धर्म ग्रंथ एवं शास्त्रों में बताया गया है कि सम्पूर्ण ब्रह्मांड में कुल 27 तारामंडल हैं, जिन्हें नक्षत्र भी कहा गया है। इन सभी तारामंडल की चार दिशाएं हैं। इसलिए हम यदि 27 को 4 से गुणा करते हैं तो कुल 108 संख्या आती है। जिसका अर्थ यह निकलकर आता है कि संपूर्ण ब्रह्मांड का स्वरूप 108 अंक है। वेद एवं पुराणों में ऋषि और मुनियों ने बताया है कि सौरमंडल में पृथ्वी के अलावा अन्य कितने ग्रह और तारे हैं। उनके बीच में दूरी कितनी है या उनके व्यास कितनी है इत्यादि। गणित में व्यास जिसे इंग्लिश में डायामीटर भी कहते हैं, एक चक्र में ऐसी रेखांश होती है जो चक्र के केंद्र से निकलता है और किसी भी अति बिंदु के चक्र पर स्थित होता है। आश्चर्य की बात यह है कि इस बात का आकलन सैकड़ों साल पहले ही ऋषि-मुनियों द्वारा कर लिया गया था। बता दें कि जितनी सूर्य से पृथ्वी की दूरी है वह सूर्य के व्यास से 108 गुना अधिक है।

# कविता

## नव वर्ष की अनंत शुभकामनाएं

दर्द मायूसी के छूटे पल,
कोई वायरस करे न छल,
कोई पीड़ा अब ना आए सामने,
अब किसी को दर्द का एहसास न हो,
कोई गम आपके आसपास न हो,
खुशियाँ ही खुशियाँ आपके साथ हो,
जो गया,वो बीत गया,
विस्मृत हुए वो पल ,
अब सुखमय स्वस्थ पलों का शंखनाद हो,
नव नभ ,अप्रतिम नव सूरज,
नये आभामंडल का आगाज हो,
नव वर्ष शुभ हो,
ये शुभकामनायें हमेशा साथ हो,

संजीव ठाकुर

## व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी

**विजय गर्ग**

**व्हाट्सएप भारत में 2009 में आया। आज हर भाषा में ढेर सारे** व्हाट्सएप ग्रुप मौजूद हैं। इन समूहों को असंख्य नामों से जाना जाता है। जैसेः वॉयस मैसेज, चैट, कविता, गीत, गजल, भाषा, कहानियाँ, समाचार पत्र, पत्रिकाएँ, जानकारी, हास्य, चुटकुले, पहेलियाँ, कविता, गीत, संगीत, धार्मिक, सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, पारिवारिक आदि। व्हाट्सएप हैं विषयों के समूह, नाम. दोस्त! सवाल उठता है कि व्हाट्सएप ग्रुप की जरूरत क्यों है? इसके कई कारण हो सकते हैं. जैसेः- मानवीय रिश्तों के बीचदैनिक जीवन में गिरावट, रक्त संबंधों में बढ़ती दूरियां, युवाओं का विदेश की ओर पलायन, परिवारों का टूटना, व्यक्तिगत जीवन को प्राथमिकता देना, मुट्ठी भर महिलाओं की हर तरह से आजादी, घरेलू कामकाज करने वालों की संख्या आदि अनेक हैं। जिस कारण व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी की हद हो गई। जैसे-जैसे समूहों की संख्या बढ़ती गई, वैसे-वैसे उनके सदस्यों की संख्या भी बढ़ती गई। आज इन व्हाट्सएप ग्रुप के लोगों को बहुत ज्यादा महसूस होता है। प्रत्येक समूह की अपनी ताकत होती है। आप वहां अंतर भी देख सकते हैंनहीं मैं उनके लाभों पर कम नजर रखता हूं। लेकिन शारीरिक और मानसिक क्षति अधिक महसूस होती है। दोस्त! यह सबसे कठिन काम है. अपने मोबाइल फोन को हैंग होने से बचाएं. उनके लिए डेली सीजन्स को डिलीट करना आसान नहीं है, अच्छी बात ये है कि जिनके पास वक्त है. वे अपने काम से समय निकालकर अपना कीमती समय यहां बिताते हैं। जो लोग नौकरी से रिटायर हो चुके हैं या जो लोग घर से फ्री हैं यानी जिनके पास समय है। ये ग्रुप उनके लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं. उन्हें अकेलापन महसूस नहीं होताहो गया होता कुछ कार्यालय, विद्यालय भी अपने समूह बनाते हैं, जहां उन्हें घर बैठे महत्वपूर्ण सूचनाएं मिलती रहती हैं। वे एक दूसरे के साथ मस्ती भी करते रहते हैं. उनके पास ग्रुप एडमिन भी हैं. जिंग का काम ग्रुप के नियम बनाना और ग्रुप को सुचारु रूप से चलाना है. नए सदस्यों को जोड़ने के बाद यदि वे नियमों का पालन नहीं करेंगे तो उन्हें ग्रुप से बाहर कर दिया जाएगा आदि। अगर एडमिन को कई मैसेज पसंद नहीं आते तो वह उन्हें एक साथ हटा भी सकता है. किसी समूह में कुछ इच्छुक सदस्यवे भी जुड़ते हैं. वे अपने कार्यों का विज्ञापन करते थे। उन्हें ग्रुप से बैन करना एडमिन की मजबूरी भी बन जाती है. समूह में कुछ ऐसे ठग भी शामिल हो जाते हैं, जो अधिकतर सेवानिवृत्त वरिष्ठजनों की कोमल भावनाओं का फायदा उठाकर उनसे पैसे उधार ले लेते हैं और कभी वापस नहीं करते। हर ग्रुप एडमिन में कुछ ज्यादा ही अहंकार, अभिमान, ईर्ष्या और क्रोध के विकार होते हैं। दोषों की मात्रा कम या अधिक हो सकती है। सभी एडमिन ऐसे नहीं हैं, लेकिन ज्यादातर हैं।

# विचार

## भारतीय सड़कों पर जिम्मेदारी की भावना लाएगा हिट एंड रन बिल?

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

हिट एंड रन मामले वे होते हैं जहां सड़क दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहन का चालक घटनास्थल से भाग जाता है। भारतीय न्याय संहिता में लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण हुई मौत के लिए जेल की सजा को बढ़ाकर सात साल तक की जेल और जुमार्ना करने का भी प्रस्ताव किया गया है, जो गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में आता है। आईपीसी की धारा 304ए के तहत मौजूदा प्रावधान, जो "दो साल तक की जेल या जुमार्ना या दोनों" का प्रावधान करता है। ये प्रस्तावित प्रावधान गलती करने वाले ड्राइवरों के लिए निवारक साबित होने की संभावना है, जो अक्सर जुमार्ना देकर बच जाते हैं या कम जेल की सजा काटते हैं। वर्तमान में, हिट एंड रन मामलों में आरोपियों पर उनकी पहचान के बाद धारा 304ए के तहत मुकदमा चलाया जाता है और इसलिए वे ज्यादातर मामलों में मामूली सजा के साथ भी बच जाते हैं। धारा 104 (2) के तहत नए प्रावधान कोई लापरवाही से या गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में आने वाले किसी भी व्यक्ति की मौत का कारण बनता है और घटना स्थल से भाग जाता है या घटना की रिपोर्ट करने में विफल रहता है। घटना के तुरंत बाद पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट को 10 साल तक की कैद की सजा दी जाएगी और इसके लिए उत्तरदायी भी होगा। हिट-एंड-रन मामला भारत में सड़क दुर्घटनाओं का एक आम मामला बन गया है। सरल शब्दों में, हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं को एक ऐसे मामले के रूप में वर्णित किया जा सकता है, जहां एक व्यक्ति गाड़ी चलाते समय दूसरे वाहन को टक्कर मारता है और मौके से भाग जाता है। अपने वाहन से संबंधित सड़क दुर्घटना की रिपोर्ट करना ड्राइवर की आपराधिक और नागरिक जिम्मेदारी है। जैसे-जैसे भारत में हिट-एंड-रन के मामले बढ़ रहे हैं, मोटर वाहन अधिनियम को समझना आवश्यक है, जो हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं में शामिल किसी भी व्यक्ति पर लगाए गए कानूनों की व्याख्या करता है। सड़क दुर्घटना के आंकड़े बताते हैं कि कैसे सड़कें हर किसी के लिए असुरक्षित जगह बन गई हैं। भारत में सभी सड़क दुर्घटनाओं में से 30 प्रतिशत से अधिक हिट-एंड-रन के मामले हैं, लेकिन हिट-एंड-रन दुर्घटना के केवल 10 प्रतिशत ड्राइवरों पर ही मामला दर्ज किया जाता है। दूसरे व्यक्ति की सुरक्षा के प्रति चिंता की कमी, लापरवाही से गाड़ी चलाना आम हैं। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में ऐसा कानून शामिल है जो हिट-एंड-रन दुर्घटना में शामिल व्यक्ति को कड़ी सजा देता है। हिट-एंड-रन की घटनाओं के पीड़ितों पर आईपीसी की धारा 279, 304ए और 338 लगाई जाती हैं। लापरवाही से गाड़ी चलाने और हिट एंड रन के मामलों में सरकारी आंकड़ों के अनुसार, चार वर्षों में भारतीय सड़कों पर हिट एंड रन के मामलों में कुल एक लाख से अधिक लोग मारे गए। आमतौर पर वर्तमान में पुलिस जांच अधिकारी आईपीसी से संबंधित धाराओं में प्रशिक्षित होते हैं और मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के बारे में शायद ही जानते हों। इसलिए यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि पुलिस अधिकारी एमवी अधिनियम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसके प्रावधानों को भी समझें।" प्रस्तावित विधेयक में तेज गति से या लापरवाही से गाड़ी चलाने से मानव जीवन को खतरे में डालने या किसी अन्य व्यक्ति को चोट या चोट पहुंचाने की संभावना के लिए आईपीसी के समान प्रावधान को बरकरार रखा गया है। ऐसे अपराध के लिए छह महीने तक की जेल या 1,000 रुपये तक जुमार्ना या दोनों की सजा हो सकती है। यह सर्वविदित है कि भारत दुनिया के सबसे अधिक दुर्घटना-प्रवण देशों में से एक है, जहां लगभग 1,50,000 मौतें होती हैं, जो दुनिया भर में मोटर वाहनों से संबंधित सभी मौतों का 10% है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की पोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं भारत में होती हैं। यहां तक कि सबसे अधिक आबादी वाला देश चीन भी इस मामले में हमसे पीछे है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## शुभकामनाएं ही शुभकामनाये

**रेखा शाह आरबी**

**अपने देश** में शुभ अवसर और शुभ दिवसों पर शुभकामनाएं देने और लेने का जबरदस्त प्रचलन है । जब भी कोई शुभ अवसर आता है तो व्यक्ति अपने नाते रिश्तेदारों को स्नेह निमंत्रण भेजना चाहता है । यह उसके प्रेम आदर और स्नेह का प्रतीक होता है । और जब से सोशल मीडिया और स्मार्ट फोन आया है तब से तो इस वृत्ति को बहुत ही ज्यादा बढ़ावा मिला है । बढ़ावा कहना बहुत ही छोटा शब्द होगा कभी-कभी तो किसी अवसर पर विशेष कर नये साल पर लोग इतनी बधाइयां, शुभकामनाएं देते हैं की.. फोन कहने लगता है.. मलिक मुझ पर रहम करो वरना मेरे प्राण निकल जाएंगे और ओवरलोड होकर बेहोश होने लगता है।

और मोबाइल की बेहोशी दूर करने के लिए उस पर फार्मेट का पानी मारना पड़ता है या सबके शुभकामना आशिर्वाद को ना चाहते हुए भी डिलीट करना पड़ता है

पहले के जमाने में किसी को शुभकामनाएं देने के लिए उसके घर जाना पड़ता था। साथ में कुछ मीठा मिष्ठान भी ले जाना पड़ता था । और दिन भर का समय निकालना पड़ता था। इसीलिए कोई भी किसी को शुभकामना संदेश तभी देता था। जब बहुत जरूरी होता था और वह इंसान बहुत अपना होता था । लेकिन इस सोशल मीडिया के जमाने में और स्मार्टफोन के जमाने में हर कोई अपना है। सोशल मीडिया और स्मार्टफोन ने लोगों के ऊपर बहुत उपकार कर दिया है किराए के पैसे के साथ-साथ मिठाई के पैसे भी बचा दिए.. अब जिसको देना है उतना देते रहिए जब मन करे तब देते रहिए । अब आप दुनिया में ट्रक भर भर कर स्नैह और प्रेम बांटने के लिए स्वतंत्र है यदि आपके पास स्मार्टफोन और नेट है । ऐसे ही कृत्य के लिए एक कहावत है- हर लगे ना फिटकरी रंग चोखा आए.. अब आप शुभकामना संदेश सुबह दीजिए शाम दीजिए..।

हर ऐरे-गैरे नत्थू खैरे को शुभकामना संदेश दीजिए और लिजिए ।फोन वाले यदि फूल और इमोजी इस्तेमाल करने पर पैसे लगाने लगे तो पता चलेगा की कोई गुलाब का फूल छोडिऐ गेंदे का फूल भी किसी को कोई ना दे। चार्ज नहीं लगने के कारण ही नए साल के अवसर पर मोबाइल को सामान्य अवस्था में लाने के लिए कम से कम दो-तीन दिन का समय लगता है।

## यह कैसी पीड़ा

**डॉ. सुरेश कुमार**

**मेरा प्यारा पोता! कैसा है** रे तू? मुझे बड़ी जमकर भूख लगी है। तेरी माँ से पूछकर कुछ खाने को देना झ घर के आंगन में खड़ी दादी ने पोते के सिर पर हाथ फेरते हुए कहा। पोता घर के भीतर जाकर माँ से दादी के लिए खाना परोसने की चिरौरी करने लगा। माँ ने खाना देने के बजाय उसे दो तमाचे लगा दिए। कहा झ चला है बड़ा दादी का नौकर बनने! बित्ते भर का हुआ नहीं कि मुझ पर हुकुम चला रहा है। वैसे भी गलती तेरी नहीं, मेरी सास की है जो आए दिन हमारे घर-संसार में आग लगाने आ जाती है। इतनी उमर हो गई है फिर मर क्यों नहीं जाती। दुनिया भर के लोगों को मौत आती है। बस इन्हें नहीं आती। मरे तो पिंड छुड़ाऊँ। लड़के के रोने की आवाज सुन पिता बाहर आ गए। देखते ही पूरा माजरा समझ गए। घर के बाहर आंगन में आकर माँ से कहने लगे - माँ! अब तेरे कलेजे को ठंडक मिली अपने पोते को मार खिलाकर। तू तो हमारे जान की आफत बन गई है। एक पल चैन से रहने नहीं देती। अच्छे खासे घर में आग लगाने आ जाती है। तू सठिया गई है।

लाख समझाऊँ लेकिन समझने का नाम नहीं लेती। तुझे कितनी बार याद दिलाऊँ कि संपत्ति के साथ-साथ तेरा बंटवारा भी हो गया है। सोमवार से गुरुवार तक तू भैया की और शुक्रवार से रविवार तक मेरी जिम्मेदारी है। आज मंगलवार है। फिर तू यहाँ क्यों चली आई? बेटे की बात सुन माँ ने धीमे से कहा झ जानती हूँ बेटा मेरा बंटवारा हो गया है। गाय-गोरु के साथ मुझे भी बांट दिया गया है। मुझसे तो ज्यादा नसीब वाले गाय-गोरु हैं जिन्हें समय से खाने को तो मिल जाता है। इस बुढ़ापे में तुम लोगों की सुईं सी चुभती बातें सुनने का शौक थोड़े न है। बेटा! तेरा भैया अपने परिवार के साथ कहीं बाहर गया है। मैं कल से भूखी हूँ। बड़ी कमजोरी सी लग रही है। चक्कर भी आ रहा है। अगर कुछ हो गया तो दुनिया के लोग क्या कहेंगे कि दो-दो जवान बेटों के रहते माँ की क्या हालत हो गई। दूसरों के घर जाकर मांग भी नहीं सकती। वे देने को तो कुछ न कुछ दे देंगे, लेकिन मेरे बच्चों के बारे में लाख भला-बुरा कहेंगे। मैं सब कुछ सह सकती हूँ लेकिन तुम लोगों को कोई कुछ कह दे, मैं कतई बर्दाश्त नहीं कर सकती। मैं तेरे हाथ जोड़ती हूँ। पैर पड़ती हूँ। कुछ खाने को है तो दे दे।

## न्यूज फ्लैश

### नौकरी की तलाश में आए बिहार के युवक से हुई मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** बिहार से अंबाला में नौकरी की तलाश में आए युवक का रास्ता रोक मारपीट करने व लूटपाट करने का मामला सामने आया है। घटना साहा थाना एरिया के अंतर्गत आने वाले इंडस्ट्रीज एरिया की है। ऐन वक्त पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जबकि दूसरा आरोपी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस को सौंपी शिकायत में मूलरूप से बिहार के गांव भैसही (गोपालगंज) निवासी सोने लाल ने बताया कि वह शीतला माता मंदिर मुलाना के पास नीरज सेठी मकान में किराए पर रह रहा है। नौकरी की तलाश में रविवार को नौकरी की तलाश में मुलाना से साहा की तरफ आ रहा था। इंडस्ट्रीज एरिया की तरफ जाने लगा तो बाइक पर 2 युवक आए। दोनों युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया और पूछा कि कहां जा रहे हो। जब उसने अपने दोस्त से मिलकर आने की बात कही तो दोनों बदमाशों ने मारना-पीटना शुरू कर दिया।

### रोटरी क्लब आफ गन्नौर रायल द्वारा लगाए रक्तदान शिविर में 42 युवाओं ने किया रक्तदान

**गन्नौर। रोटरी** क्लब आफ गन्नौर रायल द्वारा सोमवार को नव वर्ष के उपलक्ष्य में गढ़ी केसरी श्रीकृष्ण प्रणामी मन्दिर गऊशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गऊशाला के संचालक श्यामदास महाराज व समिति के प्रधान सतपाल शर्मा सहित 42 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर की व्यवस्था क्लब के प्रधान जतिन जैन, नितिन जैन, पूर्व प्रधान अजय त्यागी सहित क्लब के सदस्यों ने संभाली। रोटरी क्लब की टीम ने युवाओं से रक्तदान करवाया। क्लब के प्रधान जतिन जैन ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मानवता की सेवा करने के लिए कई तरीके है। रक्तदान करना भी उनमें से एक है। रक्तदान महादान है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति श्रम का दान नही कर सकता वह रक्तदान करके पुण्य कमा सकता है। पूर्व प्रधान अजय त्यागी ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में रक्त की कमी नही आती बल्कि शरीर रक्त की कमी को शीघ्र पूरी कर लेता है। इस मौके पर प्रोजेक्ट चेयरमैन रजत जैन आदि क्लब के पदाधिकारयों ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

### घर के अंदर खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल को किया आग के हवाले, मामला दर्ज

**गन्नौर। खिजरपुर** अहीर गांव में घर के अंदर खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल में अज्ञात ने आग लगा दी। आग लगने से मोटरसाइकिल पूरी तरह से जल गई। मोटरसाइकिल मालिक ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना में दी। शिकायत में गांव खिजरपुर अहीर निवासी सुमित ने बताया कि वह बजाज फाईनेंस गन्नौर मे नौकरी करता है। 31 दिसंबर को वह अपने परिवार के साथ घर के अंदर सो रहा था। उसकी बुलेट मोटरसाइकिल घर के अंदर प्रांगण में ही खड़ी हुई थी। वह और उसके परिवार के सदस्य अपने कमरों में सो रहे थे। रात करीब ढाई बजे उन्हें जलने की बदबू आने लगी। जिसके बाद उन्होंने कमरों से बाहर निकल कर देखा तो उसकी बुलेट मोटरसाइकिल में आग लगी हुई थी और पूरे घर में धूंआ फैला हुआ था। आग लगने की वजह से उसकी मोटरसाइकिल पूरी तरह से जल गई। सूमित ने बताया कि उसके घर के गमले में टूटे हुए थे। जिसके बाद उन्होंने डायल 112 पर घटना की जानकारी दी। सुमित का कहना है कि अज्ञात व्यक्ति ने उसके घर में घुस कर उसकी मोटरसाइकिल को आग लगाई और गमले भी तोड़े हैं। पुलिस ने सुमित की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 156 लोगों ने जांच करवाने के लिए निशुल्क दवाईयां ली

**गन्नौर। रेलवे रोड** स्थित नई अनाज मंडी में माईचंद अस्पताल के द्वारा निशुल्क स्वास्थय जांच शिविर लगाया गया। शिविर में जरूरतमंदों को निशुल्क दवाईयां भी दी गई। शिविर की शुभारम्भ विधायक निर्मल चौधरी व विशेष्ज्ञ अतिथि भाजपा नेता राजेन्द्र कौशिक ने किया। विधायक का पहुंचने पर कप्तान नांदल, मेहर सिंह ,शिविर के मागदर्शक पूर्व चेयरमैन रामकुवार धनखड़ आदि ने बूके देकर स्वागत किया। शिविर में 156 लोगों ने आपने स्वास्थय की जांच करवाई व जरूरतमंद ने दवाई ली। शिविर में डा. नीरज, महिला रोग विशेषज्ञ डा. दीप्ती, होम्योपैथिक डा. शिक्षा, डा. आशीष कुमार ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में आए लोगों को संबोधित करते हुए विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि नव वर्ष पर अस्पताल द्वारा स्वास्थय जांच शिविर व निशुल्क दवाईयां देकर सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने अस्पताल के मुख्य चिकित्सक डा. नीरज द्वारा शिविर आयोजन करने पर कहा कि बहुत नेक काम कर अस्पताल द्वारा नए साल की शुरूआत की है। विशेष अतिथि राजेन्द्र कौशिक ने कहा कि यह समाजसेवा का अच्छा तरीका है। इससे गरीब व जरूरतमंद की अच्छी मदद हो सकती है। अन्य चिकित्सकों को भी इस तरह के शिविर लगाने चाहिए ताकि समाजसेवा के साथ गरीब की मदद हो सके। डा. नीरज ने शिविर में आए लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि सबसे जरूरी है कि लोग अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखे, बाहर की व तली हुई चाजे खाने से परहेज करे। समय- समय पर अपने स्वास्थय की जांच करवाते रहे। बुजुर्गों व बच्चों का सर्दी में बचाव करते हुए उनका ध्यान रखे। ठंड लगने पर अभिभावकों के साथ बच्चों को काफी दिक्कत होती है। शिविर की व्यवस्था अस्पताल के स्टाफ कुशल राठी आदि ने संभाली।

### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**गन्नौर। कांग्रेस** प्रदेशाध्यक्ष उदयभान का गन्नौर जीटी रोड पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान उदयभान ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता कमर कस लें। आने वाले समय में सरकार कांग्रेस बनाएगी। उन्होंने कहा कि देश का किसान, छोटा दुकानदार, युवा वर्ग, रसोई घर चिंता में है कि उनका जीवन बशर कैसे होगा। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं में बहुत उत्साह है। कार्यकर्ता सकारात्मक तरीके से पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा प्रदेश सरकार हर मामले में फेल है। रोजगार महंगाई और भ्रष्टाचार केवल इस सरकार की पहचान बन चुकी है। कार्यकताओं से मिलने के बाद उदयभान करनाल के लिए रवाना हो गए।

# न्याय संहिता बिल के विरोध में किया प्रदर्शन

## ग्रामीण रूटों पर यात्रियों को उठानी पड़ी भारी परेशानी, नांगल चौधरी में ड्राइवरों ने फूंका अमित शाह का पुतला

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल। न्याय** संहिता बिल के विरोध में सोमवार को जिला भर विरोध किया गया। प्राइवेट वाहनों का चलन ठप्प रहा , वहीं निजी वाहन चालकों ने सरकार विरोधी नारे लगाते बिल को वापिस लेने की मांग की । नांगल चौधरी में निजी वाहन चालकों ने अनाजमंडी में एकत्रित हो जलूस निकाला तथा अस्थाई बस अड्डे पर देश के गृह मंत्री का पुतला दहन किया । सभी ड्राइवर अस्थाई बस अड्डे पर विरोध प्रदर्शन कर दोबारा अनाजमंडी में एकत्रित हुए और दिनभर ताश खेलने और चाय की चुस्की लेते नजर आए । इस प्रकार चक्का जाम के चलते ग्रामीण रूटों पर निजी बसों का संचालन ठप्प रहा। ग्रामीण इलाकों में आवागमन को लेकर






यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग अपने संसाधनों से गंतव्य तक पहुंचते देखे गए।

जिला मुख्यालय नारनौल सहित महेंद्रगढ़ में न्याय संहिता बिल का पुरजोर विरोध किया गया। विरोध करने वालों में निजी बसों , टेंपो , टैक्सी चालक शामिल रहे । सभी ने एक स्वर में कहा कि सरकार ने जो नया बिल पास किया है , उसको देखते हुए अब सड़क पर वाहन चलाना ड्राइवर के लिए फांसी खाने से कम नहीं है। नए बिल के अनुसार अब सड़क दुर्घटना होने की स्थिती में ड्राइवर को घटनास्थल पर ही रुककर घायल को अस्पताल इलाज के लिए ले जाना होगा । वहीं यदि इत्तफाक से अस्पताल में भी यदि दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की मौत हो जाती है तो ड्राइवर को 10 साल कैद और लगभग इतना ही जुमार्ना अदा करना अनिवार्य होगा । वहीं ड्राइवर तबके का कहना है कि चालक वर्ग के लिए सरकार ने एक तरफ कुंआ तो एक तरफ खाई खोदने का काम किया है। यदि ड्राइवर मानवता दिखाते हुए दुर्घटना में घायल हुए शख्स को अस्पताल पहुंचाने के मौके पर रुकता है तो जनता ड्राइवर के खून की प्यासी हो जाती है और यदि मौके से भाग कर ड्राइवर अपनी जान बचाएगा तो सरकारी नियम ड्राइवर के घातक साबित होंगे।इन परिस्थितियों में अब ड्राइवर लाइन में बने रहना मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुमकिन है । ड्राईवर वर्ग ने सरकार से मांग की है कि यदि सरकार ड्राइवर पेशे को जीवित रखना चाहती है तो नया कानून रद्द करना होगा वरना वर्तमान में जो लोग इस व्यवसाय से जुड़कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं, उन्हें मजबूरन यह धंधा छोड़ना पड़ेगा । हड़ताल के बारे में ड्राइवर तबका दो भागों में विभाजीत नजर आया । एक वर्ग अनिश्चित कालीन हड़ताल की तरफदारी करता देखा गया तो दूसरा तबका मात्र 3जनवरी तक चक्का जाम के पक्ष में था ।

### श्री विश्वकर्मा मंदिर मे स्थापित किया गया अक्षत कलश

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। श्री** रामलला जी की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को अयोध्या धाम मे हो रही है। श्री रामलला मंदिर से आये हुए अक्षत कलश देश के विभिन्न मंदिरों मे स्थापित हो रहे है। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत आज एक अक्षत कलश मंत्रोच्चारण के साथ करनाल नगर के शिवकलोनी में स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर मे स्थापित किया गया।

श्री रामलला जी के मंदिर अयोध्या धाम से आये हुये अक्षत, चित्र और पम्पलेट को श्री विश्वकर्मा मंदिर पांचाल सभा से 1 जनवरी से 15 जनवरी 2024 तक दोपहर तीन बजे से शिव कालोनी, शास्त्री नगर और फ्रेंड्स कलोनी के प्रत्येक घर मे वितरित किए जायेंगे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शाखा कार्यवाहक अशोक कुमार ने बताया कि श्री राम जी के अक्षत वितरण करने के लिए श्री विश्वकर्मा मंदिर से अभियान शुरू कर दिया गया है। टोली में कार्यकर्ता अक्षत लेकर घरों में पहुंचे, जहां उन्होंने श्री रामलला मंदिर के उद्घाटन को लेकर लोगों से इस दिन घरों में दीप जलाने और दीपावली मनाने का आग्रह किया।

## नए कानून को लेकर ट्रक व बस ड्राइवर ने की हड़ताल

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला छावनी बस स्टैंड पर प्राइवेट बस चालकों ने बसें रोकते हुए हड़ताल की और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा सरकार से मांग करते हुए कहा कि नए बनाए गए कानून को वापिस लिया जाए।

देश में लागू हुए नए हिट एंड रन कानून के खिलाफ ट्रांसपोर्टर और ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर चले गए हैं। भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर 7 लाख रुपए तक का जुमार्ना और 10 साल तक कैद का प्रावधान है।

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने हिट एंड रन कानून को सख्त



बनाने का विरोध किया है। संगठन ने चक्काजाम का आह्वान किया। इसके बाद से देशभर में हड़ताल शुरू हो गई है। ट्रक ड्राइवरों और ट्रांसपोर्टर्स ने शनिवार 30 दिसंबर को जयपुर, मेरठ, आगरा एक्सप्रेस वे सहित कई हाईवे पर प्रोटेस्ट किया।

इस हड़ताल का आम आदमी पर सीधा असर देखने को मिलेगा। ट्रकों की हड़ताल होने से दूध, सब्जी और फलों की आवक नहीं होगी और कीमतों पर इसका सीधा असर देखने को मिलेगा। वहीं, पेट्रोल-डीजल की सप्लाई रुक जाएगी, जिससे लोकल ट्रांसपोर्ट और आम लोगों को आवाजाही में दिक्कत होगी। नए कानून के तहत हिट एंड रन के मामले में ड्राइवर को 10 साल की कैद व 5 लाख जुमार्ने का प्रावधान किया गया है। जिसको लेकर ड्राइवर खफा है और धरने पर उतर प्रदर्शन कर रहे हैं। ड्राइवरो का कहना है यह काला कानून है। वे छोटी नौकरी करते हैं ऐसे में कोई हादसा अचानक हो जाता है तो उसकी बड़ी सजा देना ठीक नही है। अचानक हुए हादसे पर यदि वे मदद करते हैं तो लोग उनसे मारपीट करते हैं। अगर वे किसी की मदद कर उसे हस्पताल ले जाएं तो सरकार उन्हें मार देगी।

## आईआईटीएएमएसए नव वर्ष पर मूल्यांकित भंडारा

**एक्शन इंडिया, गोहाना (भंवर सिंह)**

**ऑल इंडिया** इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिकल साइंसेज (मैट आईएएमएस) द्वारा नव वर्ष पर भंडारे का आयोजन किया गया। यह भंडारा गांव खानपुर सोसाइटी स्थित बाबा भूरे खां सैयद के यहां स्थित है। कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान के प्रबंध निदेशक डा. राकेश कुमार ने की। बाबा माखन गिरी जी महाराज को मुख्य रूप से आशीर्वाद देते हुए। डा. राकेश ने बताया कि नव वर्ष गांव खानपुर में भंडारे का आयोजन किया गया था और नव वर्ष उत्साह कुमार के साथ मनाया गया था। इस दौरान संतो को दान-



दक्षिणा विकेट का सम्मान दिया गया। भंडारे में सांकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। संस्थान पिछले 14 वर्षों से इलेक्ट्रोनिक होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति में लोगों की सेवा कर रहा है। हजारों लोगों को स्वास्थ्य लाभ दे दिया गया है। संस्थान ने लाइलाज से परेशान लोगों का इलाज भी किया। इलेक्शन होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से लीलैज प्रयोगशाला से बहुत जल्द आराम मिलता है। इलेक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा पद्धति कादुष्प्रभाव भी नहीं है।

### श्रीकृष्ण प्रणामी गोशाला सेवा समिति का 15वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**गन्नौर।** गढ़ी केसरी स्थित श्रीकृष्ण प्रणामी गोशाला सेवा समिति का 15वां वार्षिकोत्सव गोशाला के संस्थापक गौऋर्षि श्यामदास महाराज की देखरेख में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हवन यज्ञ व गोमाता की पूजा के साथ हुई। इस अवसर पर रागनी कम्पीटिशन का आयोजन हुआ। जिसमें पैप्सी शर्मा, दीपा चौधरी, सुषमा ठाकुर, शिल्पी तिवारी, उमा शंकर ने अपनी प्रस्तुतियां देते हुए लोगों को गोमाता की सेवा करने व देश के लिए समर्पित भाव रखने का संदेश दिया।

## 'विकसित भारत संकल्प यात्रा का मिल रहा जनता को लाभ'



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। पूर्व** विधायक स. बख्शीश सिंह विर्क ने कहा कि मोदी की गांरटी वाली गाड़ी की गारंटी है कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत लोगों को मिले। विकसित भारत सकंल्प यात्रा के माध्यम से हर आदमी को योजनाओं के बारे में जागरूक करके योग्य पात्रों को इन योजनाओं का लाभ दिलवाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन है कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। पूर्व विधायक सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव खिजराबाद व गांव डेरा गामा के सामूहिक कार्यक्रम में लोगो को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी प्रदेश के हर गांव व वार्ड में जा रही है। हरियाणा के 6200 गांवों के साथ-साथ शहरों के सभी वार्डों को यह कवर करेगी। इस गाड़ी के आने का मकसद यही है कि प्रदेश व केन्द्र सरकार द्वारा जो योजनाएं लोगों के कल्याणार्थ शुरू की गई हैं, उनमें से एक भी लाभार्थी इन योजनाओं का लाभ हासिल करने में पीछे न रहे। पूर्व विधायक ने कहा कि वर्ष 2047 को सामने रखकर योजनाएं बनाई जा रही हैं कि हिन्दुस्तान कैसा हो, लोगों की सभी आवश्यकताएं पूरी हों। इस संकल्प के तहत हम सबको मिलकर कार्य करना होगा। सरकार और लोगों ने मिलकर पहले प्रदेश को ओडीएफ बनाने का काम किया है और अब हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को मिलकर पूरा करना है। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का बारीकी से अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों से उनके विभाग से सम्बन्धित जो जानकारी दी जा रही थी, उस बारे जानकारी ली, उन्होंने कहा कि योजना से संबन्धित पात्र व्यक्ति है उसे योजना का लाभ दिलवाने में उसकी सहायता करें। कार्यक्रम में 5 पात्र लोगों को पेंशन प्रमाण पत्र तथा अन्य योजनाओं का लाभ दिया गया। इस मौके पर भाजपा नेता बृजमोहन टक्कर ने ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प की शपथ भी दिलाई।

## सेफ इंडिया फाउंडेशन ने किया आठ लावारिस अस्थियों का विसर्जन

**सोनीपत/**

**सेफ इंडिया** फाउंडेशन द्वारा जिला सोनीपत के शमशानों में रखी हुई अस्थियां जिनमे से गन्नौर से 4 लावारिस अस्थि व

सोनीपत से 4 अस्थि लेकर अस्थि विसर्जन कार्यक्रम के तहत आज जिले के अलग अलग शमशानों से लावारिस लोगों की अस्थि इकट्ठा कर विधि विधान से पूजा करवा कर हरिद्वार गंगा जी में विसर्जित किया गया

सुबह 5 बजे तिरंगा चौक शिवमुक्ति धाम सोनीपत से अस्थि लेकर संस्था के उपप्रधान प्रवीण वर्मा,समाज सेवी नरेन्द्र भूटानी,मास्टर दिलबाग, सतीश बाल्याण के साथ रवाना किया गया,



हरी झंडी संस्था के प्रधान संजय सिंगला ने दिखाई, सेफ इंडिया फाउंडेशन के चेयरमैन वाई के त्यागी ने बताया कि हर महीने की पहली तारीख को जिला सोनीपत के सभी शमशान घाटों से लावारिस अस्थियों को लेकर विसर्जन किया जाता है तथा जो लोग अपने खर्चे पर अपने परिजनों की अस्थि विसर्जन के लिए हरिद्वार नही ले जा सकते उनको भी इस गाड़ी में आने जाने की निःशुल्क व्यवस्था की गई है

उन्होंने बताया कि कहते है जिसका कोई नहीं होता उसके भगवान होते है और उन्हीं प्रभु की कृपा से यह सेवा चल रही है,इसके अलावा संस्था द्वारा सूखे या खराब हुए तुलसी के या अन्य धार्मिक पौधों को भी गंगा जी विसर्जित करने का कार्यक्रम शुरू किया है जिसके तहत आज काफी तुलसी के पौधे भी गंगा जी प्रवाहित किये गए इस कार्यक्रम के संयोजक दिनेश कुच्छल है, सेफ इंडिया फाउंडेशन लगातार कई वर्षो से यह अस्थि विसर्जन कार्य कर रही है,

संजय सिंगला ने बताया कि हमारी यह टीम हर महीने की पहली तारीख को चाहे गर्मी, सर्दी, बरसात या फिर कोई और समस्या फिर भी इस नेक कार्य को नहीं रोका जाता और यह अस्थि विसर्जन किया जाता है।

## मोदी सरकार अबकी बार 400 पार, हरियाणा में फिर बनेगी खट्टर सरकार : करतार सिंह

**समालखा,1 जनवरी. ( कुलदीप सिंह)**

**2024 में मोदी सरकार** अबकी बार 400 पार,हरियाणा में भी तीसरी बार बनेगी खट्टर सरकार।यह घोषणा किसी भाजपा नेता ने नहीं बल्कि बहुजन समाज पार्टी के नेता एवं हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री करतार सिंह भड़ाना ने की है। भड़ाना सोमवार को समालखा स्थित अपने आवास पर एस एन फिलिंग स्टेशन के लक्की ड्रा समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। भड़ाना यही नहीं रूके उन्होंने पीएम नरेन्द्र मोदी की तुलना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ करते हुए कहा कि 2024 में 400 पार के आंकड़े के साथ केन्द्र में सरकार बनाने के बाद 2025 में ऐसे काम करेंगे कि देश की जनता मोदी को दूसरा गांधी कहेंगे। समालखा विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रहे करतार सिंह भड़ाना ने क्षेत्र वासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज समालखा से चुनाव लडने की तैयारियां कर रहे नेताओं की नींद उड़ गई होगी कि करतार फिर आ लिया। लेकिन मैं जुबां का धनी हुं। मेरे पास एक ही दौलत है और वो है मेरी जुबान।

भड़ाना ने कहा कि उन्होंने अपने 17 सूत्री कार्यक्रम की पुन्हाना में रैली के दौरान प्रदेश वासियों को वायदा किया था कि वह जब तक जिन्दा है हरियाणा में चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने कहा समालखा के नेता बैचेन ना हो इसलिए अपनी प्रतिज्ञा को दोहराते हुए कहा कि अगर उन्हें इंद्र का सिंहासन भी मिले तो भी वह अपनी जुबान पर कायम रहेंगे समालखा से तो क्या हरियाणा की किसी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव नहीं लड़ेंगे। लेकिन जनहित ओर देशहित में अपना 17 सूत्री कार्यक्रम जारी रखेंगे।

पूर्व मंत्री करतार सिंह भड़ाना द्वारा संचालित समालखा स्थित एस एन फिलिंग स्टेशन से पैट्रोल व डीजल भरवाने वाले उपभोक्ताओं का लक्की ड्रा भाजपा की जिलाध्यक्षा अर्चना गुप्ता के हाथों से निकलवाया गया।

## नारायणगढ़ एसडीएम कार्यालय में किसान बैठे भूख हड़ताल पर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) भारतीय** किसान यूनियन के सदस्यों ने जिला अंबाला के नारायणगढ़ एसडीएम कार्यालय के आगे किसानों का की प्रदेश सरकार गौरी नीति अपना रही है प्रदेश उपा अध्यक्ष विक्रम राणा ,संजीव बख्तुआ, सुखबीर बख्तूअ, पंकज बुड्डा खेड़ा, धरमबीर धीमान कल्याणा--भूख हड़ताल पर किसान एसडीएम ऑफिस नारायणगढ़ में 10.30 से 5 बजे तक धरना प्रदर्शन किया। शुगर मिल के बारे सुप्रीम कोर्ट के कुर्की के आदेश आने के बाद एडवोकेट धर्मवीर ढींडसा अध्यक्ष संयुक्त किसान मजदूर इंकलाब यूनियन व विक्रम राणा प्रदेश



उपाध्यक्ष भाकियू भगत सिंह गुट, संयुक्त गन्ना किसान कमेटी के प्रधान गुरविंदर सिंह तथा किसान नेता मदन पाल राणा आदि ने अन्य किसानों सहित एसडीएम कार्यालय नारायणगढ़ में धरना दिया।

किसानों ने हरियाणा सरकार व नारायणगढ़ प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धर्मवीर ढींडसा, विक्रम राणा व गुरविन्दर सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने नारायणगढ़ शुगर मिल के कुर्की के आदेश जारी किए हैं। किसानों की गत वर्ष व मौजूदा वर्ष की पेमेंट तथा फसल ऋण सहित करीब 125 करोड़ रुपए की पेमेंट शुगर मिल की ओर बकाया है। प्रशासन द्वारा किसानों को अंधेरे में रखा गया। अगर शुगर मिल की कुर्की होनी थी तो प्रशासन ने पूरी जानकारी होते हुए भी किसानों को कोर्ट के आदेश बारे अवगत क्यों नहीं कराया। अगर शुगर मिल कुर्क होती है तो किसानों के 100 करोड़ रुपए से अधिक बकाया राशि का जिम्मेदार कौन होगा। गठबंधन सरकार और स्थानीय प्रशासन किसानों की मांगों की अनदेखी कर रहा है। हरियाणा सरकार व नारायणगढ़ प्रशासन की देखरेख में शुगर मिल चल रही है और किसानों का गन्ना हरियाणा सरकार व नारायणगढ़ प्रशासन की देखरेख में ही शुगर मिल में डाला जा रहा है। सरकार व प्रशासन को कई मास पहले से पता था कि शुगर मिल की सम्पत्ति कुर्क करने के आदेश आ चुके हैं तो किसानों का गन्ना शुगर मिल में क्यों गिरवाया जा रहा है? किसानों का गन्ना सरकार ने लिया है शुगर मिल को सरकार चला रही है तो फसल ऋण और अन्य पेमेन्ट की जिम्मेवारी भी सरकार की है। किसानों की पेमेंट की जिम्मेवारी सरकार व नारायणगढ़ प्रशासन द्वारा ली जाए।

## न्यूज फ्लैश

### निमंत्रण देने का कार्य शुरू, राम भक्तों ने वाल्मिकी परिवारों से की निमंत्रण देने की शुरूआत

**चंडीगढ़/ गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**
अयोध्या धाम से आए निमंत्रण रूपी पवित्र अक्षतों को पूरे हरियाणा में घर-घर तक पहुंचाने का अभियान सोमवार से शुरू हो गया। भगवान श्रीराम का चित्र, संपर्क पत्रों के साथ राम भक्तों ने गुरुग्राम में घर-घर जाकर राम मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमंत्रण देकर अभियान का श्री गणेश किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघ चालक पवन जिंदल सदर बाजार स्थित वाल्मीकि बस्ती में पहुंचे और सुशील सौदा के परिवार को निमंत्रण देकर आमंत्रित किया, यहां ध्यान देने योग्य बात यह भी रही कि आज से कुछ वर्ष पहले जब श्री राम लला निधि समर्पण अभियान की शुरुआत गुरुग्राम में हुई थी तब भी बाल्मीकि बस्ती से ही और सुशील सौदा के घर से ही हुई थी।
पवन जिंदल ने बताया कि 491 वर्ष के संघर्ष के बाद भगवान श्री राम का मंदिर बनने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ है। सनातन में वाल्मीकि जी का महत्व बहुत अधिक है, जब श्री लक्ष्मण जी माता सीता को वन में छोड़ आए थे तो माता सीता वाल्मीकि जी के आश्रम में ही रहीं और लव और कुश को जन्म दिया। तेजस्वी लव और कुश महर्षि वाल्मीकि के सानिध्य में ही पले-बढ़े। अयोध्या के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम भी महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखा गया।
श्री जिंदल ने कहा कि आधुनिक युग में परिवारों का परिदृश्य बदल रहा है। संयुक्त परिवारों का स्थान अब एकल परिवार ने ले लिया है। ऐसे में हम सभी के ऊपर अपने बच्चों को संस्कारवान बनाने की बड़ी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जिला संघ चालक जगदीश, श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा संपर्क अभियान समिति के सह संयोजक यशवंत, संघ कार्यकर्ता हरीश, विहिप के जिला अध्यक्ष अजीत, विभाग प्रमुख विहिप ईश्वर, गगनदीप, विकास, संजीव, मोहित आदि उपस्थित रहे।
निमंत्रण देने के इस अभियान में प्रांत संघचालक पवन जिंदल के साथ सभी रामसेवक वरिष्ठ नेत गोपीचंद गहलोत, अजय सिंघल के घर पहुंचे और उन्हें भी श्रीराम लला का न्योता दिया। इस अवसर पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्होंने कार सेवा के दिनों को याद किया। इसी प्रकार बदशाहपुर में निमंत्रण देने के अभियान की शुरूआत बाल्मीकि बस्ती में रमेश कुमार के घर से की गई। इस अवसर पर महेश जोजी, चमन, आशीष, कल्ले नरेश, रोहताश आदि प्रमुख लोग साथ रहे।
श्री राम नगर में सेक्टर 10 में महर्षि वाल्मीकि मंदिर में महर्षि वाल्मीकि जी के चरणों में न्यौता अर्पित करके रामसेवकों ने अभियान की शुरूआत की। मंदिर के प्रधान गुनिया बाबा, मुकेश उपस्थित रहे। पवन जिंदल ने बताया कि राम लला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है। लोगों में भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए उत्साह इस अभियान के दौरान देखा गया।
नए गुरुग्राम में सेक्टर-49 और सेक्टर 50 मे कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा निरवाणा कंट्री से शुरू होकर साउथ सिटी-2 होती हुई, टुडेजं बलोसम-1 पर समाप्त हुई। कलश यात्रा के दौरान राम भक्तों मे असीम उत्साह दिखा। यात्रा के मार्ग मे निरवाणा कंट्री के पांच ब्लाक, साउथ क्लोस, नोर्थ क्लोस, साउथ सिटी-2 के 13 ब्लॉक ( ए-1, ए, बी, सी, डी, डी-1, ई, एफ, जी, एच, एच एक्सटेंशन, क्यू-1) फरेस्को, सीसपाल विहार, किंग्स, एसएस पैलाडियन, एम-2के ओरया, और टुडेजं बलोसम में यात्रा पहुंची। गुरुग्राम गांव, दयानंद कालोनी से भी राम भक्तों ने अक्षत कलश यात्रा निकाली और बस्तियों में अक्षत कलश वितरण करने को दिए। इस यात्रा का मौजीवाला कुआं रोड पर स्थित छोटा पार्क के पास स्थानीय लोगों ने फूल बरसाकर स्वागत किया।

### एनटीपीसी में बालिकाओं के लिए शीतकालीन कार्यशाला का शुभारंभ

**रायबरेली/टीम एक्शन इंडिया**
एनटीपीसी में बालिका सशक्तिकरण अभियान को धार देने के उद्देश्य से आसपास के गांवों की बालिकाओं के ज्ञान और रुझान को नई उड़ान देने के लिए 1 जनवरी से 6 जनवरी तक शीतकालीन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।
परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा व प्रियदर्शिनी महिला क्लब की अध्यक्ष तरुणा छाबड़ा ने शीतकालीन कार्यशाला का उद्घाटन किया।
बालिकाओं को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख ने कहा कि भारत में महिलाओं का शुरू से ही सभी क्षेत्रों में अपना विशेष प्रभाव व पहचान रहा है।
आज भी महिलाएं सभी क्षेत्रों में अपना परचम फहरा रही हैं। एनटीपीसी महिलाओं को आगे बढ़ाने में तथा उनको प्रोत्साहित करने में अपना सामाजिक दायित्व निभाती रही हैं।

# महाराजा अग्रसेन ने समाजवाद की नीम रखते हुए भाईचारा बढ़ाने का काम किया है: गर्ग

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
- देश व प्रदेश में खुशहाली, जनता के सुख-शांति व मानव कल्याण के लिए अग्रोहा धाम में नव वर्ष 1 जनवरी 2024 के शुभ आगमन पर भव्य हवन-यज्ञ, भंडारा व भजन समारोह अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग के नेतृत्व में हुआ। जिसमें भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया और मंदिरों में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी ने समाजवाद की नीम रखते हुए आपसी भाईचारा बढ़ाने का काम किया। उनके



किए हुए कार्यों को 5147 वां साल बाद भी दुनिया याद करती है। इतना ही नहीं पूरे देश का वैश्य समाज महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों पर चलकर सामाजिक व धार्मिक कार्यों में लगा हुआ है। महाराजा अग्रसेन जी द्वारा जरूरतमंद की मदद करने के लिए हर घर से एक ईंट एक मुद्रा देने की जो परंपरा लागू की थी। समाज उन्हीं नीति पर चलकर जरूरतमंद की सेवा में लगा हुआ है। सरकार को महान पुरुष त्याग की मूर्ति महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर प्रदेश में यूनिवर्सिटी बनानी चाहिए, ताकि युवा पीढ़ी यूनिवर्सिटी में महाराजा अग्रसेन जी की जीवनी से प्रेरणा लेकर जन कल्याण के कार्यों में अपना ज्यादा से ज्यादा योगदान दे सके। बजरंग गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार को श्री राम जन्मभूमि अयोध्या की तर्ज पर अग्रोहा का विकास करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा अनेकों बार घोषणा करने के बावजूद भी अभी तक लंधारी टोल को नहीं हटाने से जनता में बड़ी भारी नाराज हुई है जबकि नियम के अनुसार टोल 60 किलोमीटर के दायरे में लगाया जाता है मगर लंधारी टोल की माय्यड़ टोल से सिर्फ लगभग 32 किलोमीटर दूरी पर है। ऐसे में सरकार द्वारा लंधारी टोल लगाकर जनता की जेबों में नाजायज बोझ डाला जा रहा है जो सरासर गलत है। सरकार को तुरंत प्रभाव से लंधारी टोल को हटाना चाहिए। बजरंग गर्ग ने नववर्ष के आयोजन पर आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह व पटा पहनाकर स्वागत किया और देश व प्रदेश की खुशहाली के लिए अग्रोहा धाम में पूजा अर्चना की।

## कान्हा की नगरी में नव वर्ष मनाने को जुटे लाखों लोग



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कान्हा की नगरी में नए साल का आगाज करने के लिए लाखों की संख्या में लोग पहुंचे। मंदिरों में दिन भर भारी भीड़ का दबाव रहा। ट्रैफिक की भी जगह जगह समस्या बनी रही।
कई दिन पहले से ही मथुरा वृंदावन के करीब 500 होटल, गेस्ट हाउस और आश्रम फुल हो गये थे। वृंदावन के वात्सल्य ग्राम में लगातार तीन दिन वीवीआईपी मूवमेंट रहने की वजह से यातायात भी डायवर्ट किया गया था। जिसके चलते श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।
धार्मिक नगरी वृंदावन की प्रमुख सड़कों एवं मंदिर आने जाने वाले सभी मार्गों पर भीड़ का नजारा दिखाई दिया। बांके बिहारी मंदिर के साथ साथ अन्य मंदिरों में भी भारी भीड़ उमड़ी। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन हों इसके लिए प्रशासन ने भी चाक चौबंद व्यवस्था की थीं।

## वृंदावन में राजनाथ सिंह ने देश को समर्पित किया बालिका सैनिक स्कूल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश को पहला बालिका सैनिक स्कूल समर्पित किया। छठी कक्षा से 12 वीं कक्षा तक संचालित होने जा रहे इस स्कूल में 120 बेटियां शिक्षा लेंगी। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। सोमवार को रक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री वृंदावन के वात्सल्य ग्राम में चल रहे तीन दिवसीय षष्ठीपूर्ति महोत्सव के समापन अवसर पर आयोजित हुए कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। इसी मौके पर स्कूल का लोकार्पण किया गया। विद्यालय में वर्तमान में स्केटिंग, बालीबाल, राइफल शूटिंग, हार्स राइडिंग कोर्स बालिकाओं को कराए जाएंगे। इसके अलावा सैन्य विद्यालयों के लिए सैनिक स्कूल सोसाइटी द्वारा तय मानकों के आधार पर बाधा प्रशिक्षण के लिए मैदान तैयार कराया जाएगा।सैनिक स्कूल का पहला सत्र अप्रैल से शुरू होगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी परीक्षा कराती है। बालिकाओं ने 20 दिसंबर तक आवेदन किया है। 21 जनवरी को इसकी परीक्षा होगी। परीक्षा में पास होने के बाद बालिकाएं ई काउंसिलिंग होगी और मेरिट लिस्ट बनेगी। विद्यालय में सत्र अप्रैल में ही शुरू होगा। सुबह पांच से रात 10 बजे तक विभिन्न चरणों में पढ़ाई होगी। इस स्कूल में सीबीएसई बोर्ड की पढ़ाई भी होगी।
सेना के पूर्व अधिकारी व एनसीसी के अधिकारी सेना की तैयारी कराएंगे। वात्सल्य ग्राम के प्रवक्ता डा. उमाशंकर राही ने बताया कि सैनिक स्कूल सोसाइटी द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम की शिक्षा बालिकाओं को दी जाएगी। शाम को विभिन्न खेलकूद, परेड और बाधा प्रशिक्षण दिया जाएगा।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सैनिक स्कूलों में बालिकाओं का प्रवेश हो इसके लिए प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। देश के अंदर सैनिक स्कूलों की परंपरा उत्तर प्रदेश में 1960 प्रारंभ हुई थी।

## ठंड लगने से थाने के चौकीदार की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**जौनपुर/टीम एक्शन इंडिया**
पवांरा थाना में तैनात चौकीदार रविवार को घर से निकले थाने जाने के लिए रास्ते में उनकी ठंड लगने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
पवांरा थानाक्षेत्र के खरुआवां गांव निवासी लालजी सरोज (60) चौकीदार के रुप में थाना में तैनात थे। रविवार की रात घरवालों से उन्होंने कहा कि जरूरी काम से थाना जा रहे हैं कुछ देर बाद आ जाएंगे।
देर रात तक घर वापस नहीं लौटने पर घरवालों ने परेशान होकर खोजबीन शुरू कर दिए। सोमवार सुबह चौकीदार खरुआवां पंचायत भवन के सामने रोड के बगल नाली में गिरकर मृत अवस्था में पाया गया।

## जनता के मन में सुरक्षा, समृद्धि व गौरव का भाव पैदा हुआ है : राजनाथ सिंह

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वात्सल्य ग्राम में चल रहे तीन दिवसीय षष्ठीपूर्ति महोत्सव के समापन अवसर पर आयोजित हुए कार्यक्रम में समापन अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, संत विजय कौशल जी महाराज, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, योग ऋषि बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, विहिप के अध्यक्ष आलोक कुमार, दिनेश जी, गुरु शरणानंद महाराज आदि मौजूद रहे।
रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मंच से कहा कि ऐसे कार्यक्रम में जहां बड़ी संख्या में संत मौजूद हों भक्ति भाव प्रबल होने लगते हैं। कैलेंडर के हिसाब से वर्ष का पहला दिन है। यह सौभाग्य का विषय है। दीदी मां का राम मंदिर निर्माण में कितना बड़ा योगदान है, इसे सब जानते हैं। उन्होंने कई घटनाओं का जिक्र किया और बताया कि कब पहली बार दीदी मां को सुना। उन्होंने कहा कि राम मंदिर आंदोलन को धार देने का काम दीदी मां ने किया। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में जब लोगों के पास समय नहीं है, दीदी ने समाज को ही अपना परिवार मान लिया है। उन्होंने कहाकि एक समय तथा जब पूज्य गुरुजी ने उन्हें दायित्व सौंपा था राम जन्मभूमि का अब सामाजिक समरसता पैदा करने का दायित्व सौंपा है।
हमारे मनीषियों ने पूरी धरा पर रहने वाले सारे लोगों को अपने परिवार का सदस्य मानते हुए वसुदेव कुटुंबकम का संदेश दिया है।
उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार को स्वं एक संत के द्वारा चलाया जा रहा है, जिस से जनता के मन में सुरक्षा, समृद्धि और गौरव का भाव पैदा हुआ है। संतो के मन में भी भाव आया है कि प्रदेश के आध्यात्मिक और औद्योगिक विकास को कोई रोक नहीं सकता है। यहां एक अद्वितीय वातावरण दिखाई दे रहा है। जब भी भगवान कृष्ण का जिक्र आता है सभी का हृदय भक्ति भाव से भर जाता है।

## खट्टर सरकार के प्रति प्रदेश के हर वर्ग में असंतोष : डॉ. सुशील गुप्ता

**आक्रोश**

**8 प्रदेश में बेरोजगार युवाओं में खट्टर सरकार के प्रति आक्रोश: डॉ. सुशील गुप्ता**



**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने रविवार को वर्ष के अंतिम दिन खट्टर सरकार की वर्ष भर की नाकामियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मनोहर लाल खट्टर सरकार 2023 में हर मोर्चे पर विफल रही। प्रदेश के युवा यहां वर्ष के अंत तक रोजगार के लिए भटकते रहे। वहीं प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं भी खस्ता रही। किसानों की आय दुगनी की बजाय कर्जा तिगुना हो गया। महिलाओं के प्रति अपराधों ने पिछले सालों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। वहीं बिजली बिल के आंकड़ों ने आम जनता की कमर तोड़ दी। स्कूलों और कॉलेजों में हजारों शिक्षकों के पद खाली रहे। गांव के मुखियाओं की शक्ति छीन ली गई। नगर निगम चुनावों के लिए खट्टर सरकार बैकफुट पर रही। सफाई कर्मचारियों समेत विभिन्न वर्गों की कोई सुनवाई नहीं हुई। नूंह हिंसा से प्रदेश का सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश हुई, वहीं बाढ़ से हुए नुकसान के मुआवजे के लिए किसान वर्ष भर इंतजार में रहे।
1.82 लाख सरकारी पद खाली, युवा दर दर भटकने को मजबूर
उन्होंने कहा कि हरियाणा में 1.82 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। इसके बावजूद प्रदेश के युवा दर दर भटकने को मजबूर हैं। युवाओं को प्रदेश में ही नौकरी देने की बजाय सीएम खट्टर 10,000 युवाओं को इजरायल भेज कर युद्ध की आग में झोंकना चाहते हैं। हरियाणा सरकार युवाओं को रोजगार देने में नाकाम साबित हुई है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि "ग्रुप डी" की भर्ती का आठ महीने के बाद भी रिजल्ट नहीं निकला। एचपीएससी और एचएसएससी की परीक्षाएं विवादों में रहीं। एडीओ, एचसीएस, ग्रुप डी, ग्रुप सी, पीजीटी परिक्षाएं भी विवादों में रही।
सीएम खट्टर के राज में 30 से ज्यादा पेपर लीक हो चुके हैं। खट्टर सरकार बिना विवादों के एक भी परीक्षा आयोजित नहीं कर सकी। पूरे साल ग्रुप सी के 32 हजार पदों की लिस्ट भी नहीं लगी। जिसका इंतजार प्रदेश के युवा आज तक कर रहे हैं।
**स्वास्थ्य सेवाओं में भी फिसड्डी साबित हुई खट्टर सरकार**
उन्होंने कहा कि हरियाणा के पीजीआई और सरकारी अस्पतालों में 50 प्रतिशत से ज्यादा चिकित्सकों के पद खाली पड़े हैं। प्रदेश की जनता सुविधाओं के लिए तरस रही है। अस्पतालों की बिल्डिंग टूटी पड़ी हैं, अस्पतालों में न पीने का पानी है और न बिजली है।

## हेमंत कुमार बने खनन योद्धा –खनन माफियाओं में मचा हड़कंप



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
महावन तहसील में अवैध मिट्टी खनन पर नकेल कसने के लिए नवागत शाश्वत त्रिपुरारी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी महावन ने पद भार ग्रहण करते ही नायब तहसीलदार हेमंत कुमार को खनन योद्धा नियुक्त किया है। शाश्वत त्रिपुरारी 2021 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और अपनी कार्यकुशलता के लिए जाने जाते हैं।
नवागत ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी ने कहा कि महावन तहसील क्षेत्र में खनन की शिकायत लगातार प्राप्त हो रही थी शासन के निर्देशानुसार इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए नायब तहसीलदार हेमंत कुमार को खनन योद्धा नियुक्त किया गया है जो नियमानुसार अवैध मिट्टी खनन की जांच कर तत्काल कार्रवाई करेंगे तथा अपनी कार्यवाही से महावन तहसीलदार सुशील कुमार गुप्ता को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। अवैध मिट्टी खनन माफियाओ पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## सपा प्रतिनिधिमंडल ने एंकर के खिलाफ शिकायत की

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
समाजवादी पार्टी (सपा) का एक प्रतिनिधिमण्डल ने सोमवार को लखनऊ पुलिस आयुक्त से मिलकर समाजवादी पार्टी के खिलाफ टीवी डिबेट में अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर एक न्यूज के एंकर और ग्रुप के चेयरमैन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है।
सपा के प्रतिनिधिमण्डल में पूर्व सांसद अरविन्द कुमार सिंह, विधायक एवं पूर्व मंत्री रविदास मेहरोत्रा, विधायक अरमान खान, समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 राजपाल कश्यप, जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत, महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित शामिल रहें। सपा कार्यालय प्रभारी अरविन्द कुमार सिंह ने पुलिस आयुक्त को प्रार्थना पत्र में कहा कि बीती 30 दिसम्बर 2023 को एक न्यूज चैनल के एंकर दीपक चौरसिया ने एक डिबेट की।

## जनवरी महीने में प्रदेश में बने 249763 नए बीपीएल कार्ड

**चंडीगढ़ /टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की अंत्योदय योजनाएं से लाखों परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है पीपीपी के माध्यम से सैकड़ो योजनाओं का भी डीबीटी से सीधा लाभ मिल रहा है जनवरी महीने में पीपीपी के माध्यम से प्रदेश में 249763 नए बीपीएल कार्ड बने जो बिना पर्ची, बिना खर्ची ,बिना सिफारिश के बने हैं पीपीपी कोऑर्डिनेटर डॉ.सतीश खोला ने विज्ञप्ति जारी करके यह जानकारी दी।
पीपीपी स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. सतीश खोला ने बताया कि



जनवरी महीने के पहले सप्ताह में पूरे प्रदेश में 249763 नए बीपीएल कार्ड बने हैं जिसमें अंबाला में 16716 , भिवानी में 11446,चरखी दादरी में 4368,फरीदाबाद में 28933 फतेहाबाद में13996 गुरुग्राम में 16350 हिसार में 15878 झज्जर में 9429 जींद में 10350, कैथल में 18546, करनाल में 22296, कुरुक्षेत्र में 1412, महेंद्रगढ़ में 9130, मेवात में 8914,पलवल में 8851, पंचकूला में 1178, पानीपत में 3654 रेवाड़ी में 10189,रोहतक में 3446 सिरसा में 20784 सोनीपत में 3247 यमुनानगर में 10650 कुल नए 249763 कार्ड बने। प्रधानमंत्री अन्न योजना में इन सभी परिवारों को अगले पांच सालों तक मुफ्त राशन मिलेगा। डॉ.खोला ने कहा की एक महीने में हजारों नए परिवारों को लाभ मिला ये तो एक योजना है, चिरायु कार्ड योजना से भी इसी महीने में हजारों परिवार लाभावित हुए है। अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना ही मनोहर सरकार का लक्ष है आने वाले समय में दर्जनों और योजनाएं भी आ रही है जिससे सभी वर्ग लाभावित होंगे।

## नववर्ष की पूर्व संध्या पर गेस्ट टीचर्स पर लाठीचार्ज दुर्भाग्यपूर्ण: अशोक तंवर

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
आम आदमी पार्टी के चुनाव प्रचार समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर ने यमुनागर में गेस्ट टीचर्स पर पुलिस द्वारा की गई लाठीचार्ज के मुद्दे पर हरियाणा सरकार को घेरा। उन्होंने भाजपा सरकार के तानाशाही रवैए की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि नववर्ष की पूर्व संध्या पर सरकार द्वारा लाठीचार्ज गेस्ट टीचर्स और महिलाओं पर लाठीचार्ज करवाना दुर्भाग्यपूर्ण बात है।
उन्होंने कहा कि जहां पूरी दुनिया नववर्ष को धूमधाम से मनाने की तैयारियों में डूबी हुई थी, वहीं हरियाणा सरकार गेस्ट टीचर्स पर लाठियां बरसा रही थी। जिसमें कई टीचर्स को गहरी चोटें भी आई



हैं, राजकीय अतिथि अध्यापक मंच के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा शास्त्री के सिर में आठ टांके, दोनों हाथों व घुटने के पास चोट है और कमर पर लाठियां लगी हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी हरियाणा सरकार ने पुलिस द्वारा कंप्यूटर शिक्षकों पर लाठियां बरसवाई थी। प्रदेश की जनता इनको कभी माफ नहीं करेगी।
गेस्ट टीचर्स की इस लड़ाई में आम आदमी पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी है। वहीं, आम आदमी पार्टी के अंबाला लोकसभा अध्यक्ष आदर्शपाल सिंह ने अस्पताल में भर्ती घायल टीचर्स से मुलाकात की और उनका हाल चाल जाना। इस दौरान उनके साथ कर्मबीर बुट्टर, राहुल भान, लखविंद्र सिंह और अशोक पार्चा मौजूद रहे।
डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि यमुनानगर में प्रदेशभर से गेस्ट टीचर्स शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर से मिलने पहुंचे थे। जैसे ही यह शिक्षक अनाज मंडी जिला सचिवालय के सामने पहुंचे तो भारी संख्या में पुलिस बल वहां पहुंचा और तुरंत टीचर्स पर लाठीचार्ज शुरू कर दिया। जिसमें कई टीचर्स घायल भी हुए हैं। पूरे प्रदेश की जनता ने देखा कि किस तरह से पुलिस ने गेस्ट टीचर्स को दौड़ा दौड़ा कर पीटा, जबकि उनमें महिलाएं भी शामिल थी। उन्होंने कहा कि गेस्ट टीचर्स का कसूर केवल इतना है कि वो सितंबर माह से अपने आपको रेगुलर करने की मांग को लेकर करनाल में लगातार धरना, प्रदर्शन कर रहे थे। जब वहां उनकी सुनवाई नहीं हुई तो यमुनानगर में शिक्षा मंत्री से मिलने पहुंचे थे। जहां उन पर लाठीचार्ज कर दी गई।
वहीं, अंबाला लोकसभा अध्यक्ष आदर्शपाल सिंह ने कहा कि गेस्ट टीचर्स का यमुनानगर में शांतिपूर्वक महापड़ाव का कार्यक्रम था, जिसके लिए उन्होंने प्रशासन से एक स्थान पर प्रदर्शन करने की अनुमति भी ली थी। लेकिन उनको वहां से हटाकर अनाज मंडी में ले जाया गया। जहां वह अपना धरना दे ही रहे थे कि इसी दौरान पुलिस ने उन पर बिना किसी चेतावनी के लाठीचार्ज शुरू कर दिया।

## वीर गोकुला जाट का मनाया बलिदान दिवस

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
सोमवार को भाकियू चढूनी के कार्यकर्ताओं ने अमर शहीद वीर गोकुला जाट का कैंप कार्यालय पर बलिदान दिवस सादगी से मनाया। मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर ने वीर गोकुला जाट के चित्र पर फूल अर्पित कर उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री तोमर ने बताया कि वीर गोकुला तथा भरतपुर के जाट शासक हसन मेवाती, गुरु गोविन्द सिंह ऐसे नाम है जिन्होंने मुगल सत्ता को खुलकर ललकारा था। वीर गोकुला का नाम इसलिए प्रमुखता से लिया जाएगा जिन्होंने दिल्ली की नाक के नीचे हुंकार भरी थी। 20 हजार कृषक सैनिकों की फौज खड़ी कर, जो अवैतनिक, अप्रशिक्षित और घरेलू अस्त्र शस्त्रों से सुसज्जित थी। यह सभी विस्तार के लिए नहीं, राष्ट्र की रक्षा हेतु प्राणार्पण करने आये थे। मुगलों ने जब मथुरा के मंदिरों को तोड़ने और अधिक मालगुजारी वसूलने का आदेश दिया तो कोतवालों ने जुल्म शुरू कर दिए। कोई भी विरोध नहीं कर पा रहा था। ऐसे में वीर गोकुला जाट ने हर वर्ग के किसानों को एकत्रित किया और मालगुजारी न देने का ऐलान किया। मुगल फौज और गोकुला जाट की किसान सेना के बीच संघर्ष शुरू हो गया। 10 मई 1666 को औरंगजेब की सेना और गोकुला जाट के बीच युद्ध हुआ, जिसे तिलपत की लड़ाई के नाम से जाना जाता है। जाटों की जीत हुई। इसके बाद औरंगजेब ने धर्म को बढ़ावा दिया और लगान बढ़ा दिया। गोकुला जाट ने लगान देने से मना कर दिया। औरंगजेब ने अनेक सेनापति भेजे, जाटों ने सबको हरा दिया। अंततः औरंगजेब को 1669 में दिल्ली से चलकर मथुरा आना पड़ा। दिसंबर 1669 में औरंगजेब और गोकुला जाट के बीच तीन दिन तक भीषण युद्ध हुआ। अंततः गोकुला जाट उनके साथियों और स्वजनों को बंदी बना लिया गया। औरंगजेब इतने बहादुर योद्धा को खोना नहीं चाहता था इसलिए उसने इस्लाम कबूल करने पर सभी को मुक्त करने और तिलपत को वैध अधिकार देने का प्रस्ताव रखा ,जो एक स्वर में सभी ने अस्वीकार कर दिया।

# आमजन को सड़क सुरक्षा के बारे में किया जागरूक



पानीपत/ कमाल हुसैन
**सड़क दुर्घटनाओं** को कम करने व आमजन को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करने के जनवरी महीने को सड़क सुरक्षा माह के रूप मनाया जा रहा है। जिला पानीपत पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा माह के पहले दिन सोमवार को बाबरपुर ट्रैफिक थाना में कार्यक्रम का आयोजन कर ऑटो व ई रिक्शा चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

एएसपी मयंक मिश्रा ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रहें। उन्होंने ऑटो व ई रिक्शा चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देकर उनकी पालना करने के लिए प्रेरित किया व वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए। इस अवसर पर शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से जिला यातायात पुलिस ने यातायात नियमों का पालन करने वाले व सामाजिक कार्य करने वाले 35 ऑटो व ई रिक्शा चालकों को ड्रेस व नेम प्लेट देकर सम्मानित भी किया गया। इसमें उन महिला व पुरुष ऑटो चालकों को शामिल किया गया जिनकी उम्र 55 साल से उपर है या आर्थिक रूप से कमजोर थे। इसके साथ उनकों भी शामिल किया गया जो छात्राओं व बुजुर्गों से किराय न लेकर सामाजिक कार्य कर रहे है। आगे भी ऐसे 100 और ड्राइवरों की पहचान कर सम्मानित किया जाएगा। एएसपी मयंक मिश्रा ने कहा कि पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पानीपत पुलिस आमजन को सुरक्षित महौल देने के लिए भरसक प्रयासरत है। इसी कड़ी में जिला पुलिस द्वारा गत दिनों ऑटो व ई रिक्शा चालकों का रजिस्ट्रेशन कर चार अंक का युनिक कोड युक्त नंबर के स्टीकर लगाए गए। जिला में 6220 ऑटो व ई रिक्शा चालकों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। अब जिला में ऑटो की पहचान युनिक कोड नंबर से है। ऑटो या ई रिक्शा में अपराध होने की स्थिति में अब आरोपी को आसानी से पकड़ा जा सकता है। इसका मुख्य उद्देश्य अपराध को रोकना व महिलाओं में सुरक्षा की भावना पैदा करना है।

जागरूक

**8 कार्यक्रम का आयोजन कर ऑटो व ई रिक्शा चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया गया।**

उप पुलिस अधीक्षक यातायात सुरेश कुमार ने ऑटो व ई रिक्शा चालकों से अपील करते हुए कहा की वे यातायात नियमों का पालन करें। निर्धारित स्थान पर ही ऑटो को रोक कर सवारियों को उतारे व चढ़ाएं। यातायात के सभी नियमों का पालन कर शहर को जाम मुक्त करने में यातायात पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जिस भी ऑटो ई रिक्शा चालक ने अभी तक रजिस्ट्रेशन नही करवाया है उनकों एक बार फिर से 10 जनवरी तक रजिस्ट्रेशन करवाने का मौका दिया जा रहा है।

इसके बाद बगैर रजिस्ट्रेशन के मिलने नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि जिला में ऑटो व ई रिक्शा चालकों की नेम प्लेट के साथ ग्रे रंग की ड्रेस है। चालक ड्रेस पहकर ऑटो व ई रिक्शा चलाएं।

इस अवसर पर बाबरपुर ट्रैफिक थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विकास चहल, विकास आहुजा, गोल्डी मलिक, बिंदू मनुजा, सुधीर छाबड़ा, महेंद्र मिड्ढा, अजय बतरा, इंद्रजीत मिड्ढा, अजय मलिक, अनिल मदान व काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# स्वच्छ भारत अभियान के तहत चमकेंगे जिले के गांव: उपायुक्त



पानीपत/कमाल हुसैन
**उपायुक्त वीरेन्द्र** कुमार दहिया ने सोमवार को सचिवालय में अधिकारियों की बैठक को सम्बोधित करते हुए जिले को पॉलीथीन मुक्त करने को लेकर सभी विभागों के अधिकारियों को गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। जिले को साफ स्वच्छ बनाना सब की जिम्मेदारी है। इस कार्य में ग्राम पंचायतों का सहयोग भी लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान की इस कड़ी में जिले के सभी स्कूलों के शौचालयों को भी दुरस्त किया जायेगा। स्वच्छ अभियान की मानिट्रिंग भी की जायेगी। राष्ट्रव्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिन गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, उन गांवों में अभियान का असर दिखाई देना चाहिये। स्वच्छ भारत अभियान को लेकर गांव को शहरों की तर्ज पर चकाचक किया जायेगा। आगामी 31 मार्च से पूर्व इस कार्य को पूर्ण किया जाना है। उपायुक्त ने कहा कि इस कार्य में सरपंचों व सामाजिक संस्थाओं का सहयोग भी लिया जाएगा। एक महीने के अन्दर जिले के 178 गांवों में स्वच्छता अभियान के तहत गन्दगी मुक्त व पालीथिन मुक्त किया जाएगा। स्कूलों के सभी शौचालयों की मरम्मत की जाएगी। इसमें स्कूल के अध्यापकों को नोडल अधिकारी नियुक्त करके कार्य किया जाएगा। अगर किसी स्कूल में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नजर नही आती है तो उन अधिकारियों को चार्जसीट भी किया जाएगा। सरकार ने गांव को साफ-सुन्दर बनाने को लेकर आबादी के हिसाब से सफाई कर्मचारियों की नियुक्तियां की गई है। इन नियुक्तियों में बढ़ोतरी भी की गई है ताकि साफ-सुन्दर गांव नजर आएं। उपायुक्त ने बैठक में 7 सुत्रीय एजैण्डे में ठोस कचरा प्रबंधन पर भी चर्चा की व गांव में कचरे के प्रबंधन के लिए बनाए जाने वाले शेड पर भी विचार किया। जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी विवेक चौधरी ने बताया कि 126 गांवों में शेड बनाने का कार्य किया जा रहा है। 15 गांवों में यह कार्य पूरा हो चुका है। उपायुक्त ने बताया कि जिन गांवों में ग्राम पंचायत द्वारा कचरे को इक्कठा करने के लिए ई-रिक्शा की मांग आती है उसे ई-रिक्शा उपलब्ध करवाई जाएगी। उपायुक्त ने गोबर गैस मैनेजमेंट की प्रगति की समीक्षा भी की।

उपायुक्त ने अधिकारियों से व्यक्तिगत शौचालयों की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली जिसमें जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी विवेक चौधरी ने बताया कि 1621 शौचालयों का कार्य हो चुका है व 250 के करीब बाकि है। उपायुक्त ने सामुदायिक स्वच्छता व गोवर्धन प्रोजैक्ट के बारे में भी जानकारी ली। उपायुक्त ने कहा कि गांव में सूचना बोर्ड को दुरुस्त किया जाए। इनमें गांव की आबादी पंचायती जमीन से सम्बंधित सूचना क्यू सैल्टर या पंचायत घर में दिवार पर अंकित करके इसे दुरुस्त किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को 31 मार्च से पूर्व स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए।

## न्यूज फ्लैश

### घर-घर अक्षत पहुंचा अयोध्या जाने का दिया निमंत्रण



टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)जिले में अयोध्या राम मंदिर से आए पूजित अक्षत (पीले चावलों) को घर-घर बांटने का कार्य शास्त्री नगर में सोमवार से शुरु हो गया। शास्त्री नगर में अक्षत वितरण के लिए दो टोलियों का गठन किया गया जो प्रत्येक घर जाकर अक्षत वितरित करने का कार्य कर रही है। टोली में हरिओम मंदिर के पुजारी पंडित अरुण मिश्रा, शमशेर शर्मा, चेतराम शर्मा, भूदेव सिंह, शुभम गोयल, सुभाष अरोड़ा, बलदेव शर्मा, जितेंद्र शर्मा, तरुण वधवा, ललित, पवन गुप्ता, विरेंद्र शौरी, राकेश सूरी, नवीन, राजीव शर्मा शामिल रहे। टोली में शामिल रामभक्त शास्त्री नगर के प्रत्येक घर पर जाकर परिवारों को अक्षत व निमंत्रण पत्र देकर उनसे राम मंदिर दर्शन करने अयोध्या धाम जाने का निवेदन कर रहे है। साथ ही 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी लोगों से अपने घर में पांच दीपक जलाने एवं घर के सामने रंगोली व लाइटिंग इत्यादि करने का आग्रह भी कर रहे है। पंडित अरुण मिश्रा ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा के दिन हरिओम मंदिर में महिला मंडली द्वारा सुबह 10 बजे से सुंदर कांड का पाठ किया जाएगा व समापन के बाद प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर में ही टीवी स्क्रीन पर भगवान श्रीराम के मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भी लाइव दिखाया जाएगा।

### केन्द्र व प्रदेश सरकार हर वर्ग के लिए काम कर रही: विज



पानीपत/कमाल हुसैन
**वर्तमान** सरकार द्वारा आमजन के हित में ऐसी योजनाएं चलाई गईं हैं जिससे उनको सीधा लाभ मिला रहा है। केन्द्र व प्रदेश सरकार हर वर्ग के लिए काम कर रही है। यह बात पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने वार्ड 8 व 9 में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कही। प्रमोद विज ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल निरन्तर जनहित के कार्यो के लिए तत्पर रहते हैं। योजनाओं के ऑनलाईन होने से अब घर बैठे ही लोगों के काम हो रहे हैं। इन यात्राओं में मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। जो लोग सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं और उनके दस्तावेजों में कमी हैं उन्हें भी पूरा करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का रोजगारपरक शिक्षा देने पर भी पूरा फोकस है। जिसके लिए अनेक योजनाएं और कार्यक्रम क्रियावित किए जा रहे हैं। आज के डिजिटल युग में नई पद्धति से अध्यन व अध्यापन कार्य में लगातार सुधार हो रहा है। सरकार सर्वांगिण विकास को लेकर सजग है। हम सबको मिलकर 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करना है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिवाई और विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन भी किया। इस मौके पर पार्षद चंचल सहगल, विजय सहगल, अजीत सिंह, अशोक बाटला इत्यादि भी उपस्थित रहे।

### नया साल मनाने आए दंपति की गाड़ी में लगी आग

टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) नया साल सेलिब्रेशन करने आए दम्पति की टाटा टियागो गाड़ी में अचानक आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते गाड़ी जलकर राख हो गई। सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंचे फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। हादसा जग्गी सिटी सेंटर के पास हुआ। गनीमत रही कि अनहोनी की भनक को पहले दम्पति भांप गया, जैसे ही पति-पत्नी गाड़ी से बाहर निकले तो आग की लपटे उठने लगी। आग को तब तक कंट्रोल किया, गाड़ी जलकर राख हो चुकी थी। अंबाला कैंट के कच्चा बाजार निवासी मनीष कुमार ने बताया कि वह बीती रात अपनी पत्नी मनीषा जैन के साथ नए साल पर जग्गी सिटी सेंटर की तरफ आया हुआ था।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा: हुआ जनसंवाद



टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन
**विकसित** भारत संकल्प यात्रा सोमवार को समालखा खंड के गांव शहरमालपुर और बिहोली में पहुंची जहां पर शहर मालपुर गांव में भाजपा के चुलकाना मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जांगड़ा और बिहोली गांव में भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष राधेश्याम जिंदल ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की और उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए संकल्प शपथ दिलवाई।

चुलकाना मण्डल के अध्यक्ष कुलदीप जांगड़ा ने गांव शहरमालपुर में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्यअतिथि बोलते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा पात्र लाभार्थियों के घर द्वार तक खुशहाली लेकर आ रही है। मौके पर ही जनसमस्याएं सुन संवाद स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षो में भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।

भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष राधेश्याम जिंदल ने गांव बिहोली में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रयासों से देश व प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का दौर शुरू हुआ है। उन्होंने इस मौके पर विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक भी किया। उन्होंने इस मौके पर उज्ज्वला योजना के तहत पात्र महिलाओं को निशुल्क गैस कनेक्शन भी वितरित किए। इस मौके पर उपस्थित जनसमूह को संकल्प शपथ भी दिलवाई।

# विधायक महीपाल ढांडा का जन्मदिन कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया



टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन
**नव वर्ष** 2024 की खुशियों के साथ आज पानीपत ग्रामीण से विधायक व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा जन जन के चहेते भाई महीपाल ढांडा का जन्मदिन विधायक ऑफिस में बड़ी धूम धाम से मनाया जबकि विधायक का स्वास्थ्य बेहतर ना होने के बाद भी विधायक के चाहने वालों का शुभकामनाएं देने के लिए तांता लगा रहा। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रदेश सह संयोजक व टीम महीपाल ढांडा के मजबूत साथी भाई मुनीर गुर्जर ने अपनी टीम के साथ विधायक को नव वर्ष व जन्मदिन की गुलदस्ता देकर शुभकामनाएं दीं।

# संतों का किया सम्मान, पुलिस कर्मियों को श्रीराम का झंडा देकर दिया न्योता



टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत
**प्रदेश भाजपा** के नेता अमित बिंदल ने सोमवार को नववर्ष के मौके पर कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को अंग्रेजी नववर्ष की बधाई दी। इस दौरान सेक्टर 14 स्थित कार्यालय पर 31 ब्राह्मणों को भोजन करवाया गया, इसके उपरांत संतों को भोजन करवाकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी संतों ने नववर्ष में समस्त मानव जाति के भले की कामना की। कार्यक्रम के उपरांत भाजपा नेता द्वारा शहर के हर थाने, चौकी और नाके पर पुलिस कर्मियों को भगवान श्रीराम का झंडा देकर, मिठाई स्वरूपी प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान सभी पुलिस कर्मियों के अलावा उपस्थित अन्य लोगों को भी 22 जनवरी को दीपावली की तरह दीये जलाने के लिये प्रेरित किया। इस दौरान अमित बिंदल ने कहा कि यह नया साल हमारे लिये राम मंदिर लेकर आ रहा है। 500 सालों से भगवान राम के जिस मंदिर की हम कामना कर रहे थे, वो इस साल पूरी होने जा रही है। इसीलिये हम सब लोगों को 22 जनवरी के दिन अपने घरों में दीपावली की भांति दिए लगाने चाहिये।

# पूरे विधि-विधान के साथ हवन यज्ञ का आयोजन

पानीपत/कमाल हुसैन
**नववर्ष के** पावन उपलक्ष्य पर आई. बी. (पी जी) महाविद्यालय में पूरे विधि-विधान के साथ हवन यज्ञ का आयोजन डॉ. अंजलि, सहायक प्रोफेसर , संस्कृत विभाग के द्वारा किया गया , जिसमें प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग, मैनेजमेंट से युधिष्ठिर मिगलानी , उप-प्राचार्या प्रो. रंजना शर्मा एवं बाकि स्टाफ सदस्यों ने आहुति डाली। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि नववर्ष पर हवन यज्ञ आयोजित कर मन व वातावरण को शुद्ध किया जाता है। वेदों में कहा गया है कि घर की सुख शांति, स्वास्थ्य व समृद्धि की कामना के लिए हवन करना हिन्दू धर्म में प्रमुख कर्म माना जाता है।

# एन एस एस है व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम: अनिल कुलश्रेष्ठ



टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)आज श्रीमद्भागवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के अंतर्गत सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ इस कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य माननीय अनिल कुलश्रेष्ठ ने दीप प्रज्वलित करके किया उद्घाटन कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संदीप कुमार ने सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की उसके बाद विद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें समाज जागरण स्वयंसेवकों की भूमिका व आत्मनिर्भर भारत विषय के बारे में विस्तार से बताया तथा समाज के विकास में अपना योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों ने योग के कालांश में सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। हमारे महापुरुष हमारे प्रेरणा स्त्रोत कालांश में छात्रों ने स्वामी विवेकानंद के जीवन व शिक्षाओं के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की विद्यालय की संगीत आचार्या कनिका ने छात्रों को लक्ष्य गीत का अभ्यास करवाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुलश्रेष्ठ , एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी संदीप कुमार , सुशील कुमार शर्मा, रविंद्र सिंह , साहिल सैनी उपस्थित रहे।

# 400 ग्राम गांजा सहित नशा तस्कर गिरफ्तार



पानीपत,कमाल हुसैन
**थाना औद्योगिक** सेक्टर 29 प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि किशनपुरा चौकी पुलिस की एक टीम रविवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान नई सब्जी मंडी में मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की किशनपुरा निवासी सुशील उर्फ काली मादक पदार्थ बेचने का अवैध काम करता है। सुशील उर्फ काली मादक पदार्थ लेकर बेचने के लिए जीटी रोड की ओर से सब्जी मंडी की तरफ आ रहा है। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानते हुए सब्जी मंडी के पास नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात सामने से एक युवक हाथ में प्लास्टिक की थेली पकड़े आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर वापिस मुड़कर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान सुशील उर्फ काली पुत्र तेजपाल निवासी किशनपुरा के रूप में बताई। पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ अनिल मलिक की मौजूदगी में युवक की प्लास्टिक थेली की तलाशी ली तो गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजा का वजन करने पर 400 ग्राम पाया गया। इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया वह नशा करने का आदी है। नशे की लत पूरी करने व शार्टकट तरिके से पैसे कमाने की चाहत में वह दो दिन पहले दिल्ली आजादपुर से 500 ग्राम गांजा कम कीमत पर खरीदकर लाया था। आरोपी ने उसमें से कुछ गांजा पीने में खर्च कर दिया और कुछ बेच दिया। बचे 400 ग्राम गांजा को बेचने के लिए वह रविवार को ग्राहक की फिराक में घूम रहा था। किशनपुरा चौकी पुलिस टीम ने आरोपी के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर सोमवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से नशा तस्कर के ठीकानों का पता लगा पकड़ने का प्रयास करेंगी।

# गरीब बच्चों को गर्म कपड़े बांट मनाया नया साल

## सेवा ही धर्म संस्था व डेरा अनुयायियों ने किया सहयोग



पानीपत, कमाल हुसैन
**पानीपत बाल** भवन में नया साल गरीब स्लम एरिया के बच्चो के बीच केक काटकर मनाया गया। इस मौके पर डेड सो बच्चो को गर्म कपड़े जैकेट व जुराबें वितरित की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर सेवा ही धर्म से प्रोमिला लठवाल व डेरा प्रेमी धर्मेंद्र इंसा पहुंचे। कार्यक्रम में बच्चो को गर्म कपड़े वितरित व खाने की सामग्री वितरित की इस मौके पर जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने कहा कि गरीब असहाय बच्चो के बीच नया साल मनाने की खुशी अपनो के बीच मनाने से ज्यादा मिलती है रितु राठी ने कहा कि बाल भवन का उद्देश्य हर बच्चे की मदद करना है ओर बाल भवन हमेशा बच्चो के लिए कार्य करता रहेगा। मुख्यतिथि प्रोमिला लठवाल ने कहा कि उन्हें खुशी मिलती है जब वो किसी असहाय की मदद करती है और बाल भवन में गरीब बच्चो के बीच नया साल मना उन्हें बहुत ज्यादा खुशी मिली है। मुख्य अतिथि डेरा अनुयायी धर्मेंद्र इंसा ने कहा कि गरीब बच्चो के बीच नया साल मनाना अपने आप मे एक नया अनुभव रहा और जो खुशी आज उन्हें मिली वो कभी नही मिल पाई, उन्होंने कहा कि गुरु राम रहीम के मार्गदर्शन से उन्हें प्रेणना मिलती असहायों की मदद करनी चाहिए। इस मौके पर बाल भवन स्टाफ मौजूद रहा।

# एनएसएस शिविरों से छात्र में सहयोग और अनुशासन का भाव पैदा होता है: बलविंद्र

**आज** रा. व. मा. वि. ठोल मे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के सातवे व अंतिम दिन का समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमे सुरेश कुमार प्राध्यापक एन एस एस अधिकारी, बंसी लाल संस्कृत प्राध्यापक द्वारा मुख्य अतिथि बलविंदर सांगवान का विद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया। सुरिंदर कुमार द्वारा मंच संचालन किया गया. सतनाम , श्रीमती रितु शर्मा, श्रीमती ममता रानी दवारा प्रोग्राम संचालन करवाया गया। बलविंद्र सांगवान सरपंच द्वारा स्वयं सेवक व स्वयं सेविकाओं को देश के हित में काम करने व देश के लिए हमेशा आगे खड़े रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि एन एस एस समाज सेवा करने का बेहतरीन माध्यम है। इस प्रकार के कैंप में भाग लेने से छात्र के अंदर समाज सेवा, सहयोग और अनुशासन का भाव पैदा होता है सरपंच द्वारा बेस्ट स्वयंसेवक को मैडल

अनुशासन

**8 इस प्रकार के कैंप में भाग लेने से छात्र के अंदर समाज सेवा, सहयोग और अनुशासन का भाव पैदा होता है**

# नरेला: विजयपथ फाउंडेशन ने किया संगठनात्मक बैठक का आयोजन










**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बाहरी दिल्ली के नरेला में रविवार को विजयपथ फाउंडेशन ने सफियाबाद रोड़ स्थित कार्यालय पर फाउंडेशन अध्यक्ष अंकु विजय भगत के नेतृत्व में संगठनात्मक बैठक का आयोजन कर आगामी 21 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम विशाल हनुमान चालीसा प्रतियोगिता की सफलता को लेकर रणनीति बनाई। साथ ही अलग-अलग पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी भी दी और सभी से एकजुट होकर सामंजस्य टीम भावना से कार्यक्रम को सफल बनाने का आवाहन किया गया। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों का पटका पहनाकर पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विजयपथ फाउंडेशन के अध्यक्ष अंकु विजय भगत ने बताया कि आगामी 21 जनवरी को विशाल हनुमान चालीसा पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें करीब हजारों की संख्या में 1 से 10 व 11 से 17 आयु वर्ग के बच्चे, युवा हिस्सा लेंगे। जो हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। सभी प्रतिभागियों को भगवा रंग की शर्ट दी जाएगी। प्रतियोगिता में विजेता को 21,000 दूसरे स्थान पर रहने वाले को 11,000 और तीसरे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 51,00 का पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता में जज के रूप में विभिन्न राज्यों से आए 50 विद्वान पंडित मौजूद रहेंगे। वहीं शाम को कार्यक्रम स्थल पर दीपोत्सव का आयोजन होगा। जिसमें 21,000 दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। साथ ही विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें आसपास क्षेत्र के हजारों लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे। विजयपथ फाउंडेशन के संरक्षक डॉ. एसपी जून ने बच्चों युवाओं से ज्यादा से ज्यादा की संख्या में हनुमान चालीसा प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का आवाहन किया और कहा कि बच्चों, युवाओं को धर्म से जोड़ना वर्तमान की महती आवश्यकता है। युवा ही वह धारा है जो समाज को नवीनता के साथ ऊंचाइयों पर ले जाने में सक्षम है। उन्होंने हनुमान चालीसा पाठ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हनुमान चालीसा का पाठ बच्चों को अपनी संस्कृति, परंपरा और अध्यात्म की ओर अग्रसर करता है। इससे बच्चों में सम्मान की भावना जागृत होती है। बैठक पश्चात लिट्टी चोखा व प्रसाद वितरण भी किया गया। बैठक में संरक्षक पुतुल श्रीवास्तव, महासचिव दयानंद चौरसिया, उपाध्यक्ष नवल किशोर, कोषाध्यक्ष निशिकांत झा, कार्यालय प्रभारी सुनैना जैन, कार्यालय सचिव रामबाबू, आईटी प्रमुख अंजलि पांचाल, राजू अरोड़ा, सुनील शर्मा, ममता किशोर, रानी, माधुरी, राधा, राजन श्रीवास्तव, सुनील, डॉक्टर संतोष झा, वर्षा पवार, ओमप्रकाश, रणधीर सिंह, प्रकाश मिश्रा, अजीत मिस्त्री, उत्तम कुमार, धीरज सिंह राजपूत, समुद्र मिश्रा, विनोद भगत, विनोद तिवारी, राहुल झा, राजेश जैन, रामप्रवेश, सोहनलाल, सुधांशु सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राजनीति की चक्की में पिसकर रह गया देश का मजदूर वर्ग: सुनील मनराल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
जहां एक ओर तो भारत सहित दुनिया के सभी देशों में मजदूर दिवस मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य उस दिन मजदूरों की भलाई के लिए काम करने व मजदूरों में उनके अधिकारों के प्रति जागृति लाना होता है। वहीं दूसरी ओर आज मजदूर वर्ग राजनीति की चक्की में पिसकर ही रह गया है। मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित बड़ा बाग में रहने वाले व दिल्ली प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया के प्रदेश समन्वयक सुनील मनराल ने कहा कि मजदूर एक ऐसा शब्द है जिसके बोलने में ही मजबूरी झलकती है। सबसे अधिक मेहनत करने वाला मजदूर आज भी सबसे अधिक बदहाल स्थिति में है। भारत में निर्धारित आय का तो पता नहीं लेकिन दिल्ली की बात करे तो एक अकुशल कारीगर की अनुमानित मजदूरी लगभग 17,494 प्रतिमाह है और कुशल कारीगर की मजदूरी लगभग 21,215 निर्धारित की गई है। लेकिन मजदूरों को उनकी मजदूरी के हिसाब से पैसे नहीं मिलते इतना मेहनत करने के बावजूद भी वह अपने लिए रहने के लिए घर नहीं बनवा पाते और दो टाइम का खाना भी सही से नहीं खा पाते हैं। सरकार मजदूरों के हित के लिए बातें तो बहुत बड़ी-बड़ी करती हैं मगर जब उनकी भलाई के लिए कुछ करने का समय आता है तो सभी पीछे हट जाती है। इसीलिए मजदूरों की स्थिति में सुधार नहीं हो पाता है। हमारे देश की सरकार भी मजदूर हितों के लिए बहुत बातें करती है, बहुत सी योजनाएं व कानून बनाती है। मगर जब उनको अमलीजामा पहनाने का समय आता है तो सब इधर-उधर ताकने लग जाते हैं।

**12-12 घंटे लगातार करते है काम:** ना पीने को साफ पानी मिलता है और ना ही स्वच्छ वातावरण। शहर के किसी गंदे नाले के आसपास बसने वाली झोपड़ पट्टियों में रहने वाले गरीब तबके के मजदूर कैसा नारकीय जीवन गुजारते हैं। उनसे 12-12 घंटे लगातार काम करवाया जाता है। घंटो धूप में खडे रहकर बड़ी बड़ी कोठियां बनाने वाले मजदूरों को एक छप्पर तक नसीब नहीं हो पाता है।

**नहीं मिलती सुविधाएं:** कई कारखानों में तो मजदूरों से खतरनाक काम करवाया जाता है जिस कारण उनको कई प्रकार की बिमारियां लग जाती है। कारखानों में मजदूरो को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा, पीने का साफ पानी, विश्राम की सुविधा तक उपलब्ध नहीं करवायी जाती है। मालिको द्वारा निरंतर मजदूरों का शोषण किया जाता है।

# कांग्रेस ने किया देश में विकास: वधवा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
देश को कांग्रेस ने विकास की राह दिखाई है, कांग्रेस ने हमेशा से ही देशहित के कार्य किए है। चांदनी चौक जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विनोद वधवा ने कहा कि यह सभी अच्छी तरह जानते हैं कि जब-जब और जहां-जहां कांग्रेस की सरकार बनी, वहां का विकास हुआ। उनकी पार्टी ने हर वर्ग के लोगों को लेकर साथ चलने के साथ वहां का विकास किया। उन्होनें कहा कि दिल्ली में जब कांग्रेस की सरकार बनी थी तो उस समय वहां बिजली, पानी, सड़क और शिक्षा की हालत खराब थी। लेकिन जब कांग्रेस की सरकार बनी तो तत्कालीन शीला दीक्षित ने दिल्ली में विकास कार्यों की झड़ी लगा दी थी, और दिल्ली में अनगिनत विकास कार्य किए गए। वधवा ने कहा कि दिल्ली में जो भी विकास कार्य देखे जा रहे हैं, सभी कांग्रेस की देन हैं।
वहीं उन्होनें यह भी कहा कि भाजपा जनता को गुमराह कर विकास के नाम पर व अन्य मुद्दों को लेकर सत्ता में आई और सभी मुद्दों पर विफल रहे है। कानून व्यवस्था चरमरा गई है, महंगाई कम नहीं कर पाए।





रिठाला विधानसभा क्षेत्र से आप विधायक महेंद्र गोयल को बुके देकर व मिठाई खिलाकर नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए पेंशन फाइटर संस्था के प्रधान वीरेन्द्र शर्मा, महासचिव सुनील द्विवेदी व अन्य।

# गौ रक्षा कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष बने दयालपुरी जी महाराज



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राष्ट्रीय संत सेवा और गौ रक्षा कल्याण परिषद दिल्ली के उपाध्यक्ष के पद पर आज दयालपुरी जी महाराज सुशोभित हुए। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पुज्य महामंडलेश्वर स्वामी परमहंस निजस्वरूपानंदपुरी जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में श्रीमहंत दयालपुरी जी महाराज को दिल्ली प्रदेश के उपाध्यक्ष पद पर सुशोभित कर चादर और माला, पगड़ी, मुकुट पहना कर पद पर आसीन किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के दिल्ली प्रांत के अध्यक्ष कपिल खन्ना ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह बहुत सौभाग्य की बात है कि संत है पुज्य दयालपुरी जी महाराज दिल्ली के उपाध्यक्ष पद पर सुशोभित होने पर उनको बधाई दी और उनके द्वारा किये जा रहें जनकल्याण कार्यो की सहराना करते हुए कहा कि सच्चे संत की पहचान है कि वो संत जनकल्याण कार्य करता है और आने वाली 22 जनवरी के लिए कहा कि रामलला की सुंदर भव्य और दिव्य मंदिर का उद्घाटन समारोह है सभी को अपने घर में 11 दीपक जला कर पावन पर्व को दीपावली के रूप मनाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूज्य दाती जी महाराज ने कहा कि संत का जीवन हमेशा जनकल्याण के लिए ही होता है। संत दयालपुरी जी महाराज नजफगढ़ में सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने में जो कार्य कर रहे है वो सहरानीय है, उसको ध्यान में रखते हुए दिल्ली प्रदेश के उपाध्यक्ष पद पर सुशोभित किया जाता है। उपाध्यक्ष श्रीमहंत दयालपुरी जी महाराज को उज्वल भविष्य की कामना की।
फरीदाबाद के अध्यक्ष श्रीमहंत मुनिराज जी महाराज ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमहंत दयालपुरी जी महाराज सेवा की प्रतिमूर्ति है, संत सेवा एवं गौ रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहती है ऐसे दयालपुरी जी को बहुत बहुत शुभकामनाएं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी शिवप्रेमानंद जी महाराज ने कहा कि राष्ट्रीय संत सेवा एंड गौ रक्षा कल्याण परिषद दिन ब दिन नई उचाइयां को छूता जा रहा है।

# कॉलोनी के विकास और उसकी प्रगति के लिए होगा कार्य: शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन डी डी ए फ्लैट, पॉकेट सी, चित्रकूट, ईस्ट ऑफ लोनी रोड के चुनाव आगामी 7 जनवरी को होने जा रहे हैं। चुनावों में मद्देनजर सुनील कुमार शर्मा पैनल (बैलेट नंबर 2) की तरफ से चुनाव घोषणा-पत्र जारी किया गया। चुनावी घोषणा-पत्र का विमोचन अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सुनील कुमार शर्मा व पैनल के सदस्यों की मौजूदगी में कालोनी के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा किया गया।
विमोचन के दौरान सर्व समाज के प्रमुख लोगों सरवर सिंह चौधरी, विजय शर्मा, भूदेव राय, वेद सिंह, राधा रमण, बुद्ध प्रकाश, अनिल कुमार जैन, शिव कुमार निर्भय मंजू कौशिक, महेंद्र अग्रवाल और कालोनी के अन्य निवासी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर कालोनी के गणमान्य लोगों ने घोषणा-पत्र में उठाए गए मुद्दे की सराहना की। इस अवसर पर वरिष्ठजनों ने कहा कि परिवर्तन समय की नियति होता है, कुछ बेहतर करने के लिए बदलाव होता रहना चाहिए। सभी में घोषणा-पत्र में उठाए उन सभी बंदुओं की प्रशंसा की जोकि कालोनी के विकास और उसकी प्रगति को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

# नरेला: अग्रवाल सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा भंडारे का आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बाहरी दिल्ली के नरेला में अग्रवाल सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष में सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सुबह से ही लोग कतारबद्ध होकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते रहे।
साथ ही अग्रवाल सेवा संघ ट्रस्ट के पदाधिकारी ने सभी देशवासियों को नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। नरेला में नववर्ष उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नववर्ष पर सामाजिक धार्मिक संगठनों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में नरेला की पुरानी अनाज मंडी में अग्रवाल सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने पूरी श्रद्धा भाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान काफी संख्या में बच्चों से लेकर युवक-युवतियों की भीड़ भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए जुटी रही। इस अवसर पर अग्रवाल सेवा संघ के प्रधान कृष्ण कुमार बंसल ने सभी देशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी और कहा कि भंडारे जैसे आयोजनों से जहां आपसी स्नेह और सौहार्द बढ़ता है वहीं धार्मिक, आध्यात्मिक विषयों पर समाज में जागरूकता भी बढ़ती है। वही महासचिव पंकज गुप्ता ने भी देशवासियों को नववर्ष की बधाई दी एवं भाईचारे की कामना की।
भंडारे में अग्रवाल सेवा संघ ट्रस्ट के संस्थापक किशन दास गर्ग, प्रधान कृष्ण कुमार बंसल, महासचिव पंकज गुप्ता, कैशियर प्रदीप बंसल, नरेश गर्ग, नरेश बंसल, राहुल सिंघल, रामदत्त गोयल, मोहित गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, रामानंद गुप्ता, राहुल एरन, प्रदीप बंसल, रेणु प्रसाद बंसल, दीपक गर्ग, अनूप गर्ग, अमित गुप्ता, अमित गर्ग, संजीव भालोठिया, विकास बंसल, धर्मवीर गर्ग सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट ने देवेन्द्र यादव को पंजाब प्रभारी बनने पर दी बधाई







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**ऑल** इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट ने पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव को पंजाब का प्रभारी बनने पर बधाई दी। इस मौके पर ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय छजलान, राष्ट्रीय संगठन मंत्री दीपक बग्गा, दिनेश लोधी, जगदीश, जय भगवान, दिल्ली प्रदेश पदाधिकारी वेद जी, राजेंद्र गागोलिया सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने बताया कि देवेन्द्र यादव को पहले भी कांग्रेस पार्टी ने कई बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है, जिसे देवेन्द्र यादव ने बड़े ही मुस्तैदी से निभाया और संगठन को मजबूत करने का कार्य किया है। उन्होंने आगे बताया कि इस शुभ अवसर पर ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट ने समस्त देशवासियों को नववर्ष की भी शुभकामनाएं दी और कहा कि यह वर्ष आपके जीवन में ढ़ेरो खुशियां लाये और आप तरक्की करें।



भाजपा जिला केशवपुरम पूर्वांचल मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनने पर अनुज सिंह को बधाई देते हुए कुंदन कुमार।

# हम सबको मिलकर देश को विकसित राष्ट्र बनाना है: मंत्री ओम प्रकाश यादव

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल** । विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा सोमवार को महेंद्रगढ़ खंड के गांव दुलोठ अहीर व निम्बी, अटेली खंड के राता खुर्द व राता कलां, नारनौल खंड के भूषण खुर्द व शोभापुर तथा नांगल चौधरी खंड के अमरपुरा व बुढ़वाल गांव में पहुंची। इस मौके पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव भूषण खुर्द व शोभापुर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।



वहीं राता खुर्द व राता कलां में अटेली विधायक सीताराम यादव, निम्बी में पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा, अमरपुरा व बुढ़वाल में भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव व दुलोठ अहीर में पूर्व जिला प्रधान कंवर सिंह ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि अगले 25 वर्षों के दौरान हम सबको मिलकर इस देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा करना है। इसी उद्देश्य से सरकार हर गांव व हर व्यक्ति तक पहुंच कर आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ जोड़ा जा रहा है।

अटेली विधायक सीताराम यादव ने राता खुर्द में संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए पारदर्शी शासन दिया है। संकल्प यात्रा के दौरान पात्र नागरिकों को मुफ्त में गैस कनेक्शन दिए जा रहे हैं लेकिन जो लाभार्थी अभी तक छूट गए हैं, उनके आवेदन भी मौके पर ही करवाए जा रहे हैं। आवेदन के लिए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के कर्मचारी इन गरीबों के कागजात भी पूरे करवा रहे हैं।

निम्बी गांव में मुख्य अतिथि रामबिलास शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आज सरकारी योजनाएं लेकर सरकार आपके द्वारा पहुंची है। यह यात्रा गांव-गांव जाकर गरीब लोगों के आर्थिक उत्थान के लिए कार्य कर रही है। भारत विकसित यात्रा राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, फैमिली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी व स्वस्थ संबंधित सेवाएं दे रही है।

# नववर्ष पर श्रीराम हनुमान गुणगान प्रचार मंडल ने किया सुंदरकांड पाठ

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल**। श्रीराम हनुमान गुणगान प्रचार मंडल द्वारा रविवार रात नववर्ष आगमन को लेकर महेंद्रगढ़ रोड स्थित शिव कालोनी में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आचार्य क्रांति निर्मल शास्त्री के सानिध्य में आयोजित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम पंडित योगेश ने यजमान गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान राकेश मेहता एडवोकेट को परिवार सहित पूजन करवा बाबा की ज्योति प्रज्ज्वलित करवाई गई। इसके बाद गायत्री मंत्र व रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया जिसमें पंडित महेश शर्मा, विजय हल्दिया, योगेश शर्मा, दीपक शर्मा द्वारा सुंदरकांड के दौहे



व चौपाईयों मधुर स्वर के साथ गायन किया गया। सुंदरकांड पाठ समापन के बाद भजनों के माध्यम से भी बालाजी का गुणगान किया गया। भजनों के अंत में आचार्य क्रांति निर्मल ने एडवोकेट राकेश मेहता व कोविद के जन्मदिन पर बधाई भजन भी सुनाया। इस मौके पर गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान राकेश मेहता एडवोकेट ने कहा कि यह अंग्रेजी नववर्ष हमारा नहीं है परन्तु फिर भी हमारे देश में यह मनाया जाने लगा है। उन्होंने कहा कि यदि हम इस नववर्ष को मनाते भी है तो उसमें हमारी संस्कृति की झलक नजर आनी चाहिए जिसे लेकर हमने सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया।

# अनुशासन से स्वस्थ जीवनशैली और संयंत्रित सोच का पालन कर सकते हैं

**मुख्य अतिथि**

**8 राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन मुख्य अतिथि समाजसेवी संजीव शर्मा रहे**

**टीम एक्शन इंडिया /पानीपत , कमाल हुसैन**

आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पानीपत में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन मुख्य अतिथि समाजसेवी संजीव शर्मा रहे तथा विशिष्ट अतिथि विद्यालय की प्रबन्धक समिति के मैनेजर रामपाल जागलान तथा राजेश घनगस रहे। एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार व प्राचार्य मनीश घनगस द्वारा सभी मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को बुक्के देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजीव शर्मा ने एन एस एस के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन के द्वारा हम समय प्रबंधन कार्यों की नियमितताए स्वस्थ जीवनशैली और संयंत्रित सोच का पालन कर सकते हैं।

यह हमें अपनी आत्म.नियंत्रण में मदद करता है और समाज में उच्च स्थान प्राप्त करने के लिए आवश्यक है। अनुशासन का पालन करने से हम अपनी क्षमताओं को विकसित करते हैं और अपने जीवन में संतुष्टि और सफलता प्राप्त करते हैं।

अनुशासन व्यक्ति को सफलता की ओर ले जाने का मार्ग दशार्ता है।




यह उन्नतिए संगठन क्षमताए समय प्रबंधनए और उच्चतम स्तर की प्रदर्शन को संभव बनाता है। जब व्यक्ति अपने कार्यों को आयोजित और नियमित रूप से करता हैए तो उसे अपने लक्ष्यों की प्राप्ति में अधिक सफलता मिलती है।

प्रबन्धक रामपाल जागलान ने कहा कि नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैंए परंतु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरंतर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकतावाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट.घुटकर ही सांस ले पा रही है। यह स्थिति तब है जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिली है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आकलन संभव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान हैए जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि नैतिकता के बिना एक व्यक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है।

राजेष घनगस ने कहा कि मानव जीवन में संस्कारों का अत्यधिक महत्त्व है । संस्कारों का सर्वाधिक महत्त्व मानवीय चित्त की शुद्धि के लिए है ।

संस्कारों के द्वारा ही मनुष्य का चरित्र निर्माण होता है और विचारों के अनुरूप संस्कारय क्योंकि चरित्र ही वह धुरी हैए जिस पर मनुष्य का जीवन सुखए शान्ति और मान सम्मान को प्राप्त करता है । संस्कार के द्वारा मानव चरित्र में सद्गुणों का संचार होता हैए दोष दुर्गुण दूर होते हैं ।

कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि सांययकालीन सत्र की रूपरेखा बताते हुए कहा कि सांयकाल में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल गतिविधियॉ करवाई जाएगीं ताकि शरीर स्वस्थ बना रहे।

## विधायक ने किया जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडियां/गन्नौर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने की गारंटी के साथ ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को मलिकपुर व कुराड़ इब्राहिमपुर में पहुंची और लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ देते हुए जागरूक किया। संकल्प यात्रा के तहत आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बडौली ने किया। कुराड़ इब्राहिमपुर में पहुंचने पर विधायक का पूर्व प्रधानाचार्य हरज्ञान आंतिल व गांव के सरपंच मंजीत आंतिल, कुलदीप आंतिल ने बूके देकर स्वागत किया।

# पत्रकार की माता के निधन पर लोगों ने दी श्रृद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**

महेंद्रगढ़ । हरियाणा पत्रकार संघ के जिला प्रधान प्रदीप बालरोड़िया की माता के निधन पर सोमवार को राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी।

मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि जीवन और मरण प्रकृति का नियम है ,जिसे टाला नहीं जा सकता। माता का स्थान सर्वोपरी होता है। उनकी कमी को कभी पूरा नहीं किया जा सकता ' संतान का कर्तव्य है कि वह अपने माता-पिता द्वारा दिए गए संस्कारों पर चलकर परिवार व समाज को आगे बढ़ाने में अपना



योगदान दें। इस अवसर पर पूर्व जिला प्रमुख भाई रामसिंह, कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन राव रामकुमार, जिला पार्षद जीवन राव, बार एसोसिएशन कनीना के प्रधान एडवोकेट सुनील रामबास, सत्यवीर झुकिया, राधेश्याम गोमला, नपा चेयरमैन रमेश सैनी, सुरेंद्र बंटी , प्राचार्य सुधीर लाम्बा, डॉ महेश यादव, विजेंद्र ढिल्लो, शैलजा यादव,देवेंद्र हुडीना, प्रेस क्लब नारनौल प्रधान असीम राव,एसडीओ के-के यादव , डॉक्टर वीरसिंह यादव , सतवीर यादव एडवोकेट, चेयरमैन सतपाल बलायचा, अजय सिगड़िया, पूर्व जिला पार्षद कालू टांडू ,पूर्व जिला पार्षद कुलदीप सुरजनवास, सरपंच ओमकार यादव , पूर्व सरपंच परमजीत यादव, सरपंच प्रतिनिधि अनिल यादव झुक, पैक्स प्रबंधक सुरेंद्र यादव, रामपाल बोहरा , सुरेश लावनिया सहित अनेक लोगों ने पहुंच कर श्रद्धांजलि दी।

# महाराणा प्रताप नेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में वैभव ने जीता सिल्वर पदक

**टीम एक्शन इंडियां/सोनीपत**

26 दिसंबर से 28 दिसंबर 2023 तक जयपुर राजस्थान के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित महाराणा प्रताप नेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत के खिलाड़ी वैभव वशिष्ठ ने 78 किलोग्राम भारवर्ग में सिल्वर पदक जीता।

इस चैंपियनशिप में देश भर के लगभग सभी राज्यों से 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। वैभव वशिष्ठ की इस उपलब्धि पर स्कूल के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग एवं



प्रधानाचार्या आशा गोयल ने शुभकामनाएं दी और वैभव को भविष्य में भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# जाखोली गांव में व्हीलचेयर और बुजुर्गों को वॉकर देकर पुण्य कमाया



समाजसेवी प्रतीक राजकुमार शर्मा फाऊंडेशन के माध्यम से व्हीलचेयर और बुजुर्गों को वॉकर देते हुए।

**टीम एक्शन इंडियां/राई**

हलके के गांव जाखोली में नव वर्ष के उपलक्ष्य में समाजसेवी प्रतीक राजकुमार शर्मा ने व्हीलचेयर और बुजुर्गों को वॉकर देकर पुण्य कमाया। गांव के ओमप्रकाश मास्टर और मिथलेशको वॉकर दिए गए।

प्रतिक शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि राजकुमार शर्मा फाऊंडेशन का सेवा करना ही लक्ष्य है। जिसके माध्यम से राई हलके में विभिन्न समाजसेवा के कार्य किए जा रहे है। शर्मा ने कहा कि हरिद्वार, गंगा स्नान व अन्य तीर्थ यात्रा निशुल्क बुजुर्गों व महिलाओं को करवाई जा रही है। कालेज जाने वाली लड़कियों के लिए निशुल्क बस की सुविधा है। हलके के सभी गांवों में आंखों के निशुल्क जांच के बाद

**समाजसेवा**

**8 -समाजसेवी प्रतीक राजकुमार शर्मा फाऊंडेशन के माध्यम से कर रहे है समाजसेवा**

आप्रेशन योग्य बुजुर्गों के निशुल्क आप्रेशन करवाए जा रहे है। इसके अलावा दिव्यांगों व बुजुर्गों को फ्री व्हील चेयर देने का काम उनकी संस्था कर रही है। प्रतिक शर्मा ने कहा कि उनका प्रयास है कि समाजसेवा के द्वारा गरीब व जरूरतमंद लोगों को फायदा पहुंचे। इसके लिए संस्था गांव-गांव जाकर कार्य करती है। इस मौके पर कौशिल्या चौहान, अनीता, रामवती, सुदेश, गीता, कांता, बाला आदि मौजूद थे।

# पीकेजी ग्रुप को मिला बेस्ट बिजनेस एंड इंजीनियरिंग स्कूल अवार्ड 2023

**पानीपत, कमाल हुसैन**

पीकेजी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने नए वर्ष का आगाज एक बड़े धमाके के साथ किया है। नववर्ष की शुरूआत में ही पीकेजी ग्रुप को एशिया क्वालिटी अवॉड्र्स की तरफ से बेस्ट बिजनेस एंड इंजीनियरिंग स्कूल अवार्ड प्रदान किया गया। इस अवॉर्ड सेरेमनी का कार्यक्रम होटल रेडडिसन ब्लू, द्वारका, नई दिल्ली में किया गया जिसमे विभिन्न राज्यों के टॉप कॉलेज का नामांकन किया गया था । परंतु अंत में पीकेजी ग्रुप ने सभी निर्धारित मानकों पर खरा उतरते हुए इस शानदार अवार्ड को अपने नाम कर लिया। मशहूर फैशन अभिनेत्री एवं मॉडल मुग्धा गोडसे ने यह अवार्ड पीकेजी ग्रुप चेयरमैन एंड सीईओ गौरव जैन और डायरेक्टर डा. राजेश गार्गी को प्रदान किया। एमडी गीता जैन और प्रिंसिपल सुरेश जांगड़ा ने बताया कि पीकेजी ग्रुप कई वर्षो से शैक्षणिक मानकों पर अपनी गुणवत्ता साबित करता आ रहा है और पीकेजी ग्रुप सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य को लेकर प्रतिबद्ध है। पीकेजी ग्रुप के सभी स्टाफ मेंबर ने एक दूसरे को इस अवसर पर बधाई दी और भविष्य में और भी अधिक जोश और उमंग के साथ काम करने का प्रण भी लिया।

# सुख व समृद्धि की कामना से हवन-यज्ञ का आयोजन

**टीम एक्शन इंडियां/समालखा ( कुलदीप सिह )**

कड़ाके की ठंड मे कई बार एक माह तक 108 मटको की जलधारा की तपस्या पूर्ण कर चुके श्री धूणा गोरख नाथ मंदिर देहरा के भगत विनोद नाथ द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस बार भी नये साल के मौके पर सोमवार को सर्वसमाज की सुख व समृद्धि की कामना से हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमे भारी संख्या मे श्रद्धालुओ ने आहूति डाली। इस मौके पर भगत विनोद नाथ ने नाथ समप्रदाय की उत्पति एवं कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत मे जब तांत्रिको व साधको के चमत्कार



एवं आचार विचार की बदनामी हो रही थी ओर साधको को शाक्त मद्य मांस तथा स्त्री संबंधी व्यभिचारो के कारण घृणा की दृष्टि से देखा जाने लगा था तथा योगिक क्रियाएं भी मंद पड ? लगी थी। तब इन यौगिक क्रियाओ के उदार व मानव कल्याण के लिए नाथ समप्रदाय का उदय हुआ था। तभी से लेकर नाथ समप्रदाय मानव कल्याण के प्रति समर्पित है। उन्होने बताया कि गुरू रामनाथ व नफे सिंह रामनाथ की मार्गदर्शन मे उनकी तपस्या पूर्ण हैं. हवन-यज्ञ के उपरांत अटूट भंडारे का भी आयोजन किया गया तथा मंदिर की ओर से (216 महिलाओं व 50 पुरूषों) गरीब व जरूरतमंद लोगों को कंबल आदि गर्म वस्त्र वितरित किए गए. इस मौके पर संजय सैनी, आनन्द, ओमप्रकाश, रणधीर पावटी, रमेश डिकाडला, संदीप, कप्तान कैथल, साहब सिंह जींद, धर्मपाल नरायणा, सुभाष, हरिओम महावटी, मोहन लाल सैनी, अरविन्द आट्टा आदि मौजूद रहे।

# सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

**समाजसेवा**

**8 - सोमवार को गांव शेखपुरा व सैंयाखेडा में पात्र लाभार्थियों को किया गया लाभान्वित**

**टीम एक्शन इंडिया/ गन्नौर**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सोमवार को गांव शेखपुरा व सैंया खेड़ा में पहुंची। यात्रा के गांव में पहुँचने पर गन्नौर विधायक निर्मल चौधरी ने व एसडीएम गन्नौर निर्मल नागर ने ग्रामीणों संग यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संदेश भी सुनाया गया। यात्रा के आयोजन का मुख्य मकसद जरूरतमंद और पात्र लोगों



विधायक निर्मल चौधरी व नपा चेयरमैन अरूण त्यागी महिलाओं को फल देते हुए

को योजनाओं का लाभ दिलाना है, जिसे विभिन्न विभागों की ओर से सुनिश्चित किया जा रहा है। विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्ल अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए शुरू की गई है। यात्रा को लेकर समय-समय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मार्गदर्शन अद्भुत रहा है और अब तो यह समय आ गया है कि पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी में अपना विश्वास जता रहा है। यह कार्यक्रम जरूरतमंद व विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गए पात्र लोगों के लिए मददगार साबित हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान पात्र लाभार्थियों को सरकार की विभिन्न प्रकार की योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जहां एक तरफ महिलाओं को सही पोषण, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, बच्चों के स्वास्थ्य बारे, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की जानकारी देने के साथ-साथ छोटे बच्चों का वजन मापा और सही पोषण की जानकारी दी।

# लॉर्ड कृष्णा स्कूल पावटी रोड़ पर नव वर्ष बडी धूमधाम से मनाया गया

**टीम एक्शन इंडियां/समालखा ( कुलदीप सिह )**

लॉर्ड कृष्णा स्कूल पावटी रोड़ पर नव वर्ष बडी धूमधाम से मनाया गया।

और हवन यज्ञ किया गया व लॉर्ड कृष्णा भगवान के नाम का केक काटा गया। सभी टीचरों ने एक दुसरे को बधाई दी और सभी ने मिलकर नए साल पर डास किया इस अवसर पर स्कूल के प्रबन्धक, सुरेन्द्र ने कहा की हवन यज्ञ से हवा सुध होती है इस मौके पर नितेश, ज्योति, मोनिका, जसबीर पूनम, "म



नीशा विनिता, नीशा, काजल, शालू आदि उपस्थित रहे

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 02 जनवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# श्रद्धेय माँ हीराबेन मोदी जी की प्रथम पुण्यतिथि पर स्मृति कार्यक्रम आयोजित

**मां हीराबेन को आदर्श की प्रतीक के रूप में जाना जाएगा: श्याम जाजू** | **मां हीराबेन ने मोदी जी से कहा ईमानदारी जैसी पूंजी को अपने पास रखना और गरीबों को भला करना : डॉक्टर आदिश अग्रवाल**













**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**धैर्य-सेवा**-समर्पण-त्याग और स्नेह की साक्षात प्रतिमूर्ति सागर समतुल्य श्रद्धेय-आदरणीय हीराबेन जैसी उस माँ की पावन स्मृतियों को प्रथम पुण्यतिथि को सादर समर्पित 'निर्वाण दिवस' के रूप में मनाया गया।

जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरियासी माता और मातृभूमि दोनों ही स्वर्ग से बढ़कर हैं ये संस्कृत का एक श्लोक, कथन भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू ने माँ हीराबेन मोदी जी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र के संयोजन में अमृतकाल नील ग्लोबल फाउंडेशन एवं सीपीडब्लूडी द्वारा अयोजित राष्ट्रीय स्मृति संगोष्ठी **'हीराबेन : माँ की ममता और स्नेहिल छाया'** दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कहा। मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर आदिश सी अग्रवाल ने कहा की माँ हीराबेन मोदी जी की प्रथम पुण्यतिथि में शामिल होकर गौरान्वित महसूस कर रहा हूं। अपनी माँ हीराबेन के आदर्शवाद और आशीर्वाद के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी मातृभूमि और देश के आम और गरीब लोगों के लिए निर्णय लेने में असाधारण प्रेम, समर्पण और दृढ़ता दिखाई है। भाजपा महिला मोर्चा के दिल्ली के उपाध्यक्ष योगिता सिंह कहा की अपने बेटे के दुनिया के सबसे शक्तिशाली नेताओं में से एक होने के बावजूद मां हीराबेन बहुत ही साधारण जीवन जीती थीं। उसने कभी कोई आभूषण नहीं पहना और शायद ही उनके नाम पर कोई संपत्ति थी। नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र एवं अमृतकाल नील



ग्लोबल फाउंडेशन द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ब्लॉग के १३ भाषाओं में एक पुस्तक 'मां' का संपादन प्रोफेसर जसीम मोहम्मद द्वारा किया गया और मातृत्व दिवस के उपलक्ष में स्मारिका 'माँ' का विमोचन किया गया। विशिष्ठ अतिथि नरेला के पूर्व विधायक नीलदमन खत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपने माता जी पर लिखे ब्लॉग पर पर चर्चा करते हुए कहा की, माँ हीराबेन ने अपने बेटे से कहा ईमानदारी जैसी पूंजी को अपने पास रखना और गरीबों को भला करना। उन्होंने नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र के इस संगोष्ठी अयोजित करने की प्रसंशा किया। अतिथि जज राजेंद्र धर एवं पंजाब भाजपा के प्रवक्ता चेतन मोहन जोशी ने कहा की, भगवान ने माँ को धरती पर भेजा। माँ हीराबेन मोदीजी प्रेरणा की दरिया थी। उसी आदर्श ने आज नरेंद्र मोदी जी को नवभारत के निर्माण करने का पथ पर लाया है। उन्होंने कहा की माँ हीराबेन ने मोदी जी से कहा था कर्म करो बुद्धि से जीवन जियो शुद्धि से।


पूर्व काउंसलर प्रत्याशी केशरानी नीलदमन खत्री एवं प्रो दिव्या तंवर ने कहा की, हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को देखा है, उनके ब्लॉग भी पढ़ा है। उन्होंने कहा की, मोदी जी दुनिया के सबसे बड़े नेता बन गए उसके बाद भी माँ हीराबेन ने अपने पैसे जमा कर पांच हजार रुपया जब रखें तब माँ की ममता दिखाई देती है। उन्होंने कहा की, माँ हीराबेन को आदर्श की प्रतीक के रूप में जाना जाएगा।

इस अवसर पर नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र के सभापति प्रो जसीम मोहम्मद ने कहा की, मां हीराबेन मोदीजी के जीवन जो लचीलेपन की प्रतीक थी, उन्हे स्वच्छता में लगे लोगों के प्रति गहरा सम्मान, उन्हे दूसरों की खुशी में खुशी तलाशना, मां हीराबेन ने जीवन का एक पाठ पढ़ाया एक कर्तव्यपरायण नागरिक, एक अत्यंत सरल जीवनशैली को अपनाना, वर्तमान घटनाक्रमों की जानकारी रखना, इतनी उम्र के बावजूद अच्छी स्मरण शक्ति, दूसरों की पसंद का सम्मान करना, गरीब कल्याण पर ध्यान, जीवन का मंत्र-कठोर परिश्रम, हीराबेन मातृशक्ति की प्रतीक है। जसीम मोहम्मद कहा की, श्रद्धेया मां हीराबेन मोदीजी ने देश की निष्काम- अहृनिश सेवा के लिए एक ऐसे व्यक्तित्व नरेंद्र मोदी को आकार देकर सँवार दिया, जो भारत का ही नहीं, पूरी दुनिया का सिरमौर बन गया है। कार्यक्रम को सफल बनाए जाने में संस्था की निकहत परवीन, रेहाना रहीम, संदीप राय, नदीम वारिस, इस्मत चुगताई, जावेद रहमानी, प्रेरणा भाटिया , अलीशा जैनब, मरियम हारून, विक्रमादित्य सिंह मौजूद थे।





धैर्य-सेवा-समर्पण-त्याग और स्नेह की साक्षात प्रतिमूर्ति सागर समतुल्य श्रद्धेया -आदरणीय हीराबेन। जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरियासी माता और मातृभूमि दोनों ही स्वर्ग से बढ़कर हैं।
**-पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू**



माँ हीराबेन ने अपने बेटे से कहा ईमानदारी जैसी पूंजी को अपने पास रखना और गरीबों को भला करना। उन्होंने नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र के इस संगोष्ठी अयोजित करने की प्रशंसा किया।
**नरेला के पूर्व विधायक नीलदमन खत्री**



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** दुनिया के सबसे बड़े नेता बन गए उसके बाद भी माँ हीराबेन ने अपने पैसे जमा कर पांच हजार रुपया जब रखें तब माँ की ममता दिखाई देती है।
**पूर्व निगम पार्षद केशरानी नीलदमन खत्री**



**अखिल भारतीय हलबा, हल्बी आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ केंद्रीय महासभा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को दी नव वर्ष की शुभकामनाएं।**

## यूपी में नए कानून का चौतरफा विरोध, हर जगह चक्का जाम

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर**
**दुर्घटना के न**ए कानून के विरोध में सोमवार को चालक सड़क पर उतर आए। कानपुर-प्रयागराज हाईवे में दोपहर तीन बजे चालकों ने जाम लगाकर आने-जाने वाले वाहनों को रोक दिया। उपजिलाधिकारी व सीओ मौके पर पहुंच कर ट्रक चालकों को समझा रहे है। उधर, रोडवेज की सभी बसें दिनभर वर्कशाप में खड़ी रहीं, जो चालक बस चलाने को राजी भी थे विरोध कर रहे चालकों ने उनकों रोक दिया।

## '2024 में आईएनडीआईए के लोगों का खाता भी नहीं खुलेगा'

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**भाजपा प्रदेश** अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने भी लालू के घर के बाहर लगे पोस्टर को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जिसको जो गुलामी कटनी है कटने दीजिए। जिस पार्टी का होर्डिंग-पोस्टर है, उसमें एक राजा है; एक रानी है, कई राजकुमार हैं और कई राजकुमारी हैं। पहले उनको अपनी पार्टी की हैसियत समझनी चाहिए फिर दूसरे की बात करनी चाहिए।

**20 साल इंतजार करना होगा :** तेज प्रताप यादव के दीपोत्सव



मनाने को लेकर दिए गए बयान पर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अभी 20 साल इंतजार करना पड़ेगा। बता दें कि तेज प्रताप ने मीडिया से कहा था कि जब आईएनडीआईए का झंडा केंद्र में लहराएगा तब राम राज्य आएगा।

**गुंडाराज से मुक्ति दिलाएगी भाजपा, अपराधी बिहार छोड़** देंगे: इधर, सीतामढ़ी में एक पुलिस कर्मी के महिला पर लाठी चलाने के मामले को लेकर सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में बालू माफिया, शराब माफिया और जमीन माफिया.. गुंडाराज स्थापित हो गया।

**निशाने पर...**

**बिहार में बालू माफिया, शराब माफिया और जमीन माफिया.. गुंडाराज स्थापित हो गया: सम्राट चौधरी**

## वृंदावन में खुला देश का पहला कन्या सैनिक स्कूल

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**देश** का पहला कन्या सैनिक स्कूल सोमवार को वृंदावन में खुला। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वात्सल्य ग्राम में इसका लोकार्पण किया। साध्वी ऋतंभरा के जीवन के 60 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित षष्ठी पूर्ति महोत्सव के दौरान स्वामी परमानंद प्राकृतिक चिकित्सालय का भी लोकार्पण योग गुरु रामदेव ने किया। साध्वी ऋतंभरा द्वारा स्थापित वात्सल्य ग्राम परिसर में समविद् गुरुकुलम बालिका सैन्य विद्यालय आरंभ हो गया। वात्सल्य ग्राम के प्रवक्ता डॉ. उमाशंकर राही ने बताया कि विद्यालय में 120 सीटें हैं। दाखिला के लिए राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी परीक्षा कराती है। आगामी 21 जनवरी को लिखित परीक्षा होगी, जिसमें सफल अभ्यर्थियों की ई-काउंसिलिंग होगी और मेरिट लिस्ट बनेगी। सत्र अप्रैल से शुरू होगा।

## भू-कानून को लेकर यूकेडी का धरना

**टीम एक्शन इंडिया/कोटद्वार**
उक्रांद जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्र बड़थ्वाल के नेतृत्व में उक्रांद कार्यकर्त्ता तहसील परिसर में धरने पर बैठे और प्रदेश सरकार की नीतियों के विरोध में नारेबाजी करने लगे। दल के जिला प्रभारी महेंद्र सिंह रावत ने कहा कि राज्य बनने के बाद राज्य की परिसंपत्तियों पर बाहरी प्रदेशों के लोगों का कब्जा हो गया है।

**राज्य गठन के बाद सरकारों ने नहीं बनाया कोई भू-कानून:** राज्य गठन के बाद प्रदेश में बनी सरकारों ने अपना कोई भू-कानून



नहीं बनाया, जबकि उत्तराखंड क्रांति दल हिमाचल की तर्ज पर प्रदेश में भी सशक्त भू-कानून लागू करवाने की मांग करता आ रहा है। प्रदेश में सत्तासीन सरकारों ने अपने हितों को देखते हुए भू-कानून को लागू नहीं किया, जिसका खामियाजा प्रदेशवासियों को

**सीएम ने चेताया**

**नववर्ष के प्रथम दिन कड़ाके की ठंड में भी आयोजित हुआ जनता दर्शन**

## जनता की समस्याओं पर तत्काल हो कार्रवाई, हीलाहवाली अक्षम्य : योगी

**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**
**नववर्ष** के पहले दिन कड़ाके की ठंड के बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इसमें हीलाहवाली अक्षम्य होगी। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान नए साल के पहले दिन सोमवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



ने जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रतिकूल मौसम को देखते हुए इस बार जनता दर्शन का आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में किया गया। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक फरियादी से मिले। जनता दर्शन में एक महिला ने दबंग द्वारा मारे-पीटे जाने की पीड़ा बताई तो मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए।

**जनसुनवाई**

**सीएम ने अधिकारियों को चेताया कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए**

